

सूर्योदय प्रातः 6:32 | सूर्यास्त संध्या 5:23 | पखवाड़ा पौष शु. पूर्णिमा, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 23° न्यूनतम 12°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, सोमवार, 13 जनवरी 2025, वर्ष : 15, अंक : 329, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter


## शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,378.91 | -241.30 (-0.31%) |
| निफ्टी | 23,431.50 | -95.00 (-0.40%) |

## सर्राफा बाजार

प्रति 10 ग्राम

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 78,700.00 |
| चांदी | 1010.00 |

## एक झलक

कांग्रेस का वादा

### दिल्ली के युवाओं को 01 साल की अप्रेंटिसशिप व हर महीने 8500 रुपये

**नयी दिल्ली** : कांग्रेस ने सत्ता में आने पर दिल्ली के बेरोजगार युवाओं को 01 साल अप्रेंटिसशिप और साथ में साढ़े 08 हजार रुपये देने का वादा किया है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने रविवार को पार्टी की ओर से युवा उड़ान योजना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कोशिश यह रहेगी कि युवा वहीं रोजगार भी पा जायें। पायलट ने कहा कि रोजगार का निर्माण करना किसी भी सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, लेकिन केन्द्र और राज्य की दोनों सरकारों ने बेरोजगारों को नजरअंदाज किया। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली में राजनीति सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप की रह गयी है, लेकिन अब लोग बेहतर विकल्प चाहते हैं। हमें उम्मीद है कि आनेवाले चुनावों में जनता कांग्रेस को चुनेगी और सरकार बनायेगी।

### खनौरी बॉर्डर पर फरीदकोट के किसान की मौत

**चंडीगढ़** : पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर बीते 10 माह से आन्दोलन में शामिल एक किसान की रविवार को मौत हो गयी। चार दिन पूर्व तबीयत बिगड़ने पर किसान को पटियाला के राजिंद्रा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मृतक किसान की पहचान जिला फरीदकोट निवासी जग्गा सिंह (80) के रूप में हुई है। इनके पांच बेटे और एक बेटी हैं। राजिंद्र अस्पताल की तरफ से जारी की गयी जानकारी के अनुसार 8 जनवरी को सीने में दर्द के चलते जग्गा सिंह को अस्पताल में लाया गया था, जहां रविवार की सुबह उनकी मौत हो गयी। अस्पताल प्रबंधन ने शव का पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए परिजनों को सूचित कर दिया है। इससे पूर्व 09 जनवरी को शम्भु बॉर्डर पर एक किसान ने सल्फास निगल कर सुसाइड कर लिया था।

### आठ लाख की इनामी नक्सली राजे कांगे गिरफ्तार

**कांकेर** : जिले के कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कौड़ोसाल्हेभाट गांव से 25 लाख का इनामी नक्सली प्रभाकर की पत्नी राजे कांगे को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। रावघाट एरिया कमेटी की प्रभारी आठ लाख रुपये की इनामी राजे कांगे डीवीसीएम रैंक की नक्सली है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सली राजे कांगे एक ग्रामीण के घर में छुपी थी। शरण देनेवाले नक्सल समर्थक श्यामनाथ उसेंडी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## अंदर के पन्नों पर


3 स्वामी जी का जीवन आत्मविश्वास व परिश्रम...

5 उदय काली मंदिर पूजा कमेटी ने किया कम्बल...

7 उदय काली मंदिर पसंवाद, सामर्थ्य और समृद्धि...

9 मुख्यमंत्री ने मधुबनी जिले को दी 1107 करोड़...

10 मैरीयल स्पामो ने जीता महिला वर्ग का खिताब...


# जयंती पर याद किये गये स्वामी विवेकानंद...राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व गृहमंत्री ने किया नमन



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री ने रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। महान भारतीय संत, दार्शनिक और समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में हुआ था। स्वामी विवेकानंद की शिक्षाएं और विचार आज भी प्रासंगिक हैं और उन्हें भारत के एक महान सुपुत्र के रूप में याद किया जाता है। उनकी जयंती 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनायी जाती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, 'स्वामी जी ने भारत के महान आध्यात्मिक संदेश को पश्चिमी दुनिया तक पहुंचाया। उन्होंने भारत के लोगों में एक नये आत्मविश्वास का संचार किया। स्वामीजी ने युवाओं को अपनी क्षमता उजागर करने, राष्ट्र-निर्माण की दिशा में काम करने और मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उनकी विरासत दुनियाभर के अनगिनत लोगों को प्रेरित करती रहती है।' उपराष्ट्रपति ने कहा, 'भारत के आध्यात्मिक ज्ञान के एक प्रतीक, स्वामीजी का तिष्ठित 1893 शिकागो सम्बोधन भारत के समावेशी लोकाचार को दर्शाता है। उन्होंने भारतीयों को गर्व, आत्म-विश्वास और मानवता की सेवा के आह्वान से प्रेरित किया। युवाओं से उनका आह्वान-'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाये' - आत्म-सशक्तीकरण के लिए एक कालातीत मंत्र बना हुआ है।' स्वामी विवेकानन्द को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'युवाओं के लिए एक शाश्वत प्रेरणा, वह युवा मन में जुनून

● शेष पृष्ठ 11 पर

## संतोष कुमार गंगवार ने स्वामी विवेकानंद को किया याद



**राज्यपाल** संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विवेकानंद की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर रविवार को लिखा, 'सभी देशवासियों को राष्ट्रीय युवा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। स्वामी विवेकानंद के आदर्श हमें सिखाते हैं कि हर युवा के भीतर बदलाव लाने की शक्ति है। आइए, इस दिन पर हम अपनी जिम्मेदारियों को समझें और एक समृद्ध, शक्तिशाली और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें।'

## हेमन्त सोरेन ने विवेकानंद की जयंती पर किया नमन



**मुख्यमंत्री** ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर रविवार को लिखा, 'देश की समृद्ध संस्कृति को विश्व पटल पर ले जानेवाले, युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शत-शत नमन। आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सभी को बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।'

# युवा शक्ति ही साकार करेगी विकसित भारत का सपना : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को देश के युवाओं को राजनीति में आने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि राजनीति अपने विचारों को लागू करने का सबसे शानदार माध्यम बन सकती है। प्रधानमंत्री ने रविवार 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर भारत मंडपम में आयोजित भारत युवा नेता संवाद 2025 में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान 30 लाख से अधिक प्रतिभागियों में से योग्यता के आधार पर बहुस्तरीय चयन प्रक्रिया से चुने गये 300 युवा नेताओं से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तीकरण, खेल, संस्कृति, स्टार्टअप, बुनियादी ढांचे आदि जैसे विषयों पर प्रेरक प्रस्तुतिया सुनीं। प्रधानमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि केवल बात करने से ही विकसित भारत नहीं बनेगा। हमारे पास 25 साल का स्वर्णिम समय है। इस अमृत काल में आत्मविश्वास से भरी युवा शक्ति ही विकसित भारत का सपना साकार करेगी।

स्वामी विवेकानंद को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें देश के नौजवानों पर बहुत भरोसा था। स्वामी जी कहते थे कि मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है, नयी पीढ़ी में है। स्वामी जी कहते थे कि उनके कार्यकर्ता नौजवान पीढ़ी से आयेंगे और वे हर समस्या का



पीएम ने कहा

■ राजनीति अपने विचारों को लागू करने का बन सकती है सबसे शानदार माध्यम

समाधान निकालेंगे। उन्होंने कहा, 'जैसे विवेकानंद जी का आप पर भरोसा था, मेरा विवेकानंद जी पर भरोसा है, मुझे उनकी कही हर बात पर भरोसा है।'

उन्होंने विकसित भारत का अर्थ समझाते हुए कहा कि यह आर्थिक, रणनीतिक, सामाजिक और संस्कृत रूप से सशक्त भारत है। इस विकसित भारत में कमाने और सीखने के भरपूर अवसर होंगे। दुनिया की सबसे बड़ी कौशल जनशक्ति होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश आज पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है और अगले दशक के अंत में यह 10 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जायेगा।

## प्रधानमंत्री ने विकसित भारत युवा नेता संवाद में प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भारत मंडपम में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 में प्रदर्शनी का दौरा किया। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने प्रतिभागियों से बातचीत की और उनकी परियोजनाओं को देखा। स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री देशभर के 3,000 गतिशील युवा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री दस विषयों पर प्रतिभागियों द्वारा लिखे गये सर्वश्रेष्ठ निबन्धों का संकलन भी जारी करेंगे। इन विषयों में प्रौद्योगिकी, स्थिरता, महिला सशक्तीकरण, विनिर्माण और कृषि जैसे विविध क्षेत्र शामिल हैं। प्रधानमंत्री युवा नेताओं के साथ दोपहर के भोज में शामिल होंगे, जिससे युवाओं को



प्रधानमंत्री के साथ अपने विचार, अनुभव और महत्त्वाकांक्षाएं सीधे साझा करने का अवसर मिलेगा। यह व्यक्तिगत बातचीत शासन और युवा आकांक्षाओं के बीच की खाई को पाटेगी, जिससे प्रतिभागियों के बीच स्वामित्व और जिम्मेदारी

● शेष पृष्ठ 11 पर

# शरद पवार-उद्धव ठाकरे को जनता ने उनकी जगह दिखा दी : अमित शाह

एजेंसी

**मुंबई** : केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को अहिल्यानगर जिले के शिर्डी में कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने शरद पवार और उद्धव ठाकरे को उनकी जगह दिखा दी है। उन्होंने कहा कि शरद पवार 1978 से छल-कपट की राजनीति कर रहे थे, उनकी राजनीति को जनता ने 20 फीट गहरे गड्ढे में दफना दिया और 2019 में बालासाहब ठाकरे के विचारों के साथ विश्वासघात करने और धोखाधड़ी की राजनीति करनेवाले उद्धव ठाकरे को भी सबक सिखाया है।

केन्द्रीय गृहमंत्री शाह आज शिर्डी में प्रदेश भाजपा की ओर से शिर्डी में आयोजित महाधिवेशन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव के कई मायने



हैं। इस चुनाव ने राजनीति की दिशा बदल दी है। इस चुनाव ने भाई-भतीजावाद की राजनीति करने वालों को करारा तमाचा लगाया है। साथ ही, इस चुनाव ने यह भी दिखा दिया है कि सिद्धांत की राजनीति से भाई-भतीजावाद पर विजय पायी जा सकती है। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे की शिवसेना ही असली बालासाहब की शिवसेना है और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ही असली राकांपा है। शाह ने कहा कि जब देवेन्द्र फडणवीस पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, तो उन्होंने महाराष्ट्र को सूखा मुक्त बनाने का सपना देखा था और उस पर काम भी शुरू किया था। अब अपने दूसरे कार्यकाल में मोदी जी और फडणवीस हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी विश्वास जताया कि अगले चुनाव में वोट मांगने आने से पहले खेतों तक पानी पहुंचा दिया जायेगा। भाजपा के सदस्यता पंजीकरण अभियान के बारे में उन्होंने पदाधिकारियों को अगले डेढ़ महीने में 1.5 करोड़ सदस्य पंजीकरण का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिये।

● शेष पृष्ठ 11 पर

## कटरा से प्रयागराज चलेंगी तीन विशेष ट्रेनें

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने रविवार को बताया कि प्रयागराज महाकुंभ के लिए माता वैष्णो देवी कटरा से तीन विशेष ट्रेनें संचालित की जाएंगी। डॉ. सिंह ने एक्स पोस्ट में कहा कि महाकुंभ में भाग लेने के लिए प्रयागराज के लिए विशेष ट्रेन की घोषणा की जा रही है। उन्होंने कहा कि रेलवे अधिकारियों ने महाकुंभ में भाग लेने वालों की सुविधा के लिए कटरा-प्रयागराज के बीच 3 विशेष ट्रेनों की योजना बनाई है। पहली विशेष ट्रेन 24 जनवरी के लिए तय की गई है जो कटरा श्री माता वैष्णो देवी रेलवे स्टेशन से

● शेष पृष्ठ 11 पर

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में दो महिला सहित 05 नक्सली ढेर

एजेंसी

**बीजापुर** : छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मद्देड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बंदेपारा-कोरंजेड नेशनल पार्क एरिया में रविवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो मिहिला सहित पांच वदीर्धारी नक्सलियों को जवानों ने ढेर कर दिया है। सर्चिंग में अब तक पांच वदीर्धारी नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। मारे गये नक्सलियों के शव के साथ मुठभेड़ स्थल से ऑटोमेटिक हथियार सहित अन्य हथियार एवं विस्फोटक पदार्थ व नक्सल सामाग्री बरामद हुआ है ' बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़



■ ऑटोमेटिक हथियार और विस्फोटक बरामद

की पुष्टि करते हुए बताया कि मौके से पांच वदीर्धारी नक्सलियों का शव बरामद हुआ है, मारे गये नक्सलियों की पहचान की जा रही है।

● शेष पृष्ठ 11 पर

## विवेकानंद के विचार भारत ही नहीं, पूरे विश्व के लिए प्रेरणास्रोत : राज्यपाल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रविवार को कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन और उनके विचार केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

राज्यपाल युगपुरुष स्वामी विवेकानंद की जयंती पर रामकृष्ण मिशन आश्रम के तत्वावधान में आयोजित 54वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने रामकृष्ण मिशन आश्रम की ओर से स्कूली विद्यार्थियों एवं



कॉलेज छात्रों के लिए आयोजित क्विज, निबंध आदि प्रतियोगिताओं की सराहना की और सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। साथ ही, स्वामी विवेकानंद के आदर्श 'मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है' का उल्लेख करते हुए मिशन के शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण और सामाजिक कल्याण के कार्यों की सराहना की।

● शेष पृष्ठ 11 पर

## ट्रम्प के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे विदेश मंत्री

**नयी दिल्ली** : पिछले साल 5 नवबंर को हुए अमेरिकी राष्ट्रपति पद के चुनाव में निर्वाचित होने वाले डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर करेंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक ट्रम्प-वेंस उद्घाटन समिति के निमंत्रण पर विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री

● शेष पृष्ठ 11 पर

## प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी का एरिया कमांडर समेत दो गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बुढ़मू** : पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बुढ़मू थाना क्षेत्र के चौनगढ़ा से प्रतिबंधित टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर सुनील मुंडा उर्फ भरत जी को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। सुनील मुंडा पुलिस के साथ तीन देशी पिस्टल, छह जिंदा गोली, एक मोबाइल और राउटर बरामद किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस उप-महानिरीक्षक-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन कुमार सिन्हा को गुप्त सूचना मिली कि



प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी का एरिया कमाण्डर सुनील मुण्डा उर्फ भरत जी अपने दस्ता सदस्यों के साथ बुढ़मू थाना क्षेत्र के चौनगड़ा खुटेर मैदान में किसी उग्रवादी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुआ है। सूचना का सत्यापन एवं

● शेष पृष्ठ 11 पर

# महाकुम्भ आज से शुरू, यहां जानें पहले शाही स्नान का शुभ मुहूर्त व महत्त्व

एजेंसी

**प्रयागराज** : प्रयागराज में महाकुम्भ की शुरुआत 13 जनवरी सोमबार से हो रही है। महाकुम्भ का समापन महाशिवरात्रि के दिन 26 फरवरी को होगा। धार्मिक आस्था का केन्द्र महाकुम्भ मेले का महत्त्व ज्योतिषीय आधार पर भी है। यही कारण है कि महाकुम्भ मेले में देश-विदेश से लाखों लोग सम्मिलित होने आते हैं।

महाकुम्भ मेले में धार्मिक आस्था और संस्कृति का एक अनूठा संगम होता है। यही कारण है कि प्रयागराज में इन दिनों भारत के कोने-कोने से लोग तो आते ही हैं, बल्कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में लोग शरीक होते हैं। मेले का यह



आयोजन सभी समुदाय के लोगों को आकर्षित करता है। इस विश्वव्यापी महाकुम्भ मेले की शुरुआत 13 जनवरी से प्रयागराज में शुरुआत हो रही है। कुम्भ का महत्त्व इसलिए भी विशेष है, क्योंकि यह 12 साल में महज एक बार ही आता है, जिसका आयोजन भारत के चार प्राचीन शहरों हरिद्वार, नासिक, प्रयागराज और उज्जैन में किया जाता है। प्रयागराज संगम के पवित्र जल में महाकुम्भ के स्नान और पूजा-अर्चना का सबसे बड़ा अवसर होता है। धार्मिक मान्यताओं और आस्था के अनुसार कुम्भ मेले में स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है और मन व मस्तिष्क में दबी कुंठाओं से छुटकारा मिल जाता है।

### समुद्र मंथन और कुम्भ

**मान्यतानुसार** समुद्र मंथन से निकले अमृत को पाने के लिए देवताओं और राक्षसों के बीच 12 वर्षों तक युद्ध चला था। इस युद्ध के दौरान अमृत कलश से जिन स्थलों पर अमृत की बूंदें गिरीं, वहां कुम्भ मेले का आयोजन किया जाता है। युद्ध 12 वर्षों तक चलने के कारण ही कुम्भ भी हर 12 वर्ष में एक बार आता है।

### स्नान का समय

**महाकुम्भ** का पहला शाही स्नान पूर्णिमा के शुभ अवसर पर होना बताया गया है। हिन्दू पंचांग के मुताबिक पूर्णिमा तिथि 13 जनवरी यानी सोमवार सुबह 5.3 बजे पर होगी और समापन तिथि 14 जनवरी मंगलवार अर्द्धरात्रि 3.56 पर होगी।

## अडानी ग्रुप ने 60,000 करोड़ के निवेश का किया एलान

**रायपुर** : अडानी ग्रुप ने छत्तीसगढ़ के रायपुर, कोरबा और रायगढ़ में अपने पावर प्लांट्स के विस्तार के लिए 60,000 करोड़ रुपये के निवेश का एलान किया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने इसकी जानकारी रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट करते हुए दी है। इस पोस्ट के साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी के बीच हुई मुलाकात की तस्वीर भी साझा की है। छत्तीसगढ़ के सीएमओ ने अपनी पोस्ट में कहा, 'छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ हुई बैठक में अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने रायपुर, कोरबा और रायगढ़

● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### पुआल के गांज में लगी आग किसान को हजारों का नुकसान



**बेड़ो :** थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली मैदान के पचपदा पतरा के समीप शनिवार की रात लगभग नौ बजे किसान मंगरा उरांव का पुआल जलकर राख हो गया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने मंगरा को तुरंत दी गई और आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन तब तक देर हो गई थी। पुआल में आग लगने से मंगरा उरांव को हजारों का नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने ने बताया कि उसके चार पांच गाय बैल हैं। वह अपनी मवेशियों के लिए पुआल जमा करके रखा था। लेकिन उसमें आग लगने से उसके मवेशियों को खिलाने के लिए अब कुछ नहीं बचा। इधर घटना की जानकारी मिलने पर समाज सेवी चरवा उरांव ग्राम प्रधान राम प्रसाद लोहरा और पड़हा राजा विशाल उरांव ने प्रखंड प्रशासन से मांग की है कि किसान को आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजा दिये जाने की मांग की है।

### हुरपू विस्थापित मोर्चा करेगा टुसू मेला का आयोजन

**अनगड़ा :** हुरपू विस्थापित मोर्चा द्वारा वन-जल पर्यावरण सह टुसू मेला का आयोजन आगामी 31 जनवरी को किया जाएगा। मेला लगाने का उद्देश्य हुरपू टोली विस्थापित परिजनों को एकजुट करना है और अपनी सांस्कृतिक धरोहर पूर्वजों की विरासत बचाने की एवं पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा, वन -जीवों, जल संरक्षण करना। सफल आयोजन को लेकर रविवार को बलीराम महतो की अगुवाई में बैठक हुई जिसमें सर्व समिति पवन कु महतो को अध्यक्ष बनाया गया मुख्य संरक्षक बलीराम महतो,सचिव गजेन्द्र महतो, कोषाध्यक्ष हरिकुमार महतो सहित शैलेन्द्र महतो, साहिंद्र महतो, श्रीनाथ महतो, नागेश्वर महतो, संजीव महतो,सरिता देवी, गंगा देवी,मनीष कुमार महतो, कृष्णा महतो, हीरालाल महतो,विनोद महतो, मुकेश महतो सहित अन्य को समिति में रखा गया।

### रौनियार वैश्य कल्याण समिति कोकर शाखा का वार्षिक उत्सव



**ओरमांझी :** रौनियार वैश्य कल्याण समिति कोकर शाखा का वार्षिकोत्सव रविवार को जगदंबा बैंक्विट हॉल में मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों की शिक्षा और संस्कार विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें समाज की महिलाओं और पुरुषों को विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रौनियार वैश्य परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतिभा सम्मान देकर प्रोत्साहित किया। बच्चों और महिलाओं के लिए प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजयी प्रतियोगी को पुरस्कार प्रदान किया गया। मौके पर मुख्य रूप से आयोजन समिति अध्यक्ष आर्यन शाह, सचिव शशि कुमार गुप्ता, जिला महासचिव अशोक कुमार गुप्ता युवा रांची जिला अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता, राम अवतार लाल, शिव शंकर लाल गुप्ता, शिव गुप्ता, राजा गुप्ता आदि मौके पर उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने स्वामी विवेकानंद जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

# स्वामी जी एक महान भारतीय समाज सुधारक : सचिन कुमार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुलमी (रामगढ़) :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दुलमी नगर इकाई द्वारा रविवार को स्वामी विवेकानंद जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी सह भाषण प्रतियोगिता का आयोजन साइंस एकेडमी दुलमी बाजार टांड़ में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर सोशल मीडिया प्रभारी उमाशंकर कुमार ने किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ माँ शारदे एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित अभाविप के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुदीप कुमार महतो ने स्वामी विवेकानंद के जीवन में प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद एक महान भारतीय दार्शनिक, आध्यात्मिक गुरु और समाज सुधारक थे। उनका जन्म 12 जनवरी 1863 ई० को कोलकाता में हुआ था और उनका संन्यास से पहले का नाम नरेंद्रनाथ दत्त था। स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति और अध्यात्म को विश्वभर में फैलाया। उन्होंने शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में भारत की ओर से भाग लिया और अपने भाषण से विश्व को प्रभावित किया। स्वामी विवेकानंद के विचार और दर्शन आज भी प्रासंगिक हैं और उन्हें भारत के एक महान महापुरुष के रूप में याद किया जाता है। उनके कुछ प्रमुख विचारों में शामिल हैं, आत्म-ज्ञान और आत्म-साक्षरत, अध्यात्म और धर्म का महत्व, शिक्षा और ज्ञान का महत्व समाज सेवा और गरीबों की मदद। स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई जाती है। वहीं उपस्थित नगर मंत्री सचिन कुमार ने कहा कि उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो, स्वामी विवेकानंद के अनमोल विचारों को हम सभी लोगो को ध्यान में रख कर युवाओं अपना कार्य करना है। मौके पर आशीष कुमार, मुरलीधर कुमार, तरुण कुमार, सुमित कुमार, आशीष कुमार महतो, बबलू , सरिस, बंटी, जयवीर सहित दर्जनों छात्रों उपस्थित थे।



## डीएवी स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती सह स्कूल का 09वां स्थापना दिवस मना



**बेड़ो :** विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में रविवार को स्वामी विवेकानंद जयंती सह स्कूल की नौवीं स्थापना दिवस मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के निदेशक सह प्रधानाध्यापक कैलाश कुमार,फाउंडर विष्णु महतो, सचिव श्रवण कुमार एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र में मल्यार्पण कर एवं दीप जलाकर किया। वहीं कक्षा नवीं के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गयी। शिक्षकों के बीच फन गेम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों पर इस स्कूल की स्थापना की गई है और संचालित होती है। स्वामी विवेकानंद जी का जीवन हमें लगातार मेहनत करने और तब तक नहीं रुकने की प्रेरणा देता है जब तक हम अपनी मंजिल को प्राप्त न कर लें। स्कूल ने सफलतापूर्वक नौवीं साल पूरा कर लिया है। और सफलता की मुकाम हासिल कर रहा है और इस क्षेत्र के बच्चों को शहरी स्कूलों की तरह सभी सुविधाएं प्रदान कर अच्छी शिक्षा दे रही है और अपने क्षेत्र का एक प्रतिष्ठित संस्थान बन चुकी है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष नर्सरी से आठवीं तक का स्कूल बंद होने के कारण कार्यक्रम धूम धाम से नहीं मनाया जा सका। उन्होंने शिक्षकों का आभार जताया कि उनके मेहनत और लगन से ही स्कूल प्रगति कर रहा है वे हमेशा बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं। इस अवसर पर शिक्षक सावित्री देवी, अनीता कुमारी, ज्योति धीर, तारा देवी, रवि सिंह, आरती कुमारी, संदीप सिंह, रियांशु पांडे, अंजू पांडे, जयंतो चौधरी, अजय कुमार, गुलशन कुमार, दिनेश कुमार, राम सिंह, संदीपा, निर्मला, अमित, अनिल, प्रियंका, अरुणिमा, कमला, संचिता, भारती, मोनी, सुमति, फातिमा, अंजलीका, सोमी, सुशीला, विजय, सुषमा, स्मिता, गायत्री, आराधना, हंसिका, अंशु, जुगेंद्र, प्रियंका गागरी, आंचल, खुशबू, पृष्का, रंजन चंद्रा, कविता एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## बेड़ो में मना विवेकानंद जयंती समारोह



**बेड़ो :** प्रखंड के एकल अभियान बेड़ो संच के बैनर तले महादानी मैदान व एबीवीपी के तत्वावधान में केसीबी कॉलेज बेड़ो के सभागार में रविवार को विवेकानंद जयंती सह रामलला का प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान एकल अभियान बेड़ो संच के तत्वावधान में एक शोभायात्रा निकाली गई। जो महादानी मैदान से शुरू होकर गुमला रोड,लोहरदगा रोड,जिला परिषद व देवी मंडप होते हुए पुनः महादानी मैदान स्थित रंगमंच पर पहुंच कर एक समारोह में बदल गया। जहां स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुरू किया गया। समारोह में संच के अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता,वाणी कुमार रॉय,भीखा उरांव, अशोक पण्डा,रंजीत खत्री,मनोज साहु,दूधन स्वांसी, योगेन्द्र पाण्डेय, हीरालाल महतो, पुरूषोत्तम यादव, डॉ एस पी साहु व मनोज साहु आदि ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। इधर इसे सफल बनाने में बेड़ो, रातू, मांडर, चान्हो, लापुंग, नगड़ी व ठाकुरगांव संच के शिक्षक, शिक्षिका व दर्जनों विद्यार्थियों ने सराहनीय योगदान दिया। वहीं एबीवीपी के तत्वावधान में करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो के सभागार में आयोजित विवेकानंद जयंती समारोह की शुरूआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर सरस्वती विद्या मंदिर बेड़ो के प्रधानाचार्य उमेश नारायण सिंह,मुखिया सुशांति भगत, शिवेंद्र सौरभ व प्रो विकास कुमार सिन्हा आदि ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही स्वामी विवेकानंद के संदेशों को मानवता व विश्व कल्याण के लिए एक प्रेरणास्रोत बताया। जो आज भी प्रासंगिक है। इस दौरान महाविद्यालय में विद्यार्थियों के बीच आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में चयनित छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में मना राष्ट्रीय युवा दिवस



**अनगड़ा :** आरटीसी पुब्लिक स्कूल अनगड़ा मे हर्षोल्लास के साथ रविवार को स्वामी विवेकानंद जयंती मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र नाथ महतो ने इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने 39 वर्ष की अल्प आयु में ही विश्व स्तर पर भारतीय संस्कृति का प्रचार किया तथा अपनी ओजस्वी वाणी से समस्त संसार को नया मार्ग बताया। धर्म संसद में उन्होंने कहा कि भारत सारे विश्व का मार्गदर्शक रहा है लेकिन भारतीयों को अपना स्थान कायम रखने के लिए आध्यात्मिकता को अपनाना होगा। मौके पर विद्यालय के क्लर्क चंद्र शेखर कुम्हार, प्रकाश महतो ,खेलन वेदिया, मेघनाथ महतो विद्यालय के छात्र आलोक कुमार महतो, आदित्य महतो, अमन बेली, अभिषेक कुमार, आदित्य राज, क्रिश पटेल ,साजन कुमार, रोहित कुमार महतो, दीपेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## विद्यालय में मनी स्वामी विवेकानंद जी की 161वीं जयंती



**बुंडू :** बुंडू आदर्श नगर स्थित स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में रविवार को स्वामी जी की 161 वीं जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का उत्घाटन स्कूल के प्राचार्य सुबेंदु प्रमाणिक एवं उप प्राचार्या सविता देवी ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य सुबेंदु प्रमाणिक ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के शिक्षा दर्शन के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि समाज के प्रति स्वामीजी के सोच एवं आदर्श चरित्र के बल बूते ही एक सफल व्यक्तित्व बना एवं बनाया जा सकता है।उन्होंने विद्यालय से निकले सफल विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए हर सफल व्यक्तित्व के जीवन आदर्श को अपनाने का छात्रों को आह्वान किया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में दिनेश ठाकुर, विजय प्रमाणिक, प्रशांत हल्दार ,उमा महतो, अनुज महतो ,सरिता महतो, रागिनी मिंज,अंबाबाती महतो, अजय महतो का उल्लेखनीय भूमिका रही।

## गोला वन क्षेत्र के हुल्लु व संग्रामपुर में जंगली हाथियों ने जम कर मचाया उत्पात

- कई किसानों के खेतों में लगीं फसलों को किया बर्बाद, घर को भी किया क्षतिग्रस्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** वन क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड के संग्रामपुर व हुल्लु गांव में शनिवार की बीती रात जंगली हाथियों के झुंड ने कई किसानों के खेत में लगे फसल को बर्बाद करते हुए ग्रामीण के घर को तोड़ दिया। इस संबंध में किसानों ने जानकारी देते हुए बताया कि जंगली हाथियों के द्वारा खेत में लगे आलू, सरसों, गान्ना,प्याज के फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया गया और घर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना रविवार को सुबह जब स्थानीय मुखिया सीताराम मुंडा को हुआ तो वह किसानों के घर पहुंचकर इसकी जानकारी ली। नुकसान के भरपाई को लेकर पीड़ित किसानों ने स्थानीय वन विभाग से जल्द मुआवजा की मांग किया है ताकि हुए आर्थिक नुकसान का भरपाई हो सके। साथ ही प्रशासन से जंगली हाथी को गांव से दूर भगाने का मांग किया है, ताकि नुकसान से बचा जा सके और जान माल की रक्षा हो सके।



## सुफल महतो के राज्य सचिव मंडल सदस्य चुने जाने पर दी बधाई

**सिल्ली :** माकपा के संपन्न राज्य सम्मेलन में सुफल महतो के पुनः राज्य सचिव मंडल सदस्य चुने जाने, रंगोवती देवी राज्य कमिटी सदस्य, दिवाकर मुंडा आमंत्रित राज्य कमिटी सदस्य चुने जाने पर माकपा सिल्ली लोकल कमिटी सचिव अमर महली,सोनाहातु लोकल कमिटी सचिव उमेश महतो,सोनाहातु पूर्वी लोकल कमिटी सचिव सोमाराम महतो अरूण महतो ,घुरन पातर, सदानंद महतो ने वधाई देते हुए कहा है कि इनके राज्य कमिटी में चुने जाने से पांच परगना सहित झारखंड में पार्टी में नमी उर्जा का संचार होगा।

## 10 एकड़ जमीन पर लगी अफीम की खेती को किया नष्ट : सिल्ली पुलिस

**सिल्ली :** सिल्ली पुलिस उपाधीक्षक अनुज कुमार के नेतृत्व म सिल्ली थाना क्षेत्र के बसंतपुर धनवासर क्षेत्र में लगभग 10 एकड़ जमीन में लगे अफीम की फसल को नष्ट किया गया । अफीम की खेती को लेकर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई सिल्ली पुलिस द्वारा की गई है सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि अफीम की फसल लगाने वालों लोगों पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## किसान मेला, सेवा समर्पण दौड़ सह स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** सेवा भारती,झारखण्ड के तत्वावधान में 15वां किसान मेला, स्वास्थ्य शिविर सह सेवा समर्पण दौड़ की निर्णायक प्रतियोगिता अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत जोन्हा के ग्राम गुड़ीडीह स्थित सेवा धाम परिसर में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि देश की प्रगति किसानों एवं युवाशक्ति के हाथों में है। आज स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए प्रदीप वर्मा ने स्वामी जी के संदेश शक्ति ही जीवन है, निर्बलता मृत्यु है को अपने जीवन में उतारने पर जोर दिया। सेवा भारती अपने विभिन्न सेवा आयामों के माध्यम से ग्राम विकास का कार्य कर रही है। सेवा भारती के मार्गदर्शन में कई प्रगतिशील किसान जैविक खेती कर के लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। सुदूर ग्रामीण अंचलों में संस्था द्वारा स्वास्थ्य सेवा दी जाती है। खेलकूद, दौड़, योगासन के क्षेत्र में भी कई प्रतिभाओ को संवारने का कार्य हो रहा है। सेवा भारती के एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान आयोजित स्वास्थ्य शिविर में नागरमल मोदी सेवा सदन,रिम्स, रांची के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 235 जरूरतमंद मरीजों को स्वास्थ्य परामर्श दिया गया एवं आवश्यक दवाएं मुहैया कराई गई। स्वास्थ्य शिविर को सफल बनानें में डॉ के पी सिन्हा,डॉ मनीष कुमार,डॉ कर्नल प्रमोद , डॉ देवेश कुमार, डॉ ए के सिंह, डॉ वाई ए लाल, डॉ नीलम टोप्पो, डॉ जैद, डॉ रोहित कुमार सहित श्रद्धानंद पाठक की भूमिका रही। कृषि मेला में 50 गावों के किसान अपने उत्कृष्ट फसलों की प्रदर्शनी लगाएं,जहां फसलों में उत्कृष्ट उत्पाद को चयनित कर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिको ने 50 किसानों को पुरस्कार के लिए चयन किया एवं अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया साथ ही सभी निबंधित किसानों को अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया गया।

## जेएलकेएम के सक्रिय सदस्य का दक्षिण पूर्व रेलवे में हुआ चयन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का सक्रिय सदस्य प्रकाश कुमार महतो का दक्षिण पूर्वी रेलवे में सिग्नल एंड टेलीकॉम पद पर चयन हुआ। उनके चयन से उन्होंने अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पार्टी के केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि महतो, केन्द्रीय सचिव चन्द्रदेव महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है। केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो ने कहा की यह ईमानदार तथा साफ छवि का लड़का है। नौकरी पाने में अपनी कोई कसर नहीं छोड़ी है, उन्होंने बहुत मेहनत किया है, लेकिन इनकी सफलता की कहानी उन सभी को प्रेरित करती है जो इसके लिए अपनी स्थिति को दोष देते हैं। ये बहुत ही गरीब परिवार से आते हैं। इन्होने अपनी प्रारंभिक शिक्षा तिस्कोपी हाई स्कूल से और स्नातक तक संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग से पूरी की। उनके परिवार में कोई भी शिक्षित पृष्ठभूमि से नहीं है ! लेकिन अपने दृढ़ विश्वास और कड़ी मेहनत से उन्होंने सफलता हासिल की, और हमारे समाज और क्षेत्र के अन्य सभी बच्चों के लिए उदाहरण स्थापित किया। रामगढ़ जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि मेहनत से चमकती है, संघर्ष से निखरती है। हर एक जिंदगी धीरे-धीरे सजती संवरती है। परेशानी हर इंसान के जीवन में होती है, लेकिन उसका आत्मविश्वास और पॉजिटिव एटीट्यूड ही उसे सफल या असफल बनता है।

## शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन का रांची में भव्य उद्घाटन

# झारखंड में शिक्षा के क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित होगा : अब्दुल हसीब अंसारी

- शहीन ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन झारखंड की फिजां को बदल देगा : डॉ. अब्दुल कदीर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन का नया शाखा कोइलारी इरबा में उद्घाटन सोमवार को मुख्य अतिथि कर्नाटक विदर के शाहीन ग्रुप ऑफ एजुकेशन के संस्थापक अध्यक्ष अब्दुल कदीर, विशिष्ट अतिथि स्वास्थ्य व खाद्य आपूर्ति मंत्री इरफान अंसारी व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन ने संयुक्त रूप से फिता काट कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि रांची में यह इंस्टीट्यूशन गुणवतापूर्ण शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जो बच्चे अत्यंत गरीब है और उनका किसी कारण से विद्यालय छूट गया है उन्हें भी दाखिला ली जाएगी। आप माहौल दीजिए, जिम्मेदारी हम लेंगे। उन्होंने कहा कि आपकी आकांक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। विशिष्ट अतिथि राज्य के स्वास्थ्य व खाद्य आपूर्ति मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य में इस ग्रुप के आने से यह क्षेत्र शिक्षा का हब बनेगा।उन्होंने शाहीन ग्रुप के अध्यक्ष से जामताड़ा व मधुपुर में विद्यालय खोलने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जनता को ध्यान में रखते हुए सभी लैब व अस्पताल में मेडिकल जांच का खर्च एक समान होगा।

## बोंगईबेड़ा के ठूठंगाजीरा में टुसू मेला का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** बोंगईबेड़ा के ठूठंगाजीरा में रविवार को प्रत्येक वर्ष की भांति वन रक्षा बंधन, नागपुरी रंगारंग कार्यक्रम सह टुसू मेला का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने सखुआ के पेड़ों में रक्षा सूत्र बांधकर पेड़ों का आजीवन सुरक्षा करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जैलेंद्र कुमार,विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्या अनुराधा मुंडा, प्रमुख दीपा उरांव, आतिश महतो थे। अध्यक्ष धनीराम महतो, सचिव सुखनाथ महतो, कोषाध्यक्ष मुकेश महतो ने बताया कि मेला परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। देर शाम तक नागपुरी रंगारंग कार्यक्रम में लोग झूमते नजर आए। कार्यक्रम में शामिल रामसाय मुंडा, जलनाथ चौधरी, संजोती देवी छोटेलाल महतो, ऋतुलाल महतो, जागेश्वर महतो, महावीर सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।



# बदली सरकारी फार्म हाउस की तस्वीर, 25 एकड़ भूमि में छायी हरियाली

- शिल्पी नेहा तिर्की की एक अनुशंसा ने बदल डाली यहां की तस्वीर
- वर्षों से खाली पड़ी जमीन पर पहली बार होने लगी स्ट्रॉबेरी, पाइन एप्पल, लाल भिंडी की खेती

**सुजीत कुमार**

**लापुंग :** प्रखंड के सापुकेरा पंचायत में स्थित 25 एकड़ में फैले सरकारी फार्म हाउस की तस्वीर अब बदल चुकी हैं । महज डेढ़ वर्ष पहले यह जमीन परती व बंजर हुआ करता था। और झाड़ पात के बीच मवेशियों का चारागाह हुआ करता था। लेकिन अब यहां की कहानी कुछ और ही बयां करती हैं। डेढ़ वर्ष पुर्व विधायकी के दौरान शिल्पी नेहा तिर्की ने इसे विकसित करने की अनुशंसा की थीं। जो अब वर्तमान में कृषि, पशुपालन सह सहकारिता मंत्री भी हैं। जिसका परिणाम है, कि अब यहां पर हरियाली ही हरियाली छाई हुई हैं। इस कार्य को बढ़ावा देने में सुशीला फाउंडेशन फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलमेंट के पदाधिकारी इंचार्ज अभिषेक नागवंशी, फार्म इंचार्ज अनिल कुमार जांगड़े, विषय विषेशज्ञ मंटू कुमार, विशाल राजखाना कंप्यूटर आपरेटर आंजन कुमार व उसके सहयोगियों ने स्थानीय मुखिया सविता उरांव की संरक्षण व पुर्व पंसस-नसीम आलम समेत स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से यहां की तस्वीर ही बदल डाली । यहां आते ही 25 एकड़ में फैला जमीन के बीच में लगी तीन हजार पपीते के पौधे,पचास हजार पाइन एप्पल के पौधे। इसके अलावे स्ट्रॉबेरी, करेला, तरबुज, पपिता, केला, अरहर, प्याज, टमाटर, लाल भिंडी, बोदी के पौधे लहलहाते देखने को मिलेगा इसके अलावा मुर्गी पालन कड़कनाथ व ब्यालर मुर्गी, बकरी पालन तीन तालाब में मछली पालन किया गया है । वहीं सिंचाई के लिए तीन कुंआ और सोलर आधारित तीन बोरवेल है टपक सिंचाई ड्रिप इरिगेशन से सिंचाई किया जाता है। और अब पुरे कैंपस में खुशहाली और हरियाली ही हरियाली है। मुखिया सविता उरांव ने बताया कि किसानों को खेती के संबंध में प्रशिक्षण लेना है तो यहा पर कृषक पाठशाला भी चलता है जिसमें कोई भी किसान आकर प्रशिक्षण ले सकते हैं या अपने खेतों की फसलों के बारे में भी जानकारी ले सकते हैं। अच्छे बीजों के चयन के बारे में जानकारी, रोग किट के बारे में जानकारी दी जाती है। महज डेढ़ वर्ष पहले तक यह क्षेत्र बंजर हुआ करता था। सिर्फ बरसात दिनों में चारागाह के रूप में उपयोग किया जाता था। वहीं ऑर्गेनिक से विभिन्न प्रकार के सब्जियों का उपज हो रहा हैं। इस स्थल पर आने से सरकार की योजनाओं का दृश्य एक ही जगह पर देखने व सीखनें को मिलता है और उसका आम लोगों के जीवन पर कैसे प्रभाव पड़ सकता है।



## श्री रामलाल प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ द्वादशी उत्सव धूमधाम से मनायी गयी

- प्रथम वर्षगांठ में लोगों ने मठ मंदिरों और अपने घरों में दीपक जला कर खुशियां मनायीं
- अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा का समय हिन्दुओं के लिए करुणा शौर्य वेदना, दर्द खुशी, आंसू ; सबसे भरा हुआ दिन था : छोटू वर्मा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या में प्रभु श्री राम का मंदिर का निर्माण हुआ है पिछले वर्ष 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर में श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा हुई है, श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा का 01 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात 11 जनवरी को श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा का प्रथम वर्षगांठ द्वादशी उत्सव के रूप में पूरे रामगढ़ जिले में धूमधाम से मनाया गया। रामगढ़ जिले के सभी मठ मंदिरों का साफ सफाई किया गया। मठ मंदिरों को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया है, मठ मंदिरों में दिनभर पूजा अर्चना, रंगोली प्रतियोगिता, भजन कीर्तन सहित संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रबुद्ध जनों के द्वारा उपस्थित लोगों को श्री राम लाल की मंदिर के बारे में विस्तृत से बताया गया सहित सामाजिक समरसता का लोगों को संदेश दिया। मठ मंदिरों भगवान का पूजा-अर्चना के पश्चात दिन भर प्रसाद के रूप में खिचड़ी आदि का वितरण किया गया। रामगढ़ जिले के गोला, पतरातू, मांडू, दुलमी और चितरपुर के मठ मंदिरों सहित विभिन्न जगहों में भव्य कार्यक्रम किया गया। जगह-जगह शोभा यात्रा भी निकल गया। चितरपुर स्थित शिवालय मंदिर में विश्व हिंदू परिषद के द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



## एक झलक

### मंईयां सम्मान योजना के लिए महिलाओं ने हेमन्त सरकार का जताया आभार

**कतरास (धनबाद):** मंईयां सम्मान योजना के मिलने की खुशी में झारखंड सरकार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को छाताबाद अटल क्लिनिक स्थित सामुदायिक भवन वार्ड नम्बर 2 के महिलाओं के तरफ से रविवार को आभार प्रकट कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं ने झारखंड सरकार का आभार प्रकट करते हुए नये साल की बधाई दी है। मौके पर पार्षद प्रतिनिधि मासूम खान, नईम अंसारी, रॉबिन पाल, बब्लू खान, रूकसाना खतून, रूबी खातून, सोनिया खातून, नूरेशा खातून, बेगम खातून सहित अन्य मौजूद रहे।

### बीआईटी सिन्दरी रोटरेक्ट क्लब के विवर्तन का आयोजन

**सिन्दरी (धनबाद):** बीआईटी सिंदरी रोटरेक्ट क्लब द्वारा आईटी भवन में नेतृत्व, नवाचार और सामुदायिक सेवा से संबंधित विवर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रोटरी धनबाद के अध्यक्ष राहुल कुमार व्यास, सचिव कनव दत्त वाली, सिंदरी के पूर्व सचिव रंजीत कुमार तथा सदस्य सौरभ कुमार शामिल थे।
इस अवसर पर रोटरेक्ट के नवनियुक्त पदाधिकारियों के जिम्मेवारियों का हस्तांतरण किया गया। इस अवसर पर बीआईटी के विभिन्न छात्र क्लबों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। रोटरेक्ट क्लब के अध्यक्ष एस सी दत्ता ने क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए शुभकामना दी। इस अवसर पर रोटरी धनबाद, रोटरी सिंदरी , तथा रोटरेक्ट क्लब बीआईटी के बीच मजबूत संबंध का जश्न मनाया गया।

### बाघमारा कृषक मित्र संघ सरकार से निराश

**बाघमारा (धनबाद):** बाघमारा कृषि मित्र संघ ने बाघमारा स्थित कृषक मित्र संघ ने बैठक कर सरकार के प्रति गहरी निराशा व्यक्त की है। बैठक में कृषि के विकास और किसानों की समस्याओं के समाधान पर व्यापक चर्चा हुई। किसानों ने कहा कि सरकार से बार-बार उम्मीदें लगाई गईं लेकिन हर बार निराशा ही हाथ लगी है। किसानों ने कहा कि वे ग्रास रूट स्तर पर कृषि कार्यों में लगे हुए हैं और कृषि के विकास के लिए कई नए तरीकों को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि कृषि क्षेत्र में किसानों को मिलने वाली सुविधाओं में सुधार किया जाए और कृषि उत्पादों के उचित दाम मिलें। बैठक में किसानों ने यह भी कहा कि कृषि मित्र संघ सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है, लेकिन सरकार को भी किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेना होगा। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से डोमन महतो, संजीत पांडे, ललित गोप, कालीचरण महतो, अर्जुन महतोफयाज खान, के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।

### गुरु गोविंद सिंह का 358वां प्रकाश पर्व हर्षोल्लास के साथ मना

**सिन्दरी (धनबाद):** सिख संगत के द्वारा दसवें पातशाह श्री गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व बड़े श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ सिंदरी में रविवार को मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आशा दी वार के दिव्य कीर्तन के साथ शुरू हुआ। कीर्तन ने संगत को शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की। सहज पाठ की समाप्ति के बाद निशान साहिब दी सेवा का आयोजन किया गया। सरदार मंजीत सिंह उप्पल और उनके परिवार के सौजन्य से आयोजित सेवा के दौरान संगत ने श्रद्धा भाव से गुरु साहिब जी के चरणों में अपनी विनम्रता प्रकट की। सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक विशेष कीर्तन दीवान का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर को सफल बनाने में प्रधान डॉ स्मृति नागी, जगदेव सिंह, गुरुचरण सिंह, आत्मा सिंह, ओंकार सिंह, लखजीत सिंह, हरभजन कौर, जसपाल कौर, रानी कौर, मनजीत कौर सक्रिय थी।

### पेट्रोल पंपों पर चलाया 'नो हेलमेट-सीटबेल्ट, नो फ्यूल' अभियान

**धनबाद :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत रविवार को जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के निदेर्शानुसार धनबाद के सभी पेट्रोल पंपों पर 'नो हेलमेट - सीटबेल्ट, नो फ्यूल' अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पेट्रोल पंप संचालक को कहा गया कि अब से बिना हेलमेट और सीटबेल्ट3 वालों को पेट्रोल न दे। साथ ही साथ लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति, हिट एंड रन के प्रति तथा गुड समेरिटन के बारे में समझाकर जागरूक भी किया गया।

# उदय काली मंदिर पूजा कमेटी ने किया कम्बल वितरण

स्वामी विवेकानंद जन्मोत्सव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** रविवार को कोयला भवन के समीप उदया काली मंदिर में स्वामी विवेकानंद जी का जन्मोत्सव पर उदया काली मंदिर पूजा कमिटी के सेविकाओं के सौजन्य से गरीबों के बीच कम्बल वितरण कर मनाया गया। पूजा कमिटी के सदस्यों ने सर्व प्रथम स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण की। इस दौरान कमेटी के रूपा बोस ने बताया कि उनके कमिटी का यह पहला कम्बल वितरण कार्यक्रम है, और आगे भी गरीबों को मदद करने का यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है। इसके लिए सभी को आगे आकर बढ़चढ़कर भाग लेना चाहिए। मंदिर कमिटी के सचिव अरुण पांडेय ने कहा कि मंदिर सेविका कमिटी के सदस्यों ने गरीबों के बीच कम्बल वितरण कर अपनी मानव सेवाभाव का परिचय दिया है। पूजा कमिटी की और से मंदिर के सेविका कमिटी के सभी सदस्यों को तहे दिल से धन्यवाद करती है। इस मौके पर श्री पांडेय ने यह भी बताया कि इस मंदिर प्रांगण में 16 जनवरी से लेकर 22 जनवरी तक श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया है। कम्बल वितरण समापन के बाद मंदिर परिसर में प्रसाद के रूप में खिचड़ी भोग का वितरण किया गया। वहीं इस मंदिर के पुजारी धमार्दास ने कहा कि इस मंदिर के देख रेख में कमिटी के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहता है। मौके पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष बीके झा, सुरजीत राय, दरोगा महतो, संजीव बोस,डी एन सिंह, शांतनु बनर्जी, दिगय भट्ट, एस देव चंद्र, नेपाल पंडित, रूपा घोष, मौसमी, संगीता, सीमा, नूतन, शिवली, चंदन, उमा, शुक्ला, रांगा, पुष्पा, मानसी, नीलांजना मौजूद थे।

## दिलीप सिंह ने विवेकानंद की जयंती पर रिक्शा चालकों के बीच बांटे कम्बल



**धनबाद :** रविवार को युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष दिलीप सिंह ने हीरापुर हटिया में स्थापित स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा पर अंगवस्त्र ओढ़ाकर उनकी 162वीं जयंती पर उन्हें नमन किया।इस अवसर पर दिलीप सिंह ने दर्जनों रिक्शा चालकों के बीच ठण्ड से राहत देने के लिए कम्बल भी बांटे।
इस अवसर पर दिलीप सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और मानवता के प्रतीक स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती पर उन्हें शत शत नमन है। विवेकानंद जी की जयंती को युवा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद भारत के महान आध्यात्मिक गुरु और विचारक के रूप में जाने जाते हैं।उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया। विवेकानंद के विचार और आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और लाखों युवाओं को दिशा देते हैं। दिलीप सिंह ने कहा इस जयंती के अवसर पर स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा पर अंगवस्त्र ओढ़ाकर उन्हें उनकी जयंती पर याद करते हुए दर्जनों रिक्शा चालकों के बीच कम्बल वितरण किया गया ताकि इस कपकपाती ठंड में उन्हें राहत मिल सके।उन्होंने कहा युवा संघर्ष मोर्चा निरंतर समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रसर है और आगे भी इसी तरह सामाजिक क्षेत्र में योगदान देते रहेंगे।

## निदेशक कार्मिक, कोल इंडिया से कुश के नेतृत्व में मिला इनमोसा का प्रतिनिधिमंडल, किया स्वागत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** कुश कुमार सिंह के नेतृत्व में इनमोसा केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक कार्मिक कोल इंडिया विनय रंजन के बीसीसीएल दौरे पर गेस्ट हाउस, कोयला नगर में उनको पुष्प गुच्छ देकर स्वागत व अभिनंदन किया। इनमोसा केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक कार्मिक कोल इंडिया को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देने के साथ कंपनी को उज्जवल भविष्य की कामना की।
साक्षात्कार के उपरांत कई अहम मुद्दों को निदेशक कार्मिक के संज्ञान में दिया गया जिसमें सभी सुरक्षा समितियां में इनमोसा की भागीदारी सुनिश्चित करने, कैडर स्कीम में संशोधन, माइनिंग सुपरवाइजर के पदनाम बदलने, खदानों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से एमडीओ मोड से संचालित खदानों में नियंत्रण पदाधिकारी की रूपरेखा स्पष्ट करने आदि विषयों पर वार्ता हुई।



कुश कुमार ने अवगत कराया की इनमोसा द्वारा एजेंडा नोट पत्रांक के माध्यम से निदेशक कार्मिक कोल इंडिया को दिया गया है। निदेशक कार्मिक ने सभी मुद्दों पर कोल इंडिया स्तरीय वार्ता करने की बात कही। इस विशेष बैठक में एमपी चौहान, अजीत सिंह, विजय यादव, अशोक कनौजिया, यशवंत कुमार सिंह, जयनंदन पासवान, एवं अरविंद कुमार सिंह, नागेंद्र सिंह उपस्थित थे।

## भारत स्काउट एडं गाइड जिला संघ का पांचवां जिला रैली व कब बुलबुल उत्सव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** भारत स्काउट एंड गाइड जिला के हिल कालोनी स्थित स्काउट डे, में 11 से 14 जनवरी तक आयोजित पांचवीं जिला रैली व कब बुलबुल उत्सव का शुभारंभ रविवार को भारत स्काउट एंड गाइड के जिला आयुक्त सह वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजित कुमार के द्वारा किया गया। विश्व मे भारतीय संस्कृतिक को गौरवान्वित करने वाले युग प्रर्वतक एव युवाओ के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजली दिया गया।सहायक जिला आयुक्त सह सहायक कार्मिक अधिकारी अजय कुमार प्रभाकर ने जिला आयुक्त सह वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजित कुमार को पौधा देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात स्काउट एवं गाइड के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।




जिला रैली मे धनबाद के सभी ग्रुप पाथरडीह, गोमो, डी एस कॉलोनी, धनबाद से कब बुलबुल, स्काउट गाईड,रोभर रेन्जर एवं लीडर मिलाकर लगभग 290 सदस्याओ ने इस रैली मे भाग ले रहे है। इस रैली मे पायनियरीं प्रोजेक्ट, फुड प्लाजा, देश भक्ति गीत, प्राथमिक चिकित्सक, मार्च पास्ट, फोक डेन्स,सर्व धर्म प्रर्थना का प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहे है जिसका उद्देश्य बच्चो को शारीरिक एवं मानसिक रुप से सशक्त करना है।

## श्री श्याम दरबार रथ पर भारतीय एकता शेर के सदस्यों ने चढ़ायी माला



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** श्री आदिगुरु सर्वविद्या सेवा ट्रस्ट की इकाई भारतीय एकता शेर सेना के द्वारा रविवार को धनबाद स्थित रणधीर वर्मा चौक पर श्री श्याम निशान यात्रा श्री श्यामदरबार रथ में फूल - माला प्रसाद चढ़ाया गया एवं श्री श्याम यात्रा में सम्मिलित सभी भक्तजनों पर पुष्पवर्षा किया गया साथ ही जल व फल का वितरण किया गया। जिसमे संस्था के संस्थापक सह अध्यक्ष रंजन गुप्ता, राजेश अग्रवाल, राजीव नयन, संतोष कुमार, अमोद श्रीवास्तव, अमित गुप्ता,रविंद्र कुमार सिंह, उदय शंकर, ऋषभ गुप्ता, मुना प्रसाद, मनोज बर्नवाल,मोहन सिंह,राजू साव, विवेक अग्रवाल, गोलू सिंह, मुकेश सिंह, राहुल श्रीवास्तव, मिथलेश मालाकार, नंदू तिवारी, राजीव दत्ता आदि उपस्थित थें।

### गोशाला में तुलादान कार्यक्रम 14 व 15 जनवरी को

**झरिया (धनबाद) :** श्री झरिया धनबाद गोशाला परिसर में मकर सक्रांति के अवसर पर दो दिवसीय तुला दान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। रविवार को गोशाला परिसर में कमिटि सदस्यों ने प्रेस वार्ता आयोजित कर जानकारी दिया। गोशाला कमिटि के अध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल ने कहा की आगामी चौदह व पंद्रह जनवरी को अपने शरीर के वजन के बराबर सैकड़ो गौ भक्त गुड़, चोकर, मुंगकुट्टा, हरा चारा तराजू पर तोल कर गौ माता के लिए दान करेंगे। शास्त्रों में तुला दान की महत्ता बताई गई है।

### बाघमारा कृषक मित्र संघ ने सरकार से निराश किसान कृषि उद्धार के लिए नयी रणनीति बनायी

**बाघमारा (धनबाद) :** धनबाद के बाघमारा स्थित कृषक मित्र संघ की हाल ही में आयोजित बैठक में किसानों ने सरकार के प्रति गहरी निराशा व्यक्त की है। बैठक में कृषि के विकास और किसानों की समस्याओं के समाधान पर व्यापक चर्चा हुई। किसानों ने कहा कि सरकार से बार-बार उम्मीदें लगाई गईं, लेकिन हर बार निराशा ही हाथ लगी है। किसानों ने कहा कि वे ग्रास रूट स्तर पर कृषि कार्यों में लगे हुए हैं और कृषि के विकास के लिए कई नए तरीकों को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि कृषि क्षेत्र में किसानों को मिलने वाली सुविधाओं में सुधार किया जाए और कृषि उत्पादों के उचित दाम मिलें। बैठक में किसानों ने यह भी कहा कि कृषि मित्र संघ सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है, लेकिन सरकार को भी किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेना होगा। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

## पहला कदम के दिव्यांग बच्चों ने आईआईटी आईएसएम की उम्मीद 25 में लिया हिस्सा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** नारायणी चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की स्कूल पहला कदम के दिव्यांग बच्चों ने रविवार को फास्ट फारवर्ड इंडिया आईआईटी आईएसएम के छात्रों की पहल उम्मीद 25 के एनुअल इवेंट में हिस्सा लिया।इस इवेंट में धनबाद के लगभग सभी स्कूल के बच्चों ने हिस्सा लिया। उम्मीद द्वारा आयोजित 7 इवेंट्स में से सिंगिंग, डांस व चित्रकला में हिस्सा लेकर पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने अपना स्थान बनाया। पहला कदम स्कूल के मुक बधिर बच्चों ने सांकेतिक भाषा में राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी। साथ ही झारखण्ड की लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दे कर दर्शको को मंत्र मुग्ध किया। उपस्थित सभी ने दिव्यांग बच्चों की कला को सराहा तथा यह साबित कर दिया की दिव्यांग बच्चे भी समाज के मुख्यधारा मे अपनी सहभागिता दे अपना स्थान बना सकते है। उम्मीद की यह पहल सभी बच्चों को प्लेटफार्म प्रदान करती है जिससे ये बच्चे अपनी कला और हुनर का प्रदर्शन कर सके। सचिव अनीता ने कहा पहला कदम परिवार प्रोत्साहन के लिए एफएफआइ आईआईटी आईएसएम और उम्मीद 25 का आभार प्रकट करता है।




## अनुपमा सिंह ने 200 जरूरतमंदों के बीच किया कम्बल का वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जोड़ापोखर (धनबाद) :** कार्मल स्कूल डिगवाडीह की प्रिंसिपल देवश्री ने 80 लड़कियों के शर्ट उतरवाकर कर अमानवीय व्यवहार किया है। प्रिसिंपल पर कारवाई होनी चाहिए।उक्त बातें कॉग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह ने अपने आवासीय कार्यालय जेलगोड़ा में कही हैं। श्रीमती सिंह ने कहा है की पेन दिवस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अगर लड़कियों द्वारा गलती की गई हैं तो दंडित करने का और भी तरीका है।
प्रिसिंपल पर करवाई होगा तभी तो अन्य शिक्षिका शिक्षक छात्र छात्राओं के साथ अमानवीय व्यवहार करने से कतराएंगे।
श्रीमती सिंह ने अपने कार्यालय में 200 जरूरत मंद महिलाओं पुरषो के बीच मे कम्बल बितरण किया। उन्होंने कहा की धनबाद संसदीय क्षेत्र के हर जगहों पर कम्बल बितरण किया जायेगा।

### कार्मल स्कूल की प्रिंसिपल को बर्खास्त किया जाये, नहीं तो होगा आन्दोलन : उदय प्रताप सिंह

**धनबाद :** धनबाद जिले के डिगवाडीह स्थित कार्मल स्कूल में पेन डे मना रही छात्राओं से शर्ट उतरवाने मामले में पूर्व छात्र नेता उदय प्रताप सिंह ने धनबाद जिला के उपायुक्त तथा झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री से मांग की है कि तत्काल रूप से कार्मल स्कूल के प्रिंसिपल कों बर्खास्त किया जाए, नहीं तों छात्र आन्दोलन के लिए वे बाध्य हो जाएंगे और इसकी सारी जिम्मेदारी कार्मल स्कूल की होगी। क्योंकि इस तरह का घिनौना हरकत स्कूल के द्वारा किया गया है, वह बहुत ही दुखद है। इस मामले में गंभीरतापूर्वक कार्यवाही की जाये। श्री सिंह ने यह भी कहा कि जांच के बाद केस करना चाहिए ताकि कोई भी स्कूल इस तरह के हरकत करने से बाज आये।

## कैरियर जोन, निरसा ने आयोजित की प्रतियोगिता परीक्षा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/निरसा :** कैरियर जोन, निरसा द्वारा क्षेत्र के 10वीं के विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति जागरूकता पैदा करने एवं उनका माध्यमिक परीक्षा की तैयारी का स्व-आकलन के लिए प्रति वर्ष एक प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 2025 में यह प्रतियोगिता 12 जनवरी युवा दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया है, जिसमें 60 से ज्यादा अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। विद्यार्थी निरसा, भलजोरिया, बिरलाढाल, फटका, श्यामपुर, खुसरी से है तो कुछ विद्यार्थी दूर -दराज के सुदूर क्षेत्र से बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए है। इसका परिणाम दिनांक 19 जनवरी को घोषित किया जाएगा। एवं टॉप 10 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा, उक्त चयनित विद्यार्थियों को मेडल, मेमेंटो, सर्टिफिकेट और किताबें देकर सम्मानित किया जाएगा।



इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कैरियर जोन निरसा की टीम रविंद्रनाथ पांडे, राहुल साहनी, कुमार गौरव, राहुल गोराई, माणिक कुमार, सुब्रतो कुंभकार, गौरव कुंभकार, गोपाल घोष, आदेश पांडे, विजय कुमार, जीत कुमार, विष्णु कुमार, कृष्णा सर,जयदेव (जेडी) सर, विष्णु सर गौरांगो वस्त्रालय के गौरांगो दा , पाठशाला लाइब्रेरी के विवेक जी मौजूद थे। इस कार्यक्रम का आयोजन वरीय बुनियादी मिडल स्कूल निरसा में किया गया, स्कूल के कृष्णा सर का बहुत बहुत धन्यवाद। इस कार्यक्रम में बच्चों के मार्गदर्शन के लिए कतरास से डॉ रंजीत आएं। टीम इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद अदा करती हैं। करियर जोन निरसा द्वारा 2019 से ही मेट्रिक के विद्यार्थियों के लिए मोक एसेसमेंट टेस्ट आयोजित की जाती है। साथ ही कि यह समूह पिछले कुछ सालों से लगातार निस्वार्थ सेवा भाव से विद्यार्थियों के मार्गदर्शन का कार्य कर रही है। लॉकडाउन के कठिन समय में जब सारे शिक्षण संस्थान बंद पड़े थे, इस समूह ने विद्यार्थियों को पढ़ाई से जोड़े रखने का कार्य किया। शिक्षित एवं समझदार व्यक्ति, निरसा क्षेत्र के शिक्षा स्तर से भलीभांति परिचित हैं। यहां के विद्यार्थी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक में तो अच्छे अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हो जाते हैं, मगर मार्गदर्शन के अभाव से अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने में असफल होते हैं। प्रतियोगिता के बिना विद्यार्थी अपना स्व-आकलन कैसे कर सकेंगे। प्रतियोगिता और प्रतिस्पर्धा ही सफल जीवन का आधार है। परन्तु विद्यार्थियों को इस बात का ज्ञान अवश्य होना चाहिये कि प्रतियोगिता हमेशा स्वयं से (अपने आज का बीते हुए कल से ) होनी चाहिए। स्वयं को बेहतर बनाने का प्रयास होना चाहिए।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती पर साथी फाउंडेशन ने किया पत्रकारों को सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर साथी फाउंडेशन संस्था के द्वारा अपने विद्यालय परिसर में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मानव अधिकार प्रोटेक्शन झारखण्ड प्रदेश के महासचिव सह प्रसिद्ध समाजसेवी मुख्तार अहमद उपस्थित हुए। साथी फाउंडेशन संस्था के संस्थापक सह सचिव इरफान आलम, संस्था के सक्रिय व्यक्ति समाजसेवी दिलीप सिंह, शुभांकर मित्रा, गुलाम रब्बानी, शिक्षिका तय्यबा परवीन और नीमा परवीन ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात पत्रकारिता जगत में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले दर्जनों पत्रकारों को मुख्तार अहमद ने अपने हाथों से मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और सभी पत्रकार बंधुओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन परवेज खान ने किया। मौके पर मुख्य रूप से धनबाद प्रेस क्लब के महासचिव अजय प्रसाद, सचिव संजय चौरसिया, महफूज आलम, जमीर आरिफ, कमरूल आरफीन, मनव्वर अख्तर, नुमान खान, मो. वाजिद खान, मो जावेद, छोटे खान, सतीश सिंह, विद्युत वर्मा, सूरज सिंह आदि पत्रकारों को सम्मानित किया गया।




## बाल गोपाल चैरिटेबल ट्रस्ट का चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**अलकडीहा (धनबाद) :** बलियापुर प्रखंड अंतर्गत आमटाल पंचायत के विवेकानंद फुटबॉल ग्राउंड में बाल गोपाल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्वामी विवेकानंद के 162वीं जयंती पर 12 जनवरी रविवार को चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली पब्लिक स्कूल सालुकछापरा के निर्देशक राजीव नयन शर्मा और भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड के पूर्व पदाधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विवेकानंद क्लब के संस्थापक आनंद महिपाल और आमटाल पंचायत के मुखिया संजय गोराई उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया। समारोह के प्रेरक एवं ट्रस्ट के सक्रिय सदस्य बाबू भट्टाचार्य ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला तथा स्वामी विवेकानंद बनने की संपूर्ण कहानी बच्चों के साथ सांझा की। श्री भट्टाचार्य ने कहा जिस प्रकार से स्वामी जी ने एक साधारण परिवार में होते हुए अपने जीवन के लक्ष्य को हासिल किया। मौके पर मुख्य अतिथि राजीव नयन शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। स्वामी विवेकानन्द ऊजार्वान एवं जीवन आदर्श का प्रतिरूप थे।



## सम्पादकीय.....

# शैक्षणिक सुविधाओं में सुधार

**विद्यालयीय** शिक्षा की बुनियादी सुविधाओं में सुधार हुआ है। लेकिन, डिजिटल सुविधाओं में असमानता बनी हुई है। विद्यालयों की संख्या बढ़ी है, लेकिन एनरॉलमेंट में गिरावट देखी गयी है। वहीं, सेकेंडरी स्टेज में ड्रॉपआउट दर बढ़ी है और राज्यों के बीच टीचर-स्टूडेंट रेश्यो में भी अन्तर स्पष्ट है। विद्यालयीय शिक्षा और साक्षरता विभाग की ओर से संचालित डेटा एग्रीगेशन प्लैटफॉर्म यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन (यूडीआईएसई) प्लस की हाल की रिपोर्ट देश के विद्यालयों के इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए सुधार के साथ ही उन महत्त्वपूर्ण दिक्कतों की भी झलक देती है, जिन्हें दूर किया जाना शेष है। रिपोर्ट में यह बात स्थापित होती है कि बुनियादी सुविधाओं की स्थिति पहले से अच्छी हुई है। लगभग 90 प्रतिशत विद्यालयों में बिजली और जेंडर स्पेसिफिक टॉयलेट जैसी सुविधाएं हैं। लेकिन, यदि डिजिटल सुविधाओं की बात की जाये, तो विद्यालयों के बीच गहरी खाई दृष्टिगोचर हो रही है। यथा, फंक्शनल कम्प्यूटर महज 57.2 प्रतिशत विद्यालयों में उपलब्ध है और 53.9 प्रतिशत विद्यालयों के पास इंटरनेट ऐक्सेस है। हालांकि, इस मामले में बीते वर्षों में हुई प्रगति का अंदाजा इस तथ्य से होता है कि 2021-22 की यूडीआईएसई प्लस रिपोर्ट के अनुसार 66 प्रतिशत विद्यालयों में इंटरनेट कनेक्शन नहीं थे। यह तथ्य भी ध्यातव्य है कि देश में पिछले वर्ष की तुलना में विद्यालयों की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन एनरॉलमेंट में गिरावट देखी गयी है। जहां विद्यालयों की संख्या 14.66 लाख से बढ़ कर 14.71 लाख हो गयी, वहीं इनमें होनेवाला स्टूडेंट्स एनरॉलमेंट 25.17 करोड़ से घट कर 24.80 करोड़ हो गया। यह गिरावट कमोबेश सभी कैटेगरीज ; यथा लड़के, लड़कियां, ओबीसी, अल्पसंख्यक आदि में है। जहां तक ड्रॉपआउट अर्थात छात्रों के विद्यालय छोड़ने के मामलों की बात है, तो इसमें सेकेंडरी स्टेज में होनेवाली वृद्धि ध्यान देने योग्य है। मध्य विद्यालयों में जो ड्रॉपआउट दर 5.2 प्रतिशत है, वह सेकेंडरी स्टेज में आकर 10.9 प्रतिशत तक पहुंच जाती है। जानकारों की मानें, तो इसके पीछे ओबीसी और एससी/एसटी कैटेगरी के छात्रों को दाखिले के डॉक्युमेंटेशन प्रॉसेस के दौरान होनेवालीं मुश्किलों और प्री-मैट्रिक व पोस्ट-मैट्रिक स्कॉलरशिप जैसी सुविधाओं की कमी का हाथ हो सकता है। एक और महत्त्वपूर्ण पहलू है शिक्षक और छात्र के अनुपात अर्थात पीटीआर का। इस मामले में विभिन्न राज्यों के बीच अन्तर विशेष रूप से ध्यान खींचता है। एक तरफ झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य हैं, जहां सेकेंडरी लेवल पर पीटीआर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तय मानक ; अर्थात 30:1 से भी अधिक है, तो दूसरी ओर असम, ओड़िशा और कर्नाटक जैसे राज्य काफी पीछे नजर आते हैं। कुल मिला कर, देश में विद्यालयीय शिक्षा को बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने की दिशा में किये जा रहे प्रयासों का प्रभाव दिखता है। लेकिन, इस दौरान नयी चुनौतियां भी उभर रही हैं, जिनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। यूनिवर्सल एजुकेशन के लक्ष्य को ध्यान में रखें, तो ड्रॉपआउट के ट्रेंड्स और पीटीआर पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। अभिप्राय यह कि शिक्षा की बुनियादी सुविधाओं में सुधार निश्चित रूप से सराहनीय है, लेकिन अब भी जहां असमानताएं बनी हुई हैं, उन्हें दूर करने की जरूरत है।

## ● किसने क्या कहा



महाराष्ट्र में रामराज्य लाना जनता की अपेक्षा और पार्टी की जिम्मेदारी है

**नितिन गडकरी**
**सड़क परिवहन मंत्री**

शरद पवार-उद्धव ठाकरे को जनता ने उनकी जगह दिखा दी



**अमित शाह**
**गृहमंत्री**

# रिटायर्ड अफसरों के बोझ तले दबा आरटीआई का ढांचा

विशेष | **डॉ. सत्यवान सौरभ**

> सेवानिवृत्त अधिकारी उन विभागों के खिलाफ निर्णय लेने में संकोच कर सकता है, जिनके लिए उन्होंने कभी काम किया था, जिससे समझौतापूर्ण फैसले होते हैं। पारदर्शिता में विशेषज्ञता की कमी एक बड़ा मुद्दा है। सेवानिवृत्त सिविल सेवकों में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक विशेष ज्ञान की कमी हो सकती है, जो आरटीआई अधिनियम का मुख्य हिस्सा है। सेवानिवृत्त नौकरशाह वर्तमान सामाजिक मुद्दों से कटे हुए हो सकते हैं, जिससे सार्वजनिक शिकायतों को प्रभावी ढंग से सम्बोधित करने की उनकी क्षमता कम हो सकती है। प्रशासनिक पृष्ठभूमि से आने वाले सूचना आयुक्त समकालीन दृष्टिकोण से सूचना तक पहुंचने के बारे में जनता की चिंताओं को पूरी तरह से नहीं समझ सकते हैं।

**भारत** में सूचना आयुक्तों के रूप में सेवानिवृत्त सिविल सेवकों के प्रभुत्व ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) ढांचे की स्वतंत्रता और विविधता के बारे में चिंताएँ बढ़ा दी हैं। जबकि उनका अनुभव मूल्यवान हो सकता है, इस ने संभावित पूर्वाग्रहों और सीमित प्रतिनिधित्व पर बहस छेड़ दी है। इस तरह के प्रभुत्व के निहितार्थ और उम्मीदवारों के लिए पात्रता मानदंड को व्यापक बनाने के लिए सुधारों की आवश्यकता का पता लगाता है। आरटीआई ढांचे में स्वतंत्रता और विविधता के बारे में कई चिंताएँ हैं। सेवानिवृत्त सिविल सेवकों का प्रभुत्व एक संकीर्ण, एकरूप दृष्टिकोण बनाता है, जो निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में विविधता को कम करता है। सेवानिवृत्त नौकरशाहों को अक्सर प्रतिष्ठान का हिस्सा माना जाता है, जिससे सरकार की कार्रवाइयों को निष्पक्ष रूप से चुनौती देने की उनकी क्षमता सीमित हो जाती है। पूर्व सरकारी कर्मचारी अपने पूर्व सहयोगियों के प्रति पूर्वाग्रह प्रदर्शित कर सकते हैं, जिससे अपीलों को संभालने में निष्पक्षता कम हो सकती है। एक सेवानिवृत्त अधिकारी उन विभागों के खिलाफ निर्णय लेने में संकोच कर सकता है, जिनके लिए उन्होंने कभी काम किया था, जिससे समझौतापूर्ण फैसले होते हैं। पारदर्शिता में विशेषज्ञता की कमी एक बड़ा मुद्दा है। सेवानिवृत्त सिविल सेवकों में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक विशेष ज्ञान की कमी हो सकती है, जो आरटीआई अधिनियम का मुख्य हिस्सा है। सेवानिवृत्त नौकरशाह वर्तमान सामाजिक मुद्दों से कटे हुए हो सकते हैं, जिससे सार्वजनिक शिकायतों को प्रभावी ढंग से सम्बोधित करने की उनकी क्षमता कम हो सकती है। प्रशासनिक पृष्ठभूमि से आने वाले सूचना आयुक्त समकालीन दृष्टिकोण से सूचना तक पहुँचने के बारे में जनता की चिंताओं को पूरी तरह से नहीं समझ सकते हैं। लंबे समय तक सरकारी सम्बद्धता वाले नौकरशाहों की नियुक्ति से जवाबदेही कम हो सकती है, क्योंकि उनके निर्णय सरकारी हितों के साथ संरेखित हो सकते हैं। विशिष्ट राजनीतिक दलों से सम्बंध रखने वाले नौकरशाह सरकारी निर्णयों को चुनौती देने में अनिच्छा दिखा सकते हैं, जिससे आरटीआई ढांचे की स्वतंत्रता कम हो सकती है। सेवानिवृत्त सिविल सेवकों के प्रभुत्व का प्रभाव पड़ता है। जब चयन पूल में विविधता का अभाव होता है, तो जनता आरटीआई ढांचे की तटस्थता में विश्वास खो सकती है। सीमित नए दृष्टिकोण वाले नौकरशाहों का प्रभुत्व अक्षमता में योगदान देता है, जिससे आरटीआई अपीलों के प्रसंस्करण में देरी बढ़ जाती है। सीआईसी के 23, 000 अपीलों का बैकलॉग बताता है कि नए दृष्टिकोण के बिना नौकरशाही नियुक्तियाँ नागरिक शिकायतों के समय पर समाधान में बाधा बन सकती हैं। नियुक्तियों में विविधता की कमी के परिणामस्वरूप समान पृष्ठभूमि वाले कुछ व्यक्तियों के हाथों में शक्ति केंद्रित हो जाती है। यह प्रथा नवीन विचारों या दृष्टिकोण में परिवर्तन को रोकती है जो आरटीआई अधिनियम की प्रभावकारिता में सुधार कर सकते हैं। विविध इनपुट के बिना, आरटीआई ढांचा आधुनिक आवश्यकताओं के अनुकूल होने में विफल हो सकता है, जिससे सुधार रुक सकते हैं जो इसे और अधिक प्रभावी बना सकते हैं। अगर लोगों को लगता है कि निर्णय पक्षपातपूर्ण हैं या पूर्व सरकारी अधिकारियों द्वारा प्रभावित हैं, तो वे आरटीआई प्रक्रिया से जुड़ने के लिए कम इच्छुक महसूस कर सकते हैं।

योग्य उम्मीदवारों के पूल को व्यापक बनाने के लिए सुधारों की तत्काल आवश्यकता है। विभिन्न विशेषज्ञता वाले पेशेवरों को शामिल करने से निर्णय लेने में व्यापक दृष्टिकोण आएगा। यह आरटीआई ढांचे में विविध दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है। यूके जैसे देशों में, सूचना आयुक्त कानून, पत्रकारिता और शिक्षा जैसे पृष्ठभूमि से आते हैं, जो स्वतंत्रता और निष्पक्षता को बढ़ावा देते हैं। एक सार्वजनिक, पारदर्शी चयन प्रक्रिया निष्पक्षता को बढ़ावा देगी और सभी को सूचना आयुक्त की भूमिकाओं के लिए आवेदन करने का समान अवसर देगी। अमेरिका कई सरकारी निगरानी भूमिकाओं के लिए एक सार्वजनिक नामांकन प्रक्रिया का उपयोग करता है, जो उम्मीदवारों के चयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करता है। कार्यकाल सीमित करने और आयु प्रतिबंध लागू करने से नए दृष्टिकोण को बढ़ावा मिल सकता है और सूचना आयोगों के भीतर गतिशील नेतृत्व की अनुमति मिल सकती है। ऑस्ट्रेलिया जैसे कई राष्ट्र वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यकाल को सीमित करते हैं ताकि दीर्घकालिक रूप से जड़ता से बचा जा सके और नए विचारों को प्रोत्साहित किया जा सके। नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के साथ एक अधिक समावेशी दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करने में मदद कर सकता है कि आरटीआई प्रणाली जनता की जरूरतों के प्रति उत्तरदायी है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में गैर-सरकारी संगठनों के सदस्य शामिल हैं, जो विविध दृष्टिकोणों के माध्यम से मानवाधिकारों के प्रति अपने दृष्टिकोण को मजबूत करते हैं। आवेदनों के लिए आउटरीच और जागरूकता का विस्तार करना: रिक्तियों को सक्रिय रूप से प्रचारित करना और आउटरीच कार्यक्रमों को बढ़ाना विभिन्न पेशेवर पृष्ठभूमि से उम्मीदवारों को आकर्षित करने में मदद करेगा, जिससे अधिक विविध पूल बनेंगे।

# नायक कभी मरते नहीं

(तिलका मांझी शहादत दिवस के उपलक्ष में)

गौरतलब | **डॉ. दीपक प्रसाद**

> तिलका मांझी, जिन्हें झारखंड का पहला स्वतंत्रता सेनानी माना जाता है, भारतीय इतिहास में एक प्रमुख नाम हैं। उनका जन्म 11 फरवरी 1750 को वर्तमान झारखंड के सुल्तानगंज (अब बिहार) में एक संथाल परिवार में हुआ था। उन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक सत्ता के खिलाफ आवाज उठायी और भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी।

**नायक** कभी मरते नहीं, वे अपने कर्मों से अमर हो जाते हैं। उनकी वीरता और बलिदान समय की सीमाओं को पार कर जाते हैं। तिलका मांझी जैसे नायक हमारे विचारों में जीते रहते हैं। उनकी शहादत प्रेरणा बनकर हर पीढ़ी का मार्गदर्शन करती है। उनके संघर्ष ने स्वतंत्रता की चिंगारी को आग में बदल दिया। सत्य और न्याय के लिए दिया गया बलिदान अमर हो जाता है। नायक केवल शरीर से विदा लेते हैं, विचारों से नहीं। वे हर दिल में हौसले की लौ बनकर जलते रहते हैं। नायक समाज की आत्मा होते हैं, जो कभी खत्म नहीं होती। तिलका मांझी का नाम इस बात का प्रमाण है कि नायक अमर हैं। तिलका मांझी, जिन्हें झारखंड का पहला स्वतंत्रता सेनानी माना जाता है, भारतीय इतिहास में एक प्रमुख नाम हैं। उनका जन्म 11 फरवरी 1750 को वर्तमान झारखंड के सुल्तानगंज (अब बिहार) में एक संथाल परिवार में हुआ था। उन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक सत्ता के खिलाफ आवाज उठाई और भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी। तिलका मांझी को झारखंड और आसपास के क्षेत्रों में आदिवासी समाज के अधिकारों और न्याय के लिए संघर्ष करने वाले योद्धा के रूप में याद किया जाता है। झारखंड के आदिवासी समाज ने हमेशा अपने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष किया है। तिलका मांझी ने भी इन्हीं मूलभूत अधिकारों की रक्षा के लिए अंग्रेजों का विरोध किया। उस समय अंग्रेजों ने झारखंड के प्राकृतिक संसाधनों का दोहन शुरू कर दिया था और आदिवासी समुदाय पर कठोर कर थोपे थे। इन अन्यायपूर्ण नीतियों के खिलाफ तिलका मांझी ने अपने समुदाय को संगठित किया और 1784 में ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह का नेतृत्व किया। तिलका मांझी ने तीर-धनुष से सुसज्जित होकर अंग्रेजों पर हमला किया और कई बार उन्हें परास्त किया। 1784 में, उन्होंने भागलपुर में ब्रिटिश कलेक्टर ऑगस्टस क्लीवलैंड की हत्या कर दी, जो ब्रिटिश प्रशासन के लिए एक बड़ा झटका था। हालांकि, उनकी वीरता का अंत 1785 में हुआ जब अंग्रेजों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्हें पेड़ से बांधकर घसीटते हुए भागलपुर लाया गया और वहीं 13 जनवरी 1785 को उनकी शहादत हुई। तिलका मांझी झारखंड के लिए सिर्फ एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि प्रेरणा का स्रोत हैं। उनके संघर्ष ने यह संदेश दिया कि अपने अधिकारों और संसाधनों की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयास करना आवश्यक है। उनके नेतृत्व ने झारखंड के आदिवासी समाज को एक नई चेतना और साहस प्रदान किया। आज भी झारखंड के कई स्थानों पर तिलका मांझी के नाम पर स्मारक, विश्वविद्यालय और संस्थान स्थापित किए गए हैं, जैसे कि तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय।

## अंकजाल - 7788

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 10 | 16 | 50 | 36 | | | 8 | 22 | |
| 17 | | 2 | | 5 | | 9 | | 7 | 18 |
| 25 | 5 | | 7 | | | | 2 | | 17 |
| | | 6 | | 9 | | 7 | | 5 | 39 |
| | | | 5 | | 8 | | 2 | | 34 |
| 35 | | 5 | | 7 | | 6 | | | |
| 43 | 2 | | 6 | | 4 | | 8 | | |
| 19 | | 8 | | | | 6 | | 7 | 26 |
| 14 | 3 | | 6 | | 2 | | 6 | | 20 |
| | 18 | 23 | | | 25 | 56 | 22 | 23 | |

*अंकजाल 7787 का हल*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 15 | 26 | 14 | | 29 | 13 | 17 | 22 | |
| 14 | 2 | 7 | 5 | | 8 | 2 | 7 | 5 | 22 |
| 17 | 8 | 5 | 4 | | 7 | 5 | 3 | 8 | 23 |
| 12 | 2 | 7 | 3 | | 2 | 6 | 7 | 9 | 24 |
| 24 | 3 | 7 | 2 | 5 | 7 | | | | |
| | | | | 8 | 5 | 6 | 7 | 3 | 29 |
| 17 | 6 | 4 | 5 | 2 | | 5 | 6 | 3 | 14 |
| 27 | 4 | 7 | 8 | 8 | | 5 | 8 | 6 | 19 |
| 25 | 4 | 6 | 8 | 7 | | 2 | 7 | 1 | 10 |
| | 14 | 17 | 21 | 30 | | 18 | 28 | 13 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## श्रद्धा के मुताबिक पूजा

**हरेक** व्यक्ति में चाहे वह जैसा भी हो, एक विशेष प्रकार की श्रद्धा पाई जाती है। लेकिन उसके द्वारा अर्जित स्वभाव के अनुसार उनकी श्रद्धा उत्तम (सतोगुणी), राजस (रजोगुणी) अथवा तामसी कहलाती है। अपनी श्रद्धा के अनुसार ही वह कतिपय लोगों से संगति करता है। अब वास्तविक तथ्य तो यह है कि जैसा कि गीता के 15 वें अध्याय में कहा गया है कि प्रत्येक जीव परमेर का अंश है। अतएव वह मूलतः इन समस्त गुणों से परे होता है। लेकिन जब वह भगवान के साथ अपने सम्बन्ध को भूल जाता है और बद्ध जीवन में भौतिक प्रकृति के संसर्ग में आता है तो वह विभिन्न प्रकार की प्रकृति के साथ संगति करके अपना स्थान बनाता है।

## आज का इतिहास

- एलिजाबेथ (प्रथम) इंग्लैंड की साम्राज्ञी 1559 में बनी।
- स्पेन में राष्ट्रीय दिवालियेपन की घोषणा के बाद 1607 में 'बैंक ऑफ जेनेवा' का पतन हुआ।
- इतालवी खगोलविद, भौतिकविद एवं गणितज्ञ गैलीली गैलिलियो ने 1610 में बृहस्पति के चौथे उपग्रह कैलिस्टो की खोज की।
- मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर ने 1709 में अपने तीसरे भाई काम बख्श को हैदाराबाद में हराया।
- उदयपुर के राणा ने 1818 में मेवाड़ प्रांत की रक्षा के लिये ब्रिटिश सेना के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी की सेना के अधिकारी डॉ. विलियम ब्राइडन 1842 में 'आंग्ल अफगान युद्ध' में जिंदा बचे रहनेवाले इकलौते ब्रिटिश सदस्य रहे।
- अंग्रजों और सिखों के बीच 1849 में चिलियनवाला में दूसरा युद्ध हुआ।
- असम में युवाओं ने 1889 में अपनी साहित्यिक पत्रिका 'जोनाकी' का प्रकाशन शुरू किया।
- न्यूयॉर्क शहर में दुनिया का पहला सार्वजनिक रेडियो प्रसारण 1910 से प्रारम्भ हुआ।
- इटली के एवेज्जानो शहर में 1915 में आये विनाशकारी भूकम्प में 30 हजार से अधिक लोग मारे गये।
- 1930 में पहली बार मिकी माउस कॉमिक स्ट्रिप का प्रकाशन हुआ।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हिन्दू-मुस्लिम एकता बनाये रखने के लिए 1948 में आमरण अनशन शुरू किया।
- टोगों के राष्ट्रपति सिलवेनस ओलिम्पियो की 1963 में एक सैनिक विद्रोह में हत्या कर दी गयी।
- भारत के पूर्वी राज्य पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में 1964 में हिन्दू और मुसलमानों के बीच भयानक साम्प्रदायिक दंगे हुए। इनमें करीब 200 लोग मारे गये और 300 से ज्यादा लोग घायल हुए।
- 1966 में अमेरिका ने नवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- नासा ने 1978 में पहली अमेरिकन महिला अंतरिक्षयात्री का चयन किया।

## सुविचार

देश का उद्धार विलासियों द्वारा नहीं हो सकता। उसके लिए सच्चा त्यागी होना आवश्यक है।
**प्रेमचंद**

सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।
**स्वामी विवेकानंद**

# मौसम पूर्वानुमान से लेकर प्रबंधन तक, भारत ने तय किया एक लम्बा सफर

गौरतलब | **डॉ. पीएस गोयल**



> पृथ्वी आयोग ने चार सफल बैठकों के साथ अच्छा काम किया, जिनमें से दो प्रधानमंत्री कार्यालय में आयोजित की गयीं। दुर्भाग्य से, मंत्रिमंडल ने घोषणा की, कि पृथ्वी आयोग को कैबिनेट नोट का मसौदा तैयार करने में मामूली चूक के कारण एक वर्ष के फलदायी कामकाज के बाद मंजूरी नहीं मिली। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिवों और प्रतिष्ठित पृथ्वी विज्ञान विशेषज्ञों ने आर्कटिक और अंटार्कटिक में बर्फ पिघलने के कारण जलवायु परिवर्तन और बदलती विश्व व्यवस्था को प्रभावी ढंग से सम्बोधित करने के लिए एक पृथ्वी आयोग की स्थापना की आवश्यकता महसूस की है।

**जुलाई** 2006 में, जब पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय अस्तित्व में आया, तो भारत पृथ्वी प्रणाली विज्ञान के लिए समर्पित मंत्रालय रखने वाला पहला देश था। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय को देश में पृथ्वी प्रणाली विज्ञान से संबंधित ज्ञान उत्पन्न करने और सेवाएँ प्रदान करने का कार्य सौंपा गया था: मौसम, जलवायु, महासागर और तटीय स्थिति, जल विज्ञान, भूकंप विज्ञान और प्राकृतिक खतरे; समुद्री सजीव और निर्जीव संसाधन; और पृथ्वी के ध्रुवों (आर्कटिक, अंटार्कटिक और हिमालय) के लिए सार्वजनिक लाभ के लिए। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रपति की अधिसूचना के माध्यम से महासागर विकास विभाग को पुनर्गठित करके बनाया गया था। प्रोफेसर रोधम नरसिम्हा द्वारा समुद्र और वायुमंडल को एक युग्मित प्रणाली के रूप में मानने और ठोस पृथ्वी और क्रायोस्फेयर को सोखने के द्वारा मौसम के पूवार्नुमान को बेहतर बनाने की आवश्यकता का हवाला देते हुए, मैं पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय को तैयार करने के सावधानीपूर्वक कार्य का नेतृत्व करने के लिए सहमत हुआ। जुलाई 2005 में महासागर विकास विभाग का कार्यभार संभालने से पहले, मैं भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (क्रफ्ड) सैटेलाइट सेंटर, बेंगलुरु में था। फिर, जब 2006 में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय अस्तित्व में आया, तो मैं (आधिकारिक रूप से) पहला सचिव था, जिसने मंत्रालय के समग्र संस्थागत ढांचे में वायुमंडलीय विज्ञान को महासागर विज्ञान घटक में एकीकृत करने का विशाल कार्य निष्पादित किया। उस समय, सीएसआईआर-राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान, गोवा और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की समुद्री शाखा को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में शामिल करना भी विचाराधीन था विस्तृत अंतर-मंत्रालयी परामर्श के बाद, मंत्रिमंडल ने 12 जुलाई, 2006 को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और पृथ्वी आयोग के गठन को मंजूरी दे दी। पृथ्वी आयोग ने चार सफल बैठकों के साथ अच्छा काम किया, जिनमें से दो प्रधानमंत्री कार्यालय में आयोजित की गईं। दुर्भाग्य से, मंत्रिमंडल ने घोषणा की कि पृथ्वी आयोग को कैबिनेट नोट का मसौदा तैयार करने में मामूली चूक के कारण एक वर्ष के फलदायी कामकाज के बाद मंजूरी नहीं मिली। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिवों और प्रतिष्ठित पृथ्वी विज्ञान विशेषज्ञों ने आर्कटिक और अंटार्कटिक में बर्फ पिघलने के कारण जलवायु परिवर्तन और बदलती विश्व व्यवस्था को प्रभावी ढंग से संबोधित करने के लिए एक पृथ्वी आयोग की स्थापना की आवश्यकता महसूस की है।

1982 में, महासागर विकास विभाग मुख्य रूप से अंटार्कटिका में भारत की उपस्थिति को चिह्नित करने के लिए बनाया गया था। यह गोवा में राष्ट्रीय ध्रुवीय और महासागर अनुसंधान केंद्र (एनसीपीओआर) की स्थापना का अग्रदूत भी बना, जो भारत का एकमात्र वैज्ञानिक संस्थान है जो अंटार्कटिका, आर्कटिक और हिमालय में भारतीय वैज्ञानिक अभियानों की सुविधा प्रदान करता है, इन भौगोलिक क्षेत्रों में भारतीय अनुसंधान केंद्रों की स्थापना और रखरखाव करता है, और पृथ्वी के ध्रुवों में देश की रणनीतिक उपस्थिति और गतिविधियों को सुनिश्चित करता है। महासागर विकास विभाग (तत्कालीन पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय) के संस्थापक सचिव डॉ एसजेड कासिम ने 1981-82 में अंटार्कटिका में पहले भारतीय वैज्ञानिक अभियान का नेतृत्व किया और 1983 में अंटार्कटिका में 'दक्षिण गंगोत्री' नाम से पहला भारतीय अनुसंधान स्टेशन स्थापित किया। 1990 के दशक के उत्तरार्ध में महासागर विकास विभाग ने राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी), चेन्नई और भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (आईएनसीओआईएस), हैदराबाद को अपने अधिकार क्षेत्र में ले लिया, जिससे अर्थव्यवस्था और लोगों के जीवन में महासागर प्रौद्योगिकी और महासागर आधारित सेवाओं के महत्वपूर्ण महत्व को रेखांकित किया गया, जिसकी महासागर विकास विभाग के तत्कालीन सचिव डॉ ए ई मुथुनायगम ने पुरजोर वकालत की थी। उनके पूर्ववर्ती और उत्तराधिकारी डॉ वीके गौर और डॉ एचके गुप्ता प्रसिद्ध भूकंपविज्ञानी थे, जिन्होंने राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद में प्रतिष्ठित पदों पर कार्य किया था। भारत मौसम विज्ञान विभाग को 2006 में ही पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन लाया गया था, हालाँकि यह भारत सरकार के सबसे पुराने विभागों में से एक है। 1875 में स्थापित (मुख्य रूप से भारतीय मानसून को समझने के लिए) और भारत की स्वतंत्रता तक अंग्रेजों के नेतृत्व में, क्टऊ14 जनवरी, 2025 को अपनी 150वीं वर्षगांठ मना रहा है।

IMD कई भारतीयों के रोजमर्रा के जीवन को प्रभावित करने वाला और लाखों किसानों के जीवन और आजीविका को प्रभावित करने वाला सबसे प्रमुख संस्थान बना हुआ है। भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे और राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र, नोएडा, क्रमशः 1962 और 1988 में क्टऊ की वैज्ञानिक गतिविधियों और सेवाओं को बढ़ाने के लिए स्थापित किए गए थे, जो 2006 से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन हैं। IMD, IITM और NCMRWF पहले विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन थे।

1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद, IMD को नागरिक उड्डयन में स्थानांतरित कर दिया गया, और इसके कैडर (वैज्ञानिक पदों सहित) को संघ लोक सेवा आयोग के तहत स्थापित किया गया। ऐसा इसलिए था क्योंकि IMD को केवल एक सेवा इकाई माना जाता था, जो पायलटों को मौसम संबंधी ब्रीफिंग प्रदान करती थी। यह तब था जब IMD के वैज्ञानिक चरित्र को एक महत्वपूर्ण झटका लगा, एकमात्र राहत यह थी कि विश्व मौसम विज्ञान संगठन जैसे निकायों के साथ इसका संपर्क जारी रहा। 1985 में, क्टऊको विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में स्थानांतरित कर दिया गया, जहाँ इसने मौसम और जलवायु पूवार्नुमान प्रदान करने के लिए पारंपरिक तकनीकों और मानव विशेषज्ञता पर निर्भरता जारी रखी। 2006 में IMD का पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में विलय कई मोर्चों पर एक ऐतिहासिक निर्णय था। अधिक ध्यान अवलोकन नेटवर्क और बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने (अधिक और बेहतर डॉप्लर मौसम रडार, स्वचालित मौसम स्टेशन और रेडियोसॉन्ड स्थापित करना, दिल्ली और पुणे में केंद्रीय प्रसंस्करण स्टेशनों को डेटा प्रवाह को जोड़ना) और पूवार्नुमानों के लिए भौतिकी-आधारित संख्यात्मक मॉडलिंग दृष्टिकोण को अपनाने पर था। इसके अलावा, इसे वैज्ञानिक इकाई में बदल दिया गया, जिसका अर्थ है कि पद वैज्ञानिक कैडर के थे। इन परिवर्तनों के परिणामस्वरूप मौसम, चक्रवातों और चरम मौसम की घटनाओं के बेहतर पूवार्नुमान सामने आए, जिन्हें दुनिया में सर्वश्रेष्ठ माना गया। भविष्य की दिशाएँ भारत एक कृषि प्रधान समाज है, जिसमें 70% से अधिक हिस्सेदारी छोटे किसानों की है और मौसम से संबंधित समय पर और सटीक जानकारी के लिए एक बहुत बड़ी उपयोगिता है। पिछले दस वर्षों में मौसम और जलवायु सेवाओं और बुनियादी ढाँचे में सुधार की दिशा में जबरदस्त प्रगति हुई है। 2024 में मिशन मौसम के शुभारंभ का लक्ष्य आने वाले दो वर्षों में हमें और भी बड़ा और बेहतर बनाना है। देश का अवलोकन नेटवर्क, डेटा रिजॉल्यूशन, सूचना प्रसार और लीड टाइम सभी का उद्देश्य हमारे लोगों के लिए अधिक उपयोगी बनना है। हमें अपनी कृषि-मौसम सेवाओं को अधिक किसान-विशिष्ट और सटीक बनाने के लिए प्रयास जारी रखना चाहिए तथा ओलावृष्टि, विमानों में बर्फ जमना, चरम मौसम-आधारित भूस्खलन, बाढ़ आदि जैसी घटनाओं के लिए पूवार्नुमान और शमन क्षमताओं को बढ़ाना चाहिए। हम जल-घाटे वाले क्षेत्रों में कृत्रिम वर्षा के लिए क्लाउड सीडिंग जैसे मौसम प्रबंधन के नवीन तरीकों का अध्ययन और परीक्षण करने के लिए उन्नत सुविधाएं भी स्थापित कर रहे हैं।

मौसम एक अव्यवस्थित प्रणाली है, इसलिए दीर्घकालिक पूवार्नुमान (विशेष रूप से चार से छह महीने पहले के मानसून के पूवार्नुमान) केवल संख्यात्मक मॉडलिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के माध्यम से किए जा सकते हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण होने वाले परिवर्तनों का अध्ययन करने के लिए भी सामान्य एआई तकनीकों की आवश्यकता होती है। आईएमडी के पास एक विशाल डेटाबेस है, जो एआई-आधारित पूवार्नुमान के लिए एक परिसंपत्ति साबित हो सकता है। मंत्रालय के उच्च-प्रदर्शन वाले सुपरकंप्यूटर को 2024 में प्त 22 पेटाफ्लॉप (संयुक्त क्षमता में) (प्त 6 पेटाफ्लॉप से) में अपग्रेड किया गया था, और पिछले दशक में रिजॉल्यूशन 70 किलोमीटर से 12 किलोमीटर तक सुधर गया है। हालाँकि, उच्च कंप्यूटिंग कौशल और बेहतर रिजॉल्यूशन मौसम पूवार्नुमान के पहलुओं का केवल एक अंश है। रिजॉल्यूशन को विस्तारित अवलोकन नेटवर्क के साथ मेल खाना चाहिए। इसके लिए, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय/क्टऊ ने डॉपलर मौसम रडार, रेडियोसॉन्ड, अहर आदि का एक सघन नेटवर्क स्थापित करने की योजना बनाई है। फिर भी, ये केवल भूमि पर हैं, जिसका अर्थ है कि विश्वसनीय परिणाम देने वाले मॉडल के लिए वांछित संकल्प के अनुकूल महासागर अवलोकन निकट भविष्य में स्थापित किए जाने हैं। मंत्रालय कंप्यूटर में अगली बड़ी चीज का भी सबसे अच्छा उपयोग कर सकता है: एक क्वांटम कंप्यूटर, जिसकी 50द्ध३ क्षमता सेकंड में एन्क्रिप्शन को डिकोड कर सकती है, जिसे निष्पादित करने में एक पारंपरिक सुपर कंप्यूटर को अरबों साल लगेंगे। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय को प्रधान मंत्री विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार सलाहकार परिषद (पीएम-एसटीआईएसी) के तहत राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के एक सक्रिय सदस्य के रूप में परिकल्पित किया जाना चाहिए, जो भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) के कार्यालय द्वारा संचालित है। मौसम और जलवायु से संबंधित प्रेक्षणों के लिए मल्टी-चैनल प्रोफाइलर्स, माइक्रोवेव साउंडर्स, स्कैटरोमीटर, महासागर रंग मॉनिटर आदि जैसे उच्च-स्तरीय सेंसरों के साथ निचली कक्षाओं में और अधिक उपग्रहों की आवश्यकता बनी हुई है। इसलिए, इसरो और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय को मिलकर काम करना जारी रखना चाहिए।

साथ ही, इसरो की भूमिका उपग्रह प्रदाता से बढ़कर उपग्रह मौसम विज्ञान में भागीदार की हो सकती है। राष्ट्रीय प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन प्रणाली की उपसमितियों की तर्ज पर पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और इसरो के बीच एक कार्य समूह लाभकारी होगा। WMO जैसे संयुक्त राष्ट्र निकायों को मानक विनिर्देशों, उपग्रहों को लॉन्च करने और डेटा साझा करने के लिए एक सहकारी और व्यापक ढांचे के विकास की सुविधा प्रदान करनी चाहिए। क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास में निवेश को मुख्य बिंदु पर रहना चाहिए।

भारतीय मौसम विभाग के 150 वर्ष, पूरे पिछले वर्ष में सार्वजनिक आउटरीच और जुड़ाव के साथ कई गतिविधियों के माध्यम से मनाए गए, जो हमारी अमिट भावना, समृद्ध इतिहास और हमारे लोगों की सेवा करने के उत्साह की याद दिलाते हैं। हम अपने उद्देश्य एस3: समाज के लाभ के लिए अपने लोगों की सेवा के लिए विज्ञान, को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं।

**(लेखक भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव हैं।)**

## राशिफल

**मेष** अपने हितैषी समझे जानेवाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**तुला** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देनेवाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जायेगा।

**वृष** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें।

**वृश्चिक** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**मिथुन** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**धनु** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**कर्क** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**मकर** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

**सिंह** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**कुंभ** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**कन्या** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**मीन** सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक : नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड): विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### लातेहार के बाजारों में तिलकुट की महक, गया के कारीगरों की खास तैयारी



**लातेहार :** मकर संक्रांति के नजदीक आते ही लातेहार जिले के बाजार तिल और गुड़ की सौंधी महक से भर गए हैं। तिलकुट और उससे बनी सामग्री की खरीदारी में लोग जोर-शोर से जुट गए हैं। उत्तर भारत में दही-चिउड़ा, गुड़ और तिल का सेवन इस पर्व की एक प्राचीन परंपरा है। इस साल 14 जनवरी को मनाए जाने वाले इस त्यौहार के लिए लातेहार के बाजारों में तिलकुट की दुकानें खूब सज-धज कर तैयार हैं।

गया के कारीगरों की खासियत तिलकुट बनाने के लिए विशेष रूप से बिहार के गया और नवादा से कारीगर बुलवाए गए हैं। गया में बने तिलकुट का स्वाद बेहद खास माना जाता है, जो इस त्यौहार की तैयारी को और भी खास बना देता है। दर्जनों कारीगर दिन-रात मेहनत कर चीनी, गुड़ और खोवा से स्वादिष्ट तिलकुट तैयार कर रहे हैं। लोहे के बर्तनों में तिल भूनने और गुड़ की चाशनी की महक से बाजारों का माहौल त्योहारमय हो गया है। तिलकुट के शौकीनों के लिए राहत इस बार तिलकुट, तिल के लड्डू और तिलपट्टी की कीमतें पिछले साल जैसी ही हैं ।

### झारोटेफ की राज्यस्तरीय बैठक में लातेहार की टीम ने की सहभागिता



**लातेहार :** झारोटेफ की दो दिवसीय प्रांतीय कमेटी की बैठक कोल नगरी धनबाद के द रीट रिसोर्ट में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो विधायक सह सचेतक मथुरा महतो ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में लातेहार जिला से जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव सचिव प्रदीप कुमार सिंह कोषाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह संयुक्त सचिव संजीव कुमार चंद्र प्रखंड सचिव दिलीप कुमार सिंह ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से तीन प्रस्ताव पास किया गया, जिसे राज्य सरकार के समक्ष रखा जाएगा। इनमें अन्य राज्यकर्मियों की भांति शिक्षकों को भी एमएसपी का लाभ दिया जाए, कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति का उम्र 62 साल हो और जन सेवक सभी लिपिक संवर्ग चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी के एकीकृत लिपिक नियमावली एवं अन्य समस्याओं का निदान हो प्रस्ताव शामिल है। अन्य मांगों में केंद्रीय कर्मचारियों की भांति झारखंड सरकार के कर्मचारियों को शिशु शिक्षण भत्ता परिवहन भत्ता दिया जाए, शिक्षकों को भी सीमित सेवा परीक्षा में भाग लेने का अवसर प्रदान की जाए, वर्तमान में होने वाली अवर शिक्षा पदाधिकारी की नियुक्ति में शिक्षकों को आरक्षण प्रदान की जाए। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए विधायक मथुरा महतो ने कहा कि विधायक ने कहा कि आप सभी की मांगों को झामुमो के घोषणा पत्र में रखा गया है और जल्द आप सभी के मांगों को पूरा करने हेतु सरकार स्तर पर रखूंगा और पूरा कराऊंगा।

# संवाद, सामर्थ्य और समृद्धि की त्रिवेणी हैं विवेकानंद : डॉ. खान

- एम.के. डी.ए.वी. में मनायी गयी स्वामी विवेकानंद की 163 वीं जयंती



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** बालू में मूर्तिमान दिखाई दिए स्वामी जी उठो,जागो,और लक्ष्य प्राप्त करने से पहले मत रुको इस प्रसिद्ध कथन के उद्घोषक स्वामी विवेकानंद जी की 163 वीं जयंती 12 जनवरी 2025 को एम.के. डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एम.के. डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डॉक्टर जी.एन खान ने वरिष्ठ सहयोगियों के साथ स्वामी जी के चित्र के समक्ष वैदिक मंत्रोचार के बीच दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात सभी शिक्षकों ने बारी- बारी से स्वामी जी को पुष्पांजलि देकर नमन किया । विद्यालय के कला शिक्षक श्री प्रवीर पात्रा ने रेत पर स्वामी जी का सुंदर चित्र बनाया, जो छात्रों एवं शिक्षकों के आकर्षण का केंद्र रहा। प्राचार्य जी एवं अन्य शिक्षकों ने वहां भी पुष्पार्चन कर स्वामी जी को नमन किया। इस अवसर पर अपने उदगार व्यक्त करते हुए डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एम.के. डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल डालटेनगंज डॉक्टर जी.एन. खान ने अपने अतीत को स्वामी विवेकानंद जी से जोड़ते हुए बताया कि मेरी शिक्षा ( इंटर एवं स्नातक ) स्वामी विवेकानंद मेमोरियल कॉलेज, जगतसिंहपुर, उड़ीसा में पूरी हुई। मैं वहां अवकाश के समय में स्वामी जी की मूर्ति के नीचे ही बैठा करता था। वहां अंकित स्वामी जी के प्रेरक वचन एवं प्रसंग मेरे लिए प्रेरणा स्रोत थे । डॉ.खान ने कहा कि स्वामी जी को देश के युवाओं पर पूर्ण विश्वास था ।स्वामी जी के अनुसार स्वस्थ युवक ही देश को परम वैभव के शिखर पर स्थापित कर सकते हैं। उनके अनुसार युवक ही देश में समृद्धि, नव परिवर्तन, नई स्फूर्ति एवं नई चेतना जागृत कर महापुरुषों के सपनों को पूरा कर सकते हैं। यही कारण है कि आज कृतज्ञ भारत स्वामी जी के जन्मदिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मना रहा है। स्वामी जी का शिकागो में विश्व धर्म महासभा, में किया गया प्रिय संबोधन, भाइयों एवं बहनों, प्रखर, ओजस्वी भाषण ने उन्हें विश्व क्षितिज पर स्थापित किया।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मनाया स्वामी विवेकानंद की जयंती



**बरवाडीह/लातेहार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बरवाडीह इकाई के द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती पर अवसर पर हॉस्पिटल चौक पर स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।इस दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर अध्यक्ष फिरोज अहमद ने कहा कि आज के युवाओं को विवेकानंद की जीवन से शिक्षा और संकल्प लेने की जरूरत है। सागर कुमार वर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का मानना था कि निर्भय होना चाहिए, आत्मविश्वास रखना चाहिए और अपने शब्दों पर विश्वास करना चाहिए। विद्यार्थी परिषद प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सोनू कुमार सिंह ने कहा कि इस दुनिया में सभी भेदभाव किसी स्तर के ना की प्रकार के क्योंकि एकता की सभी चीजों के मजबूती का रहस्य है। हम वह हैं जो हमारे हमारे सोचने बनाया है इसलिए इस बात का ध्यान रखिए कि आप क्या सोचते हैं। जब तक आप खुद पर विश्वास नहीं करते हैं,तब तक आप अपने संकल्पों विश्वास नहीं रख सकते हैंमौके पर नगर अध्यक्ष फिरोज अहमद, अमित कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सोनू कुमार सिंह, सागर कुमार वर्मा, धनंजय कुमार, जितेंद्र सिंह और दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे ।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर एबीवीपी ने किया भव्य शोभायात्रा का आयोजन

**लातेहार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लातेहार जिला इकाई के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय में अभाविप के द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जो बाजारटांड से शुरू होकर जिला खेल स्टेडियम में पहुंचे छात्र सभा के रूप में तब्दील हो गया। छात्र सभा में मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार सदर के थाना प्रभारी दुलर चौड़े उपस्थित हुई। सभा को सम्बोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि आप सभी युवा हैं और हमारा देश भी युवा है। आपके कंधों पर देश का भविष्य है। इसका सही इस्तेमाल करें और देश को प्रगति के रास्ते पर ले जाएं। उन्होंने उपस्थित युवाओं को बताया कि आज कैसे देश के कई युवा मोबाईल के लत लगने की वजह से अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। मोबाईल का सही इस्तेमला करें, ताकि आने वाला कल आप सभी युवाओं को बेहतर बने और आप एक सफल व्यक्ति के रूप में जाने जाएं। साथ ही थाना प्रभारी ने मौके पर मौजूद छात्राओं को आश्वास्त किया कि यदि आपको कोई समस्या होता है तो आपके लिए हम लोग 24 घंटा खड़ा है और आपके भविष्य का सुरक्षा और आपकी सुरक्षा करना हम सभी प्रशासन के जिम्मेवारी है। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के आदर्श के रूप में स्वामी विवेकानंद जी को अपनाना इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्होंने युवा पीढ़ी को जागरूक किया और उनके निष्ठा, अंदर आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना को प्रबल किया। उनका प्रसिद्ध उद्धरण उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक की लक्ष्य प्राप्त न हो जाए विद्यार्थियों को प्रेरित करता है कि वे अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयास करें।



## राष्ट्रीय युवा दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने बटोरी सराहना



**लातेहार :** बनवारी साहू महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रदीप कुमार तिवारी ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. तिवारी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा, स्वामी विवेकानंद ने आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और समाज सेवा का संदेश दिया। उनका प्रसिद्ध मंत्र ह्यउठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको युवाओं को अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। एनएसएस के नोडल अधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने भी इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के योगदान और विचारधारा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 1893 में शिकागो धर्म संसद में दिए गए उनके भाषण ने भारतीय संस्कृति और अध्यात्म को विश्व पटल पर स्थापित किया। कार्यक्रम के दौरान पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में मानसी कुमारी ने प्रथम स्थान, सेजल कुमारी ने द्वितीय स्थान, और प्रतिमा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार मैहर आरा को प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कई व्याख्याता और एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया।

## 24 घंटे का अखंड कीर्तन व नामकरण संस्कार सम्पन्न



**भवनाथपुर :** आनंद मार्ग प्रचारक संघ बनसानी के बैनर तले प्रभात गुरुकुल एकेडमी के प्रशाल में 24 घंटे का अखंड कीर्तन बाबा नाम केवलम व नामकरण व अन्नप्रासन संस्कार आनंदमार्ग चर्याचय के अनुसार सम्पन्न हुआ। इस अखंड कीर्तन के मुख्य अतिथि आचार्य अवनिंद्रानंद अवधूत ने कहा कि मनुष्य के जीवन में सिद्ध महामंत्र बाबा नाम केवलम कीर्तन करने से मनुष्य के शारीरिक, आर्थिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ होता है। इसलिए बिना विलंब किए हमेशा कीर्तन करते रहना चाहिए। राकेश कुमार एवं बिंदुमती के पुत्र एवम अमरनाथ कुमार एवं नेहा की पुत्री का नामकरण संस्कार सम्पन्न हुआ जिसका नाम केशव देव एवं ऋषिका रखा गया। इस अखंड कीर्तन के समापन के तत्पश्चात भूक्ति प्रधान गढ़वा दिनेश प्रसाद, भास्कर कुमार, गिरिजा नंदन दादा ने संबोधित किया। इस कार्यक्रम को संपन्न कराने में प्रोफेसर राजमोहन जी, डॉ लालमोहन जी, इंजीनियर रोहित कुमार, रंजीत कुमार, रामा मेहता, धर्मेन्द्र कुमार देव, गौतम कुमार, सिद्धू जी, कुमारी गार्गी, दुर्गा, चिंता देवी, पन्ना देवी, प्रयाग जी, रणधीर कुमार, सत्य प्रकाश यादव ,जमुना यादव सहित कई दर्जन महिला पुरुष आनंदमार्गी ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

## परीक्षा, शिक्षा, धैर्य व अनुशासन सफलता का प्रतीक : अभिषेक

- शिक्षक अभिषेक का प्रयास श्रेष्ठ : अनुमंडल पधादिकारी
- परीक्षा पर चर्चा पलामू के लिए वरदान : एस डी एम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** राजकीय कृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा पलामू के विज्ञान शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी द्वारा जूम एप के माध्यम से प्रायोजित ऑनलाइन मोटिवेशनल क्लास प्रत्येक शनिवार उपयुक्त सलाहकार कार्यक्रम के विशेष कड़ी परीक्षा पर चर्चा पलामू, मे भारतीय प्रशासनिक के सदर अनुमंडल पदाधिकारी पलामू सुश्री सुलोचना मीणा को आमंत्रित किया,अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि मार्गदर्शन प्रक्रिया के अंतर्गत छात्रों में किसी विशिष्ट विषय ज्ञान को ग्रहण करने की योग्यता का विकास सुनिश्चित करना विद्यार्थियों में नवाचार के प्रति रुचि उत्पन्न करना विषयवार तथा कमजोर विषय पर विशेष ध्यान केंद्रित करना तथा शैक्षणिक परिवेश या उद्दीपक का संपूर्ण महत्व आत्मसात करना परीक्षा के समय तर्क सहित उत्तर देना तथा भविष्य में किस क्षेत्र में कैरियर निर्माण करना है इसका महत्व का छात्रों में समावेश अनिवार्य है यह सब सम्भव शिक्षा से ही है सुश्री ने मूल्यांकन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मूल्यांकन का मूल उद्देश्य शैक्षिक उद्देश्यों की प्राप्ति, छात्रों की कठिनाइयों का स्तर का पता लगाना,अधिगम के लिए यथासंभव प्रेरणा देना,आत्मविश्वास चरित्र एवं मनोबल को बढ़ावा देना,भविष्य में सफलता का अनुमान लगाना परिश्रम के लिए प्रेरणा देना तथा आपसी स्वस्थ एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का बढ़ावा देना है। इस अवसर पर छात्र मोहमद फुजैल इराकी शक्ति राज पाठक,अनुराग चौहान इत्यादि विद्यार्थियों ने अपने प्रश्नों को अतिथि के समक्ष रखा और उनके उत्तर जाना ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रफुल्लित लकड़ा, शिक्षक सत्य प्रकाश शर्मा, मुकेश तिवारी, दिलीप प्रसाद,रवि रंजन कुमार, विवेक त्रिपाठी राहुल जयसवाल मेघा कुमारी आदि शिक्षक उपस्थित रहे ।

## केपीआईएल ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत चलाया जागरूकता अभियान



**बरवाडीह/लातेहार :** कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) ने सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा माह के तहत बरवाडीह में एक जागरुकता अभियान का आयोजन किया। केपीआईएल के सेफ्टी इंचार्ज सुबोध कु सिंह के नेतृत्व में इस अभियान की शुरूआत भगत सिंह चौक से की गई, जो मुख्य मार्ग होते हुए अंबेडकर चौक बस स्टैंड तक गई। इस दौरान सुबोध सिंह ने ध्वनि यंत्र के माध्यम से लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का काम किया।

## जंगलवार फेयर स्कूल में पुलिस और प्रशासन ने किया पौधरोपण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के नेतरहाट स्थित जंगलवार फेयर स्कूल में शनिवार को एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस उप महानिरीक्षक , उपायुक्त लातेहार उत्कर्ष गुप्ता , और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव लातेहार ने सक्रिय भागीदारी निभाई। पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र के विस्तार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकारियों ने स्वयं पौधे लगाए और उपस्थित लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक ने कहा कि हर व्यक्ति का यह दायित्व बनता है कि वह अपने आसपास हरियाली बनाए रखने में योगदान दे। उपायुक्त ने पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस अधीक्षक ने इस पहल को सकारात्मक बताते हुए छात्रों और स्थानीय नागरिकों को भी पौधारोपण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण न केवल पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में सहायक है, बल्कि यह जैव विविधता को संरक्षित करने का माध्यम भी है। इस अवसर स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने भी पौधारोपण में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। इस पहल को क्षेत्र में पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।




## अवधूत भगवान राम नर्सरी इंग्लिश स्कूल के बच्चों ने किया सतबहिनी तीर्थ स्थल का भ्रमण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर :** अवधूत भगवान राम नर्सरी इंग्लिश स्कूल के छात्र छात्राएं रविवार को कांडी थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध सतबहिनी तीर्थ स्थल का भ्रमण किया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने यहां प्रसिद्ध मंदिर देखने के साथ ही बच्चों ने पिकनिक में खूब मौज मस्ती की। स्कूल के प्रथम वर्ग से लेकर पांचवी कक्षा के छोटे छोटे बच्चों ने पिकनिक में स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह ने बताया कि स्कूल के नर्सरी से लेकर पांचवीं कक्षा तक के बच्चों ने सुप्रसिद्ध सतबहिनी मंदिर का भ्रमण किया। इसमें बच्चों ने मंदिर देखा और इसके बाद पिकनिक का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि स्कूल में पढ़ाई के साथ- साथ बच्चों को इस तरह का आयोजन कर उन्हें भ्रमण करवाना भी आवश्यक है। इससे बच्चों को एक दिन पढ़ाई को भूलकर मौज मस्ती करने का मौका मिलता है, और इससे प्राचीन गतिविधियों से बच्चे अवगत भी होते है। इस अवसर पर शिक्षिका किरण सिंह, सुषमा कुमारी, निधी कुमारी, रीमा कुमारी सहित छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### डीईओ गढ़वा के आदेश की हो रही अवहेलना

## बीत गये चार दिन, प्लस-टू हाई स्कूल भवनाथपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने नहीं दिया प्रभार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर :** डीईओ गढ़वा के आदेश के चार दिन बीत जाने के बाद भी प्लस-टू हाई स्कूल भवनाथपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक अंकित त्रिवेदी द्वारा दिलीप कुमार उपाध्याय को प्रभार नहीं दिया गया,जो साफ तौर पर विभागीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना को दर्शाता है। जबकि, दूसरी तरफ शनिवार को विद्यालय में एसएमसी की बैठक बुलायी गयी, जिसमें समिति को लोगों के समक्ष प्रभारी प्रधानाध्यापक अंकित त्रिवेदी द्वारा स्वयं को दोष मुक्त करने पर जोर दिया गया और एसएमसी के सामने अपनी बात रखी गयी। इसके जवाब में उपस्थित एसएमसी के अध्यक्ष ओमप्रकाश आर्य सहित सदस्यों ने जिला के पदाधिकारी के आदेश पर अपनी मुहर लगाते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक का प्रभार दिलीप कुमार उपाध्याय को देने पर अपनी सहमति जतायी। इस सम्बन्ध में एसएमसी अध्यक्ष ओमप्रकाश आर्य ने बताया कि बैठक बुलायी गयी थी, जिसमें उपस्थित हम सभी समिति के सदस्यों ने जिला के पदाधिकारी के आदेश मानने के लिए सहमति जतायी थी। फिर भी अगर अंकित त्रिवेदी द्वारा प्रभार नहीं दिया जाता है,तो हम सभी एसएमसी के सदस्यों द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्राचार करेंगे। बैठक में एसएमसी अध्यक्ष ओम प्रकाश आर्य, सदस्य बैजू शाह, मनोज यादव सहित शिक्षक सदस्य सुशील कुमार, प्रभात कुमार,,बाल संसद के सदस्य आदि उपस्थित थे।

**संदर्भ संज्ञान में है, प्रभार नहीं देने पर होगी कार्रवाई : डीईओ**

इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रज्जा ने कहा कि संदर्भ मेरे संज्ञान में है। प्रभार नहीं देने पर न्याय संगत कार्रवाई की जायेगी।

## शैक्षणिक भ्रमण में पटना जा रहे स्कूली बच्चों को प्रमुख ने दिखायी हरी झंडी



**मेदिनीनगर :** पांकी प्रखंड के जरही चौक स्थित कमला एजुकेशन एंड रामकृष्ण मिशन स्कूल के दर्जनों स्कूली बच्चे को शैक्षणिक भ्रमण हेतु पटना के लिए रवाना हुए, जिन्हें प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख को स्कूल के प्रधानाध्यापक राजन कुमार के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। मौके पर मौजूद लोगों के संबोधन में प्रखंड प्रमुख ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ शैक्षणिक भ्रमण भी अति आवश्यक है,नई जगह जाने से बच्चों में नई ऊर्जा का संचार होता है एवं उन्हें विभिन्न जानकारियां भी प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक की सराहना करते हुए कहा कि काफी कम समय में यह विद्यालय प्रखंड क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बन चुका है। विद्यालय के बच्चे लगातार बुलंदी की ऊंचाइयों को छू रहे हैं। जिसका श्रेय विद्यालय के प्रबंधन को जाता है।वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजन कुमार ने कहा प्रत्येक वर्ष स्कूली बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण पर विभिन्न स्थानों में भेजा जाता है ताकि बच्चों का मानसिक और बौद्धिक विकास हो, उन्होंने कहा कि इस बार बच्चे बिहार के बोधगया, शहीद स्मारक, गोलघर,तारामंडल सहित बुद्ध स्मृति पार्क का भ्रमण करेंगे।

### महुआडांड़ प्रखंड के पंचायत सचिवालय, नेतरहाट में जनता मिलन सह संवाद कार्यक्रम का आयोजन

# जनता मिलन सह संवाद कार्यक्रम में लाभार्थियों को मिला लाभ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़/लातेहार :** महुआडांड़ प्रखंड के पंचायत सचिवालय, नेतरहाट में जनता मिलन सह संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, जन प्रतिनिधियों और जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपायुक्त ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए योजनाओं की जानकारी, लाभ के लिए आवेदन और समस्याओं के समाधान की व्यवस्था की गई है। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में लोगों ने योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और आवेदन दिए। कार्यक्रम में दर्ज की गई समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कई शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकतर मामलों में 2-3 दिन के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करने के आदेश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**योजनाओं के तहत परिसम्पत्तियों का वितरण**

उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों को परिसंपत्तियां वितरित की गईं। इनमें कृषि विभाग की एनएफएसएम योजना के तहत स्प्रे मशीन, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत साड़ी और धोती, मनरेगा के जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति पत्र, स्कूली छात्रों को पोशाक, वृद्ध देखभाल योजना के तहत वॉकर स्टिक और जरूरतमंदों को गर्म कपड़े एवं कंबल शामिल हैं।

**महिला और बाल कल्याण पर विशेष ध्यान**

कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं का गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन भी संपन्न हुआ। इस पहल ने कार्यक्रम में खास आकर्षण का केंद्र बनाया। जनप्रतिनिधियों और आमजनों की भागीदारी कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आम जनता ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा, जिनमें से कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। इस मौके पर आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी और अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## राम मंदिर के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर भंडारा का आयोजन

**महुआडांड़/लातेहार :** अयोध्या में राम मंदिर के पहले स्थापना दिवस के उपलक्ष में महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय के दुर्गा मंदिर में भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा कार्यक्रम की शुरूआत के पूर्व मंदिर परिसर में विधिवत्त पूजा अर्चना कार्यक्रम आयोजित की गई। भंडारे की पूरी तैयारी श्री दशरथ प्रसाद (किराना दुकान) के सौजन्य से किया था ।जहां भंडारा के प्रसाद का भोग लगाने के बाद भंडारा के प्रसाद के वितरण करने की शुरूआत की गई। प्रसाद वितरण कार्यक्रम में श्री हीरा प्रसाद ,श्री अजय प्रसाद मंटू किराना दुकान , श्री राजू प्रसाद , अमित समेत दर्जनों लोगों के द्वारा श्रद्धांलुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। जहा देर शाम तक काफी संख्या में श्रद्धांलुओं नें भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। उधर राम मंदिर की पहली वर्षगाठ को लेकर पुरे मंदिर परिसर मे दीपो से सजाने के साथ विशेष पुजा और आरती का भी आयोजन किया गया। मौके पर आयोजन समिति के सदस्य सहित महिलाएं एवं बच्चे लोग शामिल थे।

## एक झलक

### सुरक्षा बलों ने तीर से लैस छह आईईडी किया बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के टोन्टो थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने सर्च अभियान के दौरान तीर से लैस छह आईईडी बरामद किया है। सभी आईईडी को बम निरोधक दस्ता की मदद से मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। एसपी आशुतोष शेखर ने रविवार को बताया कि टोन्टो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका और बगान गुलगुलदा के बीच में जंगली क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों ने छह तीर में आईईडी लगा रखे थे। आईईडी को बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से नष्ट किया गया। एसपी ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के खिलाफ 10 दिसंबर, 2023 से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। नक्सलियों के सफाये तक अभियान जारी रहेगा।

### गांजा बेचनेवाले दुकानदार को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोडरमा** : पुलिस अधीक्षक, को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन स्थित बजरंग बली मंदिर के समीप एक गुमटी में अवैध रूप से गांजा बेचा जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन हेतु अनिल कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कोडरमा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तिलैया थाना अंतर्गत रेलवे स्टेशन स्थित गुमटी में छापामारी की गई। छापामारी के दौरान गुमटी से डब्बा सहित 115 ग्राम गांजा बरामद किया गया, साथ ही संतोष कुमार चौधरी को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में तिलैया थाना कांड संख्या 17/25 दिनांक- 12.01.2025, धारा- 20 (ु) (2) NDPS Act दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त संतोष कुमार चौधरी, उम्र- 42 वर्ष, पिता श्रीराम कुमार, सा०- मडवाटॉड, थाना- तिलैया, जिला- कोडरमा।

### मकर संक्रांति मेला के सफल आयोजन को लेकर कमिटी गठित

**बुढ़मू** : ऐतिहासिक एकैसी महादेव धाम व काली मसान मुक्तिधाम में लगने वाले मकर संक्रांति मेला के सफल आयोजन को लेकर एक कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष बिरिया भगत, सचिव अनुराग साहू, कोषाध्यक्ष राजेश मुंडा व संरक्षक के रूप में मुखिया सचिन पाहन, मुखिया जयंती देवी, कर्मा साहू समेत अन्य को बनाया गया है। सचिव अनुराग साहू ने बताया कि मेला का उदघाटन प्रदेश के कृषि सहकारिता मंत्री शिल्पा नेहा तिर्की के द्वारा किया जाएगा। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी जूएल तिग्गा शामिल होंगे। मंदिर में भव्य कीर्तन भजन सह प्रसाद वितरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा।

### पुल के नीचे मिला युवक का शव, सड़क जाम

**गोड्डा** : जिले के महागामा - ललमटिया मुख्य मार्ग पर केचुआ चौक के पास एक पुल के नीचे रविवार को एक युवक का शव और बाइक मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृत युवक की पहचान महागामा थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर निवासी रंजीत पंडित (31 )के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि रंजीत पंडित शनिवार शाम करीब छह बजे अपनी पत्नी से 10 मिनट में लौटने की बात कहकर घर से निकले थे।

# झुमरीतिलैया विवेकानंद युवा महामंडल ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

■ अखिल भारत विवेकानंद युवा महामंडल की झुमरी तिलैया शाखा ने स्कूली बच्चों की रैली निकाली, झंडा चौक पर जनसभा की

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया** : स्वामी विवेकानंद के संदेशों की शक्तियां लिए कई विद्यालयों के छात्र-छात्राएं नारा लगाते हुए महाराणा प्रताप चौक से ढोल नगाड़ों के साथ रैली निकाली जो झंडा चौक जाकर जनसभा में तब्दील हो गई।बच्चों की रैली विवेकानंद विद्यालय से निकाली जिसमें मोहन आधारशिला, बि. आर. इंटरनेशनल स्कूल, विवेकानंद ज्ञान मंदिर, जानी बीघा, विवेकानंद आइडियल प्रोगेसिव स्कूल, फुलवरिया के बच्चों ने भाग लिया। ई ल्ल ट ी, एक रहेंगे नेक बनेंगे, विवेकानंद हमारे नेता, सेवा और त्याग हमारे राष्ट्रीय आदर्श जैसे नारे लगाते हुए बच्चे तख्तियां लेकर चलते हुए बहुत ही सुंदर दृश्य उपस्थित कर रहे थे।शहर के केंद्र झंडा चौक पहुंचकर जनसभा की शुरूआत पुष्पांजलि, माल्यार्पण, संघ मंत्र और स्वदेश मंत्र से हुई। अखिल भारत विवेकानंद युवा महामंडल की झुमरी तिलैया शाखा के सचिव अजय पांडे ने स्वागत भाषण दिया। धनबाद से आए हुए श्री रामचंद्र मिश्र ने स्वामी विवेकानंद संदेश विषय पर प्रेरक भाषण दिया। संस्था के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने स्वामी जी का जीवन और संदेश विषय पर वक्तृता दी। संस्था के संस्थापक विजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामीजी की जीवनी और संदेश सारे बच्चों को जरूर पढ़ना चाहिए और प्रेरित होकर अपना जीवन सफल करना चाहिए। महामंडल गण सोमनाथ पांडे ने प्रस्तुत किया मंच संचालन अजय अग्रवाल ने किया और कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश राय ने किया।छात्र-छात्राओं ने भी अपना अपना भाषण प्रस्तुत किया जिनमें शाहिला परवीन, तेजल कुमारी, सुधांशु कुमार और राजवीर थे।




## बीआर इंटरनेशनल स्कूल में मनायी गयी स्वामी विवेकानंद जयंती



**कोडरमा (चाराडीह)** : बी. आर. इंटरनेशनल स्कूल में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पार्पण से की गई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक ओम प्रकाश राय, अकादमिक हेड मुक्तेश शर्मा, प्रशासक सुनील कुमार, और कई शिक्षकों एवं शिक्षिकायें उपस्थिति रहे। शिक्षकों में विजय प्रकाश, कमलेश कुमार राय, राजेंद्र कुमार, केदार कुमार, नागेंद्र सिंह, शिवम सिंह, तबारक अंसारी, आलम उद्दीन, अजय कुमार राणा, अमित सिंह, मनीष कुमार आदि मौजूद थे। वहीं शिक्षिकाओं में इंद्रमणि कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, रूपा गुप्ता, अनीता कुमारी, आरती कुमारी, संध्या कुमारी, शाहिस्ता प्रवीण और प्रियंका सालूजा भी उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक विजय प्रकाश ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस के साथ जुड़ी कुछ प्रेरणादायक बातें साझा की।

### उपायुक्त ने वृद्धा आश्रम में रह रहे बुजुर्गों के बीच गर्म कपड़े, शॉल, दवाई, चप्पल, फल व व्हीलचेयर का किया वितरण

# शारीरिक-मानसिक रूप से रहें प्रसन्न : विशाल सागर

- मूकबधिर और दिव्यांग बच्चों के बीच स्वेटर, जैकेट, फल, चॉकलेट का किया वितरण
- नियमित स्वास्थ्य कैम्प के साथ बुजुर्गों को जोड़ें पेंशन योजना से
- उपायुक्त के निर्देशानुसार आश्रम में रह रहे बुजुर्गों व बच्चों हेतु स्पेशल भोज का आयोजन
- बुजुर्गों की सुविधा और ठंड से बचाव हेतु आवश्यक दवाई, मलहम व नी कैप का किया गया वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**देवघर** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर ने रविवार को देवघर प्रखण्ड के चांदडीह गांव में स्थित वृद्धा आश्रम का निरीक्षण कर वहाँ रहने वाले बुजूर्गों व मुखबुधिर बच्चों से मुलाकात कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं से अवगत हुए। साथ ही वृद्धा आश्रम में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधा, रसोईघर, स्नानघर एवं शौचालयों की साफ-सफाई की वस्तुस्थिति से अवगत हुए। इसके अलावा उपायुक्त श्री विशाल सागर ने संबंधित अधिकारियों व आश्रम के संचालक को निदेशित किया कि वृद्धा आश्रम में रहे बुजुर्गों के देखाभाल के साथ-साथ उनकी नियमित स्वास्थ्य जांच कराते रहें एवं यह कोशिश है कि यहां रहने वाले सभी बुजुर्गों व बच्चों को सभी आवश्यक मुलभूत सुविधाएं ससमय उपलब्ध हों एवं उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। आगे उपायुक्त ने ठंड को देखते हुए आश्रम में रह रहे बुजूर्गों के बीच गर्म कपड़े, शॉल, ठंड से बचाव हेतु दवाई, चप्पल व फल का वितरण कर भोजन कराया गया एवं आश्रम संचालक को निर्देशित किया गया कि जिन सामग्रियों की आवश्यकता हो उसकी सूची उपलब्ध कराया जाय, ताकि आश्रम को हर संभव मदद की जा सके।

## जज का मोबाइल चोरी करनेवाले अंतरराज्यीय गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार, गये जेल

**एजेंसी**



**दुमका** : वर्तमान समय में हर हाथ में मोबाइल फोन रहता है और आए दिन मोबाइल चोरी की प्राथमिकी थाना में दर्ज होती है। बहुत कम लोग ऐसे होते हैं, जिसका चोरी हुआ मोबाइल वापस मिल पता है। लेकिन जब किसी वीवीआईपी का मोबाइल चोरी हो जाए तो पुलिस महकमा काफी सक्रिय हो जाती है और मिलों दूर चोर को पकड़ कर मोबाइल बरामद कर लेती है। ऐसा ही एक मामला दुमका में सामने आया है। जब कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एक जनवरी को पूजा करने बासुकीनाथ पहुंचे जयपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के मोबाइल पर चोर ने हाथ साफ कर दिया था। मामला चीफ जस्टिस का था, तो पुलिस भी तत्परता दिखाते हुए बिहार, पश्चिम बंगाल और बांग्ला देश के बॉर्डर से अंतरराज्यीय मोबाइल चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चीफ जस्टिस का मोबाइल सहित चोरी के कुल आठ मोबाइल फोन पुलिस बरामद करने में सफल रही। गिरफ्तार अपराधियों में साहिबगंज जिला के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बाबुपुर गांव निवासी शिवदर्शन महतो, आकाश महतो और बिहार के किशनगंज जिला के किशनगंज थाना क्षेत्र के मछमारा गांव निवासी विजय महतो, पश्चिम बंगाल के वर्द्धमान जिला के आसनसोल थाना क्षेत्र के नया क्वाटर्र कमरबाग गांव निवासी बिरजु नुनिया शामिल है। मामले में जरमुंडी थाना प्रभारी श्यामानंद मंडल ने रविवार को बताया कि एक जनवरी 2025 को बासुकीनाथ धाम मंदिर में भीड़ भाड़ का फायदा उठाकर चोरों ने राजस्थान से आए जयपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के मोबाइल सहित अन्य कई श्रद्धालुओं का मोबाइल चुरा लिया था।

## ऑपरेशन सतर्क के तहत कोडरमा जंक्शन प्लेटफार्म 6-7 से शराब के साथ 04 अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया** : रविवार को निरीक्षक प्रभारी कोडरमा के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक बशिष्ट नारायण यादव साथ प्रधान आरक्षी नवीन कुमार तथा आरक्षी रणधीर कुमार, आरक्षी अशोक कुमार गुप्ता तथा आरक्षी जितेन्द्र कुमार सभी रेसुब, पोस्ट, कोडरमा के बल सदस्यों द्वारा ट्रेनों से प्रतिबंधित सामानों शराब तस्करी के मद्येनजर अभियान चलाकर कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 6और 7 के विभिन्न स्थानों से कुल चार व्यक्तियों को ऑपरेशन सतर्क के तहत शराब की बोतलों के साथ गिरफ्तार कर उत्पाद विभाग कोडरमा को सुपुर्द किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त में 1. दीपक कुमार, उम्र करीब 21 वर्ष, पिता उपेन्द्र चौधरी, सा० चाकंद बाजार, थाना- चाकंद, जिला गया (बिहार)। 2. रवि रंजन कुमार, उम्र करीब 18 वर्ष, पिता बेलागंज, जिला गया (बिहार) महेन्द्र चौधरी, सा०- काना विगहा, थाना। 3. ध्यानचंद कुमार, उम्र करीब 18 वर्ष, पिता बेलागंज, जिला गया (बिहार) रमेश चौधरी, सा० काना विगहा, थाना। 4. मोनू कुमार, उम्र करीब 19 वर्ष, पिता छोटु नारायण चौधरी, सा० काना विगहा, थाना- बेलागंज, जिला गया (बिहार) है। जब्त सभी शराब की कुल क्षमता 20875 मिली० व कुल कीमत 18630/- रुपए आंका गया।

## मदनगुंडी टोल प्लाजा व संघर्ष समिति में हुआ समझौता, धरना खत्म

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**चंदवारा** : चंदवारा मदनगुंडी टोल प्लाजा संघर्ष समिति कोडरमा के द्वारा 6 जनवरी 2025 से मदनगुंडी टोल प्लाजा परिसर में अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ हुआ था। धरना में बरकट्ठा विधायक अमित यादव, पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला, जानकी यादव, कोडरमा जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, हजारीबाग जिला परिषद के उपाध्यक्ष किशन यादव, कोडरमा जिला परिषद सदस्य केदार यादव, जिला परिषद सदस्य बरही कहीमुद्दीन अंसारी, प्रकाश रजक, कोडरमा जिला के सभी राष्ट्रीय वा क्षेत्रीय पार्टी के सभी पदाधिकारी धरना कार्यक्रम में भाग लिया। दिनांक 11 जनवरी 2025 को टोल प्लाजा के कार्यालय में संघर्ष समिति के पदाधिकारी एवं टोल प्लाजा के प्रबंधक मैशअपुर आलम आंदोलन में प्रतिनियुक्ति डंडा अधिकारी संजय कुमार तथा उपाधीक्षक मुख्यालय रतीभान सिंह के उपस्थिति में शांतिपूर्ण वातावरण में समझौता हुआ। जो इस प्रकार है,

1. JH 12 एवं JH 02 के निजी वाहन संपूर्ण कोडरमा जिला एवं बरही अनुमंडल के चौपारण, बरही, पदमा, बरकट्ठा तथा चलकुशा प्रखंड के सभी प्राइवेट वाहन को टोल से फ्री किया गया यानी निशुल्क गाड़ी की आगमन होगी।
2. कोडरमा जिले के सभी व्यावसायिक वाहन को मात्र आधा टोल 50% का भुगतान करना पड़ेगा। सभी को अनुकूल आधार कार्ड एवं आरसी बुक दिखाना अनिवार्य होगा। दूसरे जिले या राज्य का रजिस्टर्ड गाड़ी है तो आधार कार्ड कोडरमा जिला एवं बरही अनुमंडल का मुक्त रहेगा।
3. 05 किलोमीटर की परिधि में टैंकर कैंपर सवारी गाड़ी सभी वेबसाइट वाहनों को कोई टोल का भुगतान नहीं करना पड़ेगा।
4. कोडरमा जिले के सभी स्कूली बस को कर मुक्त किया गया।
5. टोल प्लाजा में 75 गर्मियों की आवश्यकता है जिसमें 75% स्थानीय नौजवानों को प्राथमिकता दी जायेगी।
6. यदि उक्त समझौता का पालन में प्रबंधक के द्वारा किसी तरह की चूक हुई तो पुनः संघर्ष समिति आंदोलन के लिए बाध्य होगी। संघर्ष समिति के अध्यक्ष ने सारे आंदोलनकारी एवं क्रांतिकारी का धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया। मौके पर महादेव राम, अरविंद यादव, कृष्णा यादव, रोहित कुमार यादव,अज्जू सिंह, सुरेंद्र भाई मोदी, उमाशंकर अकेला यादव, जिला परिषद अध्यक्ष कोडरमा-रामधन यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष कोडरमा-श्यामदेव यादव जिला परिषद् सदस्य-केदार यादव रवि शंकर यादव, मुंशी यादव, धीरज कुमार, अरुण कुमार, दौलत यादव, बिरेंद्र कुमार यादव, दिलीप यादव , मोती दस ,वरुण यादव मोहन कुमार, काली यादव, नवीन पांडेय, दीपक कुमार आदि अन्य सैकड़ो की संख्या में उपस्थित लोगों थे।

## गुडविल मिशन स्कूल के प्रबंधक, प्राचार्य और ट्रक के खिलाफ गोला थाना में दिया आवेदन

- मृतक के पिता ने गोला थाना में आवेदन देकर स्कूल प्रबंधक, प्राचार्य और ट्रक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : गोला प्रखंड के मठवाटाँड स्थित दामोदर रेस्टोरेंट के निकट के तिरला मोड़ समाने बीते 8 जनवरी को स्कूली बच्चों से भरे टेंपो को आलू लदे ट्रक ने टक्कर मार दिया, जिससे ट्रक के नीचे टेंपो दब गया था। जिसमें ट्रक के नीचे दबने से गुडविल मिशन स्कूल के तीन छात्र और टेंपो चालक की ट्रक के नीचे दबने से दर्दनाक मौत हो गया। ज्ञात हो कि शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के द्वारा 13 जनवरी 2025 तक राज्य के सभी विद्यालय एक से आठ कक्षा तक बंद है। उसके बावजूद गुडविल मिशन स्कूल राज्य सरकार के आदेश को ठेंगा दिखाकर स्कूल खुला रखा था। इस दुर्घटना में जान गँवाने वाले छात्र अनमोल कुमार के पिता करण कुमार महतो ने गोला थाना में रविवार को गुडविल मिशन स्कूल तिरला के प्रबंधक दाऊद आलम और प्राचार्य असजद रजा पिता दाऊद आलम और ट्रक संख्या डब्लू बी 33डी 7015 के खिलाफ आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करके कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### सहकार भारती के 46वें स्थापना दिवस पर सहकार सभा आयोजित

# सहकारिता भारत की संस्कृति का आधार : सिंह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**बोकारो** : रविवार को सहकार भारती के 46वां स्थापना दिवस के अवसर पर पलामू बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति लि. के सदस्यों द्वारा सहकार सभा का आयोजन सेक्टर-2 सोसायटी कार्यालय परिसर में किया गया। मौके पर सहकार भारती के प्रदेश संगठन समिति सदस्य श्याम बिहारी सिंह ने सहकार भारती का परिचय, लक्ष्य एवं कार्य का विस्तार से सभा को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सहकारिता भारत के संस्कृति का आधार एवं जीवन पद्धति है। सहकारिता ही भारत में गरीबों, दलितों और वंचित लोगों, असंगठित मजदूरों, किसानों, समाज के आर्थिक रूप से कमजोर श्रमिक वर्ग के आर्थिक विकास और महिलाओं के सशक्तिकरण का एक मात्र माध्यम हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत में सहकारिता आंदोलन का विस्तार हो रहा है। भारत में सहकारिता ने विचार से आंदोलन, आंदोलन से क्रांति और क्रांति से सशक्तिकरण तक का सफर तय किया है। भारत सरकार ने सहकार भारती के आग्रह पर सहकारिता मंत्रालय बनाकर सहकारिता आंदोलन को और गति दे रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है। वहीं, सहकार सभा को पलामू बचत के पूर्व अध्यक्ष केएन सिंह ने कहा कि सहकारिता समाज की आर्थिक सेवा का सर्वोत्तम मार्ग है। बोकारो के लोगो के आर्थिक विकास में जिले में संचालित क्रेडिट सोसायटीयो की अहम भूमिका है। कहा कि जब सहकारी समितियां बोकारो में कार्यरत नहीं थी तो लोग अपने बच्चे के पढ़ाई, शादी विवाह के समय जब पैसे की आवश्यकता होती तो सूदखोर के चंगुल में फंसकर अपनी मेहनत की कमाई सूद में ही दिया करते थे। हम सभी ने मिलकर सहकारिता आधारित सोसायटी खड़ा किया,आज हजारों बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर परिवार ही नहीं देश को भी आर्थिक सबल बना रहे हैं।

### कोडरमा में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

# पुलिस अधीक्षक ने किया नेतृत्व

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**कोडरमा** : पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में कोडरमा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा को लेकर एक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और नागरिकों में यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अभियान का उद्देश्य और गतिविधियाँ अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों को वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने और सिट बेल्ट पहनने के महत्व को समझाया। उन्होंने आम जनता से अनुरोध किया कि वे वाहन चलाते समय हेलमेट और सिट बेल्ट का उपयोग करें, तथा अन्य यातायात नियमों का पालन करें। पुलिस अधीक्षक ने सड़क पर यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को गुलाब देकर धन्यवाद किया और उनसे आग्रह किया कि वे अपने परिवार और आस-पास के लोगों को भी यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक करें। सहयोगी टीम इस जागरूकता अभियान में पुलिस उपाधीक्षक (प्र.) कोडरमा और जिला परिवहन पदाधिकारी की टीम भी मौजूद रही। उनके सहयोग से अभियान की प्रभावशीलता में वृद्धि हुई और नागरिकों के बीच सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में मदद मिली।सड़क सुरक्षा के इस अभियान ने कोडरमा जिले में सुरक्षित ड्राइविंग की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

# मकर संक्रांति 14 जनवरी को, 19 साल बाद बन रहे कई शुभ योग

■ पुष्य नक्षत्र, मकर राशि और शनि देव का बन रहा खास संयोग, देश के कई राज्यों में राजनीतिक उथल-पुथल की सम्भावना

**एजेंसी**

**चतरा** : स्नान-दान का महापर्व मकर संक्रांति इस बार 14 जनवरी को ही मनाया जायेगा। भगवान सूर्य नारायण 14 जनवरी को दिन में 03:27 बजे धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। मकर संक्रांति का पुण्यकाल इस बार दिनभर होगा। आचार्य चेतन पाण्डेय ने कहा कि इस बार मकर संक्रांति मंगलवार दिन को पड़ रहा है। शास्त्र के अनुसार मंगलवार को सूर्य की संक्रांति होने से पित्त, कफ और वात के प्रकोप से प्राणियों को पीड़ा होती है। राजाओं में कलह और अवृष्टि दुर्भिक्ष होने की अधिक संभावना बनती है। इस बार मकर संक्रांति के प्रभाव से राजनीतिक, सामाजिक उथल-पुथल मच सकती है। लगभग 19 वर्ष बाद इस बार मकर संक्रांति पर अद्भुत संयोग बन रहा है। मकर संक्रांति के दिन पुष्य नक्षत्र भोग करेगा।



पुष्य नक्षत्र के स्वामी स्वयं शनिदेव हैं और मकर राशि के भी स्वामी शनि देव ही हैं। यह संयोग स्नान और दान के लिए बहुत ही फायदेमंद माना गया है। आचार्य ने कहा कि 14 जनवरी को सुबह 10:29 तक पुनर्वसु नक्षत्र है। इसके बाद पुष्य नक्षत्र प्रवेश करेगा। उन्होंने कहा कि इस बार मकर संक्रांति 12 में तीन राशियों के लिए अत्यंत शुभ और लाभकारी समय लेकर आ रहा है। कर्क, तुला और मीन राशि के जातकों के लिए इस बार मकर संक्रांति विशेष लाभदायक होगा। सूर्यनारायण के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही पिछले छह माह से चला आ रहा दक्षिणायन का समापन होगा और उत्तरायण प्रारंभ होगा। उत्तरायण को देवताओं का प्रभात बेला कहा गया है। उत्तरायण होते ही हिंदू धर्मावलंबियों के सभी प्रकार के मांगलिक और शुभ कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। आचार्य ने कहा कि मकर संक्रांति के दिन भगवान भास्कर की पूजा विशेष लाभकारी मानी जाती है। इस दिन तिल का दान को विशेष महत्व दिया गया है। मकर संक्रांति के दिन भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद ॐ सूर्याय नमः, ॐ भास्कराय नमः, ॐ मित्राय नमः, ॐ भानवे नमः, ॐ खगाय नमः, ॐ पूष्ने नमः, ॐ मरिचये नमः, ॐ आदित्याय नमः, ॐ सवित्री नमः, ॐ अर्काय नमः, ॐ हिरण्यगर्भाय नमः भगवान सूर्य के अन्य नामाक्षर मंत्रों का जाप कर सकते हैं।

**मकर संक्रांति का शुभ मुहूर्त**

इस बार मकर संक्रांति माघ महीने के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाएगा। कई वर्ष के बाद इस बार यह संयोग आया है जब मकर संक्रांति का त्योहार माघ महीने में मनाया जाएगा। ऐसे में इस वर्ष मकर संक्रांति पर स्नान-दान का बहुत लाभप्रद माना गया है। आचार्य पंडित चेतन पाण्डेय ने कहा कि बृहद् ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, यदि संक्रांति दिन में हो तो इसका पुण्य कल दिनभर माना गया है। ऐसे में इस बार मकर संक्रांति का पुण्य काल सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक रहेगा। इस दरम्यान कभी भी स्नान-दान किया जा सकता है।

## बेटियों ने निभाया बेटे का फर्ज पिता की अर्थी को दिया कंधा

**एजेंसी**



**चतरा** : समाज में बेटियां अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। घर की देहरी लांघकर पुरुष के कंधा से कंधा मिलाकर समाज को आगे बढ़ा रहे हैं। गांव समाज में अंतिम संस्कार, श्मशान घाट से लेकर कर्मकांड तक पुरुषों का वर्चस्व रहा है। अब महिलाएं भी आगे आकर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला रहे हैं। पत्थलगडा प्रखंड के सिंघानी में एक बुजुर्ग का कोई बेटा नहीं था ऐसे में देहांत होने के बाद उनकी तीनों बेटियों ने कंधा देकर पुत्र का फर्ज निभाया है। बेटियों के इस दायित्व का आसपास के लोगों ने सराहना की है। गांव के बुजुर्ग महावीर बैठा की तीन पुत्रियां हैं। कोई भी पुत्र नहीं रहने के कारण जब कंधा देने के लिए कोई सामने नहीं आया तो बेटियों ने अर्थी को कंधा ही नहीं दिया बल्कि गांव के कहुआ घाट शवयात्रा में भाग भी ली। रविवार को बुजुर्ग की बेटी शकुंतला देवी, दिप्ती देवी और डिम्पल देवी के साथ उनकी भतीजी और अन्य महिलाओं के साथ ग्रामीण भी शव यात्रा में भाग लिए।

## एक झलक

### युवती के अपहरण मामले में फरार आरोपित के घर चिपकाया गया इश्तिहार

**अररिया :** जिले के बौसी थाना क्षेत्र में एक युवती के अपहरण के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे आरोपित के घर न्यायालय के आदेश पर इस्तेहार चिपकाया है। दर्ज मामले में पुलिस ने आरोपित की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए उसके घर पर इश्तेहार चिपकाया। पुलिस के अनुसार, आरोपित पर युवती के अपहरण का गंभीर आरोप है। मामले में कई बार नोटिस भेजे जाने के बावजूद आरोपित ने कोई जवाब नहीं दिया,जिसके बाद पुलिस ने यह कदम उठाया। बौंसी थानाध्यक्ष विकास पासवान ने बताया कि यदि आरोपी निर्धारित समय सीमा में पुलिस के समक्ष प्रस्तुत नहीं होता है, तो उसके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया तेज की जाएगी। इसमें आरोपी की संपत्ति कुर्क करने का भी प्रावधान है। दिल कुमार पासवान, कल्पना देवी, दीपेश पासवान, उमेश पासवान, स्वीटी कुमारी, वीरेंद्र पासवान, प्रिंस कुमार पासवान, कृष्ण कुमार पासवान फरार बताए जा रहे हैं।

### झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का उद्घाटन 13 जनवरी को

**दुलमी (रामगढ़):** दुलमी प्रखंड के झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का उद्घाटन आगामी 13 जनवरी 2025 को झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और स्थानीय विधायक ममता देवी के कर कमलों से संपन्न होगा। यह विद्यालय क्षेत्र की बालिकाओं को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा और सुरक्षित आवासीय सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है।उद्घाटन समारोह की तैयारियों का जायजा लेने के लिए रामगढ़ जिला उपायुक्त चंदन कुमार ने विद्यालय का दौरा किया। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और उद्घाटन समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और समारोह को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

### जरूरतमंदों के बीच मुखिया ने किया कम्बल का वितरण

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के खरकी पंचायत भवन में रविवार को बढ़ते ठंड को देखते हुए सरकार द्वारा पंचायत स्तरीय उपलब्ध कराए जा रहे कंबल को पंचायत के मुखिया मुनिया देवी एवं पंचायत समिति सदस्य विनोद सोरेन एवं सभी वार्ड सदस्यों के उपस्थिति में संयुक्त रूप से कुल 130 कंबल का वितरण किया गया। जिससे 90 कंबल मुखिया के द्वारा और 40 कंबल पसंस के द्वारा गरीब, बुजुर्ग, असहाय, दिव्यांग, वृद्ध, विधवा ऐसे जरूरतमंद लाभुकों को दिया गया। इस अवसर पर मुखिया मुनिया देवी ने कहा कि सरकार के कल्याणकारी योजना के तहत उपलब्ध कराए जा रहे कंबल को सभी पंचायतों में वितरण किया जा रहा है।

### शिव महापुराण कथा को लेकर की गयी जल यात्रा

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के ग्राम हेठली बोदरा में बाबा सिंघेश्वर धाम मंदिर के प्रांगण में सात दिवसीय प्रवचन के लिए जल यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया। बताया जाता है कि ग्राम हेठली बोदरा में बाबा सिंघेश्वर धाम जो प्राकृतिक शिवलिंग के रूप में विराजमान हैं। उस जगह एक प्राकृतिक शिवलिंग के साथ-साथ स्थानीय लोगों का मानना है कि यहाँ प्राचीन समय से पूजा अर्चना करते आ रहे हैं और वह स्थान प्राकृतिक धरोहरों में स्थान रखने वाला दार्शनिक स्थान है यहाँ पूजा कर कई मन्नते लोगों प्राप्त किया है। कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जिले के उपायुक्त सह विधायक सांसद को एवं झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री तक को स्थान की सौंदर्यता एवं सुलभता के लिए मांग की गई है, लेकिन किसी का ध्यान नहीं हुआ है। बताया जाता है कि आज से 6 माह पूर्व एक त्यागी नाम के सुप्रसिद्ध बाबा यहां आए और अपना स्थान जमाये हुए थे उन्हीं के कहे अनुसार शिव महापुराण का कथा प्रवचन गांव वालों ने मिलकर करने का निश्चय किया है।

# मुख्यमंत्री ने मधुबनी जिले को दी 1107 करोड़ की सौगात

एजेंसी

**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में मधुबनी जिले को 1107 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 139 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन, कायारंभ एवं शिलान्यास किया। प्रगति यात्रा के क्रम में मधुबनी जिला के प्रखंड खुटौना स्थित ग्राम दुर्गीपट्टी। पहुंचे मुख्यमंत्री ने सबसे पहले अमर शहीद रामफल मंडल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने मधुबनी जिला अंतर्गत खुटौना प्रखंड के ग्राम दुर्गीपट्टी के वार्ड संख्या-14 में सक्षम आंगनबाड़ी



केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों एवं शिक्षिकाओं से बातचीत कर मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे एवं शिक्षिकाओं ने मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। ग्राम दुर्गीपट्टी में जीविका दीदियों एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने मधुबनी जिले में अभियान बसेरा-2 के अंतर्गत कुल 926 बास भूमि विहीन परिवारों के बीच पर्चा एवं नवनियुक्त अमीनों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। मुख्यमंत्री ने स्टॉल निरीक्षण के क्रम में जीविका दीदियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि आप सभी बहुत अच्छा काम कर रही हैं। मैं आप सभी को बधाई देता हूं। जब हम सांसद थे और केंद्र में मंत्री थे तब विभिन्न जगहों पर जाकर हमने स्वयं सहायता समूहों के कामों को देखा था। राजकीय मध्य विद्यालय दुर्गीपट्टी के प्रांगण में मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री सुक्की गांव स्थित निरीक्षण स्थल पर पहुंचकर पुरानी कमला धार, जीवछ नदी, जीवछ कमला, पुरानी कमला नदी आदि को पुनर्जीवित करने एवं इससे सिंचाई बढ़ाने तथा बाढ़ न्यूनीकरण की प्रस्तावित योजना का अवलोकन किया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस प्रस्तावित योजना से कमला बलान नदी के अत्यधिक पानी को सुखाड़ वाले इलाके में पहुंचाना है और बाढ़ अवधि में कमला बलान तटबंध के दबाव को कम करना है। साथ ही बाढ़ अवधि के समय नदी में आये अत्यधिक पानी को डायवर्ट कर बाढ़ के प्रतिकूल प्रभाव से जनजीवन को प्रभावित होने से बचाना भी है। इस योजना का उद्देश्य है कि सूखाग्रस्त इलाके में पानी पहुंचाकर खेती योग्य भूमि को अत्यधिक उपजाऊ बनाना है। इस योजना के पूर्ण होने से लगभग 10 हजार हेक्टेयर में किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में जल की उपलब्धता के कारण जलीय उत्पाद मखाना आदि के पैदावार में बढ़ोत्तरी होगी। इससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी और मधुबनी एवं दरभंगा जिले के ग्राउंड वाटर टेबल के रिचार्ज में भी लाभ होगा।

## 103 किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**अररिया :** एसएसबी 56 वीं बटालियन बथनाहा मुख्यालय स्थित जवानों के स्पेशल टीम और फुलकाहा थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को कार्रवाई करते हुए 103 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया।नरपतगंज प्रखंड के भारत नेपाल सीमा से 3 किलोमीटर की दूरी पर फुलकाहा थाना क्षेत्र अंतर्गत भंगही चौक के समीप स्विफ्ट कार पर लोड 103 किलो गांजा के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार कर थाना लाया गया,जहां पूछताछ के बाद प्राथमिकी दर्ज किया गया। गिरफ्तार तस्कर में नरपतगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत



पोसदाहा वार्ड संख्या आठ निवासी गौरव कुमार एवं खैरा चंदा गांव निवासी मनीष कुमार है। बताया जा रहा है कि तस्कर नेपाल से गांजा तस्करी कर बार्डर के रास्ते फुलकाहा थाना क्षेत्र से बाहर जाने की फिराक में थे। इसी बीच बथनाहा एसएसबी जवानों के स्पेशल टीम ने फुलकाहा थाना क्षेत्र के भंगही चौक के समीप 103 किलो गांजा के साथ स्विफ्ट कार पर लोड करके जा रहे तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। मामले को लेकर नरपतगंज थानाध्यक्ष रौनक कुमार ने बताया की पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में 103 किलो गांजा के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। प्राथमिकी दर्ज के बाद गिरफ्तार तस्कर को न्यायिक हिरासत में अररिया भेजा गया।

## युवा दिवस पर प्रतियोगिता आयोजित, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**भागलपुर :** राष्ट्रीय युवा दिवस को लेकर रविवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा एवं मंदार डिफेन्स अकादमी के साझा प्रयास से युवाओं के मनोबल को मजबूत करने के लिए जय प्रकाश उद्यान मे दौड़, हाई जम्प, गोला फेंक एवं अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंग प्रदेश के काफी युवक एवं युवतियों ने इस प्रतियोगिता मे बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। कार्यक्रम मे शहर के चर्चित समाजसेवी गणमान्य उपष्ठित रहे। भाजपा भागलपुर के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने स्वामी विवेकानंद को याद करते हुए युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि ये



देश युवाओं का है और देश के बेहतर विकाश के लिए युवाओं के मनोबल का बेहतर होना बहुत जरुरी है। कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा भागलपुर के जिला अध्यक्ष चन्दन ठाकुर के नेतृत्व मे इस पूरे कार्यक्रम को पूरा किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि युवाओं के गर्मजोशी से वो काफी हर्षोत्साहित रहते है। आज का युवा हर कार्य को सफल बनाने मे सक्षम है एवं आने वाले कल का उज्वल भविष्य है। केवल जरुरी है एक सही राह दिखाने की। प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं के अंदर एक विशेष ऊर्जा का संचार होता है। भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा भागलपुर के जिला अध्यक्ष चन्दन ठाकुर द्वारा 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता मे प्रथम आने वाले अरुप कुमार, द्वितीय अंकित कुमार एवं तृतीय स्थान पाने वाले धर्मेंद्र कुमार को ट्रॉफी एवं मैडल देकर सम्मानित किया। वहीं युवतियों द्वारा दौड़ धूप प्रतियोगिता मे नेहा कुमारी ने प्रथम, नीतू कुमारी ने द्वितीय एवं सावित्री कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर के ट्रॉफी एवं मैडल प्राप्त किया।

## ओटीसी मैदान में नमो पतंग उत्सव आज



**रांची :** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति, रांची के सानिध्य में सोमवार 13 जनवरी 2025 को ओ टी सी ग्राउंड (रातू रोड) के मैदान में नमो पतंग उत्सव का आयोजन रखा गया है । माननीय सांसद व रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ के द्वारा प्रातः 8:30 बजे बताया नमो पतंग उत्सव की शुरूआत की जाएगी। हंदू भारतीय संस्कृति में आने वाली पीढ़ियों को जागृत करने के लिए ,हिंदू धर्म के संग हमारी भारतीय संस्कृति का पूर्ण निर्वाह करते हुए आज भी पतंग उत्सव ,मकर संक्रांति, लोहड़ी ,टुसू सहित अन्य त्योहारो को बड़े ही धूमधाम से समिति मनाते आ रही हैं। समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया नमो पतंग उत्सव का भव्य आयोजन 13 जनवरी को रातू रोड के ओ टी सी ग्राउंड में प्रातः 8:30 बजे प्रारंभ किया जाएगा। प्रातः 8:30 बजे निश्चित समय पर भक्ति मय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के सग पतंग उत्सव प्रारंभ हो जाएगा। जिसके अंतर्गत समिति द्वारा लोगो के बीच नमो पतंग का भी वितरण करेगी साथ ही जरूरतमंद ब्यक्तियो के बीच कंबल वितरण किया जाएगा साथ ही आयोजन में शामिल सभी लोगों के लिए खिचड़ी के महाभोग सहित दही, चुड़ा, गुड़ का भी वितरण किया जाएगा।

### सेमीफाइनल में पहुंचनेवाली पहली टीम बना भागलपुर

## अंतिम लीग मैच में कटिहार ने सिवान को हराया

**अररिया :** पूर्व केंद्रीय मंत्री तस्लीमउद्दीन की याद में नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब की ओर से आयोजित अंतर राज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट के आखिरी लीग मैच में कटिहार ने सिवान को एक गोल के मुकाबले दो गोल से पराजित किया। पिछले दिन शनिवार को खेले गए अंतिम लीग मैच में कटिहार और सिवान के बीच मैच खेला गया था लेकिन दोनों टीम बराबरी पर रही थी, इसलिए रविवार को सुबह दस बजे से इस मैच को पुनः कराया गया, जिसमें कटिहार की टीम आखिरी लीग मैच जीत लिया। उसके बाद रविवार को तीन बजे से टूर्नामेंट का पहला क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया,जिसमें



मुख्य अतिथि के रूप में कॉन्सम ग्रुप के निदेशक समर गोयल मौजूद थे। उन्होंने कहा कि खेल को बढ़ावा देने में मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब के साथी लगातार लगे हैं और निश्चित रूप से खेल के माध्यम से समाज में युवाओं को सकारात्मक संदेश देने का काम कर रही है।मुख्य अतिथि समर गोयल का परिचय दोनों टीम के खिलाड़ी से मैदान में कराया गया। मैच में उद्घोषक की भूमिका चांद आजमी और सदरे आलम ने बखूबी निभाया।मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब द्वारा नेताजी सुभाष स्टेडियम में आयोजित सीमांचल गांधी मेमोरियल फुटबॉल टूनामेंट के सफल आयोजन में क्लब के सभी साथी सक्रिय रूप से इलाज हुए हैं।

## मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा चुनावी गणित निर्धारण का द्योतक

**मधुबनी :** मुख्यमंत्री का प्रगति यात्रा को विरोधी दल राजद व माले भाकपा ने छलावा बताया।कहा मधुबनी जिला मुख्यालय सहित तीन अनुमंडल की सुधि लिए बिना नीतीश कुमार लौट गए। ताज्जुब की बात में मधुबनी मुख्यालय व बेनीपट्टी अनुमंडल को छांटकर मुख्यमंत्री वाह-वाही लूटते वापस लौट गए। राजद विधायक भारत भूषण ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का प्रगति यात्रा नहीं बल्कि चुनावी गणित फरछाने की मुहिम रहा।पुराने योजनाओं पर नया शिलान्यास- उद्घाटन की शिलापट्ट का रिमोट दागना रहा। राजद विधायक ने कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा हासिल करबाने की ऐलान कहां छुपा है डबल ईंजन सरकार में ?कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के बहाने पूरे बिहार में सिर्फ व सिर्फ प्रशासनिक अधिकारियों व नौकरशाहों को क्लास लेने में तल्लीन हैं।राजद विधायक भारत भूषण के मुताबिक मुख्यमंत्री को विकास व आमजन की समस्या से कुछ भी लेना-देना नही है।माले नेता ध्रुव नारायण कर्ण ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का प्रगति यात्रा में मधुबनी बेनीपट्टी व जयनगर अनुमंडल की आम जनता का सुधि लेना पूर्णतः वंचित रहा।माले नेता ध्रुव नारायण के मुताबिक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का प्रगति यात्रा कार्यक्रम को संजय झा का परिक्रमा यात्रा कहना उचित होगा।

### समाज सेवा का ऐसा जज्बा...

## रात में भी किसी जरूरतमंद का फोन आ जाये, तो नींद से जाग कर पहुंचते हैं मोहम्मद सईद आलम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**जामताड़ा :** समाज सेवा करने की कोई सीमा नहीं होती। अगर इंसान के अंदर समाजसेवा का जज्बा हो, तो वह किसी भी समय समाज सेवा कर सकता है। अपना लक्ष्य बना कर जरूरतमंद लोगों की मदद करना एक मिशन के रूप में जब कार्य किया जाता है, तो उसे सफलता की ओर निरंतर आगे बढ़ता है। ऐसा मानना है एक समाजसेवी मुफ्ती मोहम्मद सईद आलम का! दूसरों की पीड़ा देख कर उनकी मदद करना और निरन्तर उनके बीच में जाकर समस्याओं को सुनना इस समाजसेवी का मकसद बन गया है। समाजसेवी मुफ्ती मो. सईद आलम का कहना था कि समाज के लिए कुछ अच्छा करने का जज्बा हर



किसी में होना चाहिए। जो लोग समाज सेवा करते हैं, वे सदैव प्रसन्न रहते हैं। उनका नाम होता है। समाज सेवा का दूसरा बड़ा लाभ यह है कि इससे पुण्य की प्राप्ति होती है। जीवन में पैसा-रुपया कुछ साथ नहीं जाता, बल्कि व्यक्ति द्वारा किये गये नेक कार्य ही साथ जाते हैं। दुनिया में नहीं रहने के बाद भी लोग उनको याद करते हैं। हमेशा याद रखो कि समाज में जो लोग परेशान हैं, उनकी मदद करो, तो आत्मिक सुख का अनुभव होगा। मां-बाप के कहे हुए शब्द आज भी याद हैं। उनके दिखाये रास्ते पर चलने का प्रयास करता हूं। इस मौके पर इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जामताड़ा जिला अध्यक्ष ने समाजसेवी को सम्मान देने के लिए उनकी कहानी को सामने लाने का प्रयास किया, जो अपनी पूरी ताकत-शक्ति के साथ जोश-जुनून से समाजसेवा में लगे हैं। बिना किसी सम्मान की चाहत के यह रोजाना सुबह समाज हित के लिए निकलते हैं। ऐसे समाजसेवी से हर किसी को प्रेरणा लेनी चाहिए। समाज सेवा के कार्य करते हुए मुफ्ती मोहम्मद सईद आलम अब तक हजारों से ज्यादा जरूरतमंद लोगों की मदद कर चुके है। जात, बिरादरी व मजहब नहीं देखते हैं, लक्ष्य सिर्फ मदद करना है।

## सांसद ने लोकसभा में उठाये गये बिन्दुओं को रखा पत्रकारों के समक्ष

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रामगढ़ :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल की पहली बार में ही देश के सर्वोच्च सदन संसद के तीनों सत्रों में बेमिसाल उपलब्धि रही। उन्होंने तीन सत्रों के 54 दिनों की सदन अवधि में कुल वर्किंग डे 44 में दमदार अपनी सौ फीसदी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अनमोल अवधि में अपने हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के जनहित से जुड़े कई क्रांतिकारी और कल्याणकारी कुल 72 मुद्दे उठाए और 07 बार उन्हें लोकसभा के पटल बोलने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्हें लोकसभा की तीन प्रमुख समितियों का सदस्य बनाया गया जिसमें प्राक्कलन समिति,
कोल तथा माइंस की सलाहकार समिति और उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति शामिल है।




हजारीबाग जिला मुख्यालय में सांसद सेवा कार्यालय के माध्यम से लोकसभा क्षेत्र में सेवा कार्यों और विकास को नई गति दी। सदन में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ ही लगातार लोकसभा क्षेत्र के दौरे और सांसद सेवा कार्यालय के माध्यम से जनता से सीधे जुड़कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए और यथासंभव समस्याओं के निराकरण का भरसक प्रयास किया। उक्त बातों की जानकारी खुद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने रविवार को रामगढ़ शहर के चैंबर ऑफ कॉमर्स भवन सभागार में एक विशेष प्रेस- वार्ता सह मिलन समारोह का आयोजन कर जानकारी देते हुए कहा ।
साल के अंतिम समय में सांसद मनीष जैसवाल कोई बड़ी जिम्मेवारी मिली। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में सारी बाद जिले और रामगढ़ जिले की कुल 6 विधानसभा सीटों पर एनडीए समर्थित प्रत्याशियों को जिताने का पार्टी ने जवाबदेही सौंपा। सांसद मनीष जायसवाल ने अपने कुशल प्रबंधकीय कला, ताबड़तोड़ सघन चुनावी दौरा, एनडीए कार्यकताओं के बीच विशेष समन्वय व सीधा संवाद और मतदाताओं जुड़कर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कुल 5 में से 4 विधानसभा और हजारीबाग जिले के कुल 5 में से सभी पांचों विधानसभा सीट पर बंपर जीत दिलाकर करीब 25 साल बाद एनडीए का शानदार प्रदर्शन कर इतिहास रचने का कार्य किया। जिसकी प्रशंसा संगठन से लेकर जनता के जुबां पर है। हजारीबाग के सांसद सेवा कार्यालय के तर्ज. पर जल्द ही रामगढ़ जिले की जनता के सुलभता के लिए रामगढ़ शहर में ही सांसद सेवा कार्यालय खोला जाएगा।

# संजीवनी सेवा कुटीर जरूरतमंदों के लिए एक मिसाल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग :** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमित यादव ने हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद द्वारा जनहित में संचालित संजीवनी सेवा कुटीर का दौरा किया। उन्होंने सेवा कुटीर में हो रहे कार्यों का निरीक्षण किया और इस पहल को समाज के लिए एक अनुकरणीय कदम बताया। संजीवनी सेवा कुटीर में कार्यरत कर्मचारियों से बातचीत करते हुए विधायक अमित यादव ने उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना की। इसके बाद बरकट्ठा विधायक ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के मरीज से मुलाकात की और उनका स्वास्थ्य लाभ जाना। विधायक अमित यादव ने हजारीबाग



विधायक प्रदीप प्रसाद जी की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा की प्रदीप प्रसाद जी गरीबों और वंचितों के सच्चे मसीहा हैं। उनकी दूरदर्शी सोच और समर्पण समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

**संजीवनी सेवा कुटीर की प्रशंसा**

संजीवनी सेवा कुटीर के माध्यम से समाज के गरीब और जरूरतमंदों को निशुल्क सहायता और सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इस पहल से असहाय लोगों को राहत मिल रही है। विधायक अमित यादव ने इस सेवा केंद्र की प्रशंसा करते हुए कहा की संजीवनी सेवा कुटीर जैसे प्रयास समाज को सशक्त बनाने और वंचित वर्गों को मसीहा के रूप मे अपने आप को स्थापित किया हजारीबाग विधायक ने।

**कर्मचारियों को किया प्रोत्साहित**

**विधायक** ने सेवा कुटीर में कार्यरत कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि उनकी मेहनत ही इस पहल की सफलता का आधार है। अमित यादव ने अंत में कहा की हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने यह साबित कर दिया है कि एक सच्चा जनप्रतिनिधि किस तरह से समाज के हर वर्ग के लिए काम करता है। उनके कार्य न केवल हजारीबाग बल्कि पूरे राज्य के लिए प्रेरणा हैं। हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने बरकट्ठा विधायक अमित यादव के दौरे और सराहना के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा की बरकट्ठा विधायक अमित यादव का संजीवनी सेवा कुटीर का दौरा हम सभी के लिए उत्साहवर्धक है। उनका प्रोत्साहन न केवल हमारी टीम के मनोबल को बढ़ाता है, बल्कि समाजसेवा के हमारे प्रयासों को और मजबूती प्रदान करता है। आगे उन्होंने कहा की संजीवनी सेवा कुटीर का उद्देश्य हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंचाना है। जब ऐसे प्रयासों को सम्मानित और प्रोत्साहित किया जाता है, तो यह और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देता है।

हजारीबाग सदर विधायक ने अमित यादव के समर्थन के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह दौरा सभी को एकजुट होकर समाजहित में काम करने के लिए प्रेरित करता है।

## 14 जनवरी को होगी मकर सक्रांति : पंडित तरुण झा



**सहरसा :** ब्रज किशोर ज्योतिष संस्थान,डॉ रहमान चौक सहरसा के संस्थापक ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा के अनुसार हिंदू धर्म में संक्रांति का बड़ा महत्व है।हर वर्ष 12 संक्रांतियां होती हैं और प्रत्येक संक्रांति का अपना महत्व होता है। किसी एक राशि से सूर्य के दूसरी राशि में गोचर करने को ही संक्रांति कहते हैं। जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो उसे मकर संक्रांति कहते हैं। हिंदू धर्म में मकर संक्रांति पर्व बड़े उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन सूर्यदेव की विधिवत पूजा-अर्चना की जाती है। पंडित तरुण झा ने बतलाया कि मिथिला विश्वविद्यालय पंचांग के अनुसार मकर सक्रांति 14 जनवरी, मंगलवार को ही मनाई जाएगी।सौम्यायन संक्रांतिपुण्यकालो दिन में 02.55 के बाद से है। इस दिन जप, तप, दान, स्नान, श्राद्ध, तर्पण आदि धार्मिक क्रियाकलापों का विशेष महत्व है,ऐसी धारणा है कि इस अवसर पर दिया गया दान सौ गुना बढ़कर पुनः प्राप्त होता है,मान्यता के अनुसार,इस दिन शुद्ध घी, धार्मिक पुस्तक एवं गर्म वस्त्र का दान मोक्ष की प्राप्ति करवाता है।

**मकर संक्रांति का महत्व :-**

मकर संक्रांति को लेकर ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान सूर्य अपने पुत्र शनि के दर्शन करने गए थे, इस मुलाकात में उन्होंने सारे मतभेदों को भुला दिया था, इसलिए कहा जाता है कि इस दिन सारे गिले-शिकवे भुला दिए जाते हैं।ज्योतिषीय रूप से संक्रांति के दौरान सूर्य ग्रह एक महीने के लिए शनि के घर,शनि द्वारा शासित मकर राशि, में प्रवेश करता है।

# मैरीयल स्पामो ने जीता महिला वर्ग का खिताब

**एजेंसी**

**लेह :** रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन 2 के महिला फाइनल में मैरीयल स्पामो ने चांगला लामोस के खिलाफ 3-2 की रोमांचक जीत के साथ खिताब पर कब्जा जमाया। कप्तान पदमा चोरोल की हैटट्रिक की मदद से स्पामो ने महिला श्रेणी का खिताब फिर से अपने नाम किया। स्पामो ने विजेता ट्रॉफी उठाई, जबकि उपविजेता चांगला लामोस को रनर-अप ट्रॉफी दी गई। सोमवार को पुरुषों के फाइनल में गत चैंपियन कांग सिंग्स का मुकाबला पिछले साल के उपविजेता चांगथांग शांस से होगा। महिलाओं के फाइनल मैच की शुरूआत दोनों टीमों ने जबरदस्त इच्छाशक्ति के साथ की। चांगला लामोस ने 4वें मिनट में कप्तान त्सेवांग चुश्कित के शानदार रिस्ट शॉट के साथ 1-0 की बढ़त बना ली। मैरीयल स्पामो ने बराबरी का प्रयास किया, लेकिन वे मौके को गोल में तब्दील करने में असमर्थ रहे।

**रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग**

11वें मिनट में, डिस्केट सी आंगमो ने त्सेवांग चुश्कित को एक बेहतरीन पास दिया, और त्सेवांग ने अपना दूसरा गोल करते हुए लामोस की बढ़त को 2-0 कर दिया, और पहले पीरियड के अंत में यह स्कोर कायम रहा। हालांकि, इस पीरियड के अंत में चांगला लामोस को एक झटका भी लगा, जब सोनम आंगमो को फाउल प्ले के कारण दो मिनट के लिए पेनल्टी दी गई। दूसरे पीरियड में, मैरीयल स्पामो ने अपनी पिछड़त को कम करने के लिए जोरदार वापसी की। उनकी कप्तान पदमा चोरोल ने 27वें मिनट में शानदार गोल करके अपनी टीम को मैच में वापस लाया, और स्कोर 2-1 कर दिया। खेल की ऊर्जा बढ़ी, और दोनों टीमों ने आक्रामक तरीके से मैच पर नियंत्रण पाने की कोशिश की। 35वें मिनट में, पदमा ने फिर से गोल किया और स्कोर 2-2 कर दिया, जिससे खेल का रोमांच और बढ़ गया। जैसे ही खेल के आखिरी 20 मिनट शुरू हुए, तनाव बढ़ गया और दोनों टीमें निर्णायक गोल के लिए जोर-शोर से खेलीं। खेल के इस बिंदु पर चांगला लामोस की डिचन आंगमो को आक्रामक खेल के लिए पेनल्टी दी गई, जिससे स्पामो को एक छोटा सा संख्यात्मक लाभ मिला। जैसे ही खेल ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था, पदमा चोरोल ने एक बार फिर खेल के 54वें मिनट में अपनी तीसरी और आखिरी गोल को दागा, और मैरीयल स्पामो को 3-2 की जीत दिलाई। इस शानदार वापसी के साथ मैरीयल स्पामो ने अपना रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग का खिताब बचाया, और लीग के इतिहास में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जोड़ा। रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग महिला खिताब का बचाव करने के बाद कप्तान पदमा चोरोल ने अपनी टीम की प्रदर्शन पर खुशी और गर्व व्यक्त करते हुए कहा, यह ट्रॉफी उठाना हमारे टीम के लिए गर्व और खुशी का पल है। यह हमारी मेहनत, टीमवर्क और इस लीग और रॉयल एनफील्ड द्वारा हमें मिले अवसरों का परिणाम है। हम आशा करते हैं कि हमारी जीत लद्दाख की और अधिक युवतियों को हॉकी खेलने और बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करेगी, क्योंकि जोश और परिश्रम से सब कुछ संभव है। हमारे कोच मुश्ताक अहमद गिरी को विशेष धन्यवाद, जिनकी मेहनत और मार्गदर्शन के बिना यह जीत संभव नहीं होती। फाइनल की शुरूआत रॉयल एनफील्ड आइस हॉकी लीग सीजन 2 के मुख्य अतिथि, विक्रम सिंह मलिक, सचिव, खेल विभाग, यूटी प्रशासन लद्दाख द्वारा पारंपरिक पक ड्रॉप से हुई। उत्सव का आनंद बढ़ाते हुए, स्थानीय युवा लड़कियों ने ब्रेक टाइम के दौरान दर्शकों का मनोरंजन करते हुए आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दीं।



## एक झलक

### 21 मार्च से शुरू होगा आईपीएल : शुक्ला

**मुंबई :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आज यहां हुई सलाना आम बैठक के बाद कहा कि आईपीएल 2025 की शुरूआत 21 मार्च से होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने तारीखों की घोषणा की। राजीव शुक्ला ने कहा कि 21 मार्च को टूनार्मेंट का शुरूआती मुकाबला खेला जाएगा। वहीं फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। उन्होंने बताया कि महिला क्रिकेट लीग के लिए स्थलों की घोषणा भी शीघ्र ही होगी। राजीव शुक्ला ने बताया है कि इस बैठक में कोषाध्यक्ष और सचिव के चयन पर भी फैसला हुआ। अब देवजीत सैकिया बीसीसीआई के नए सचिव बने हैं जबकि प्रभतेज सिंह भाटिया कोषाध्याक्ष चुने गए हैं। सैकिया 1 दिसंबर को जय शाह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) चेयरमैन का पद संभालने के बाद अंतरिम सचिव के रूप में काम कर रहे थे। अब उन्हें पूरे समय ये जिम्मेदारी मिल गई है। वहीं उन्होंने बताया कि चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का चयन 18-19 जनवरी को होने वाली मीटिंग में होगा।

### आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम की स्पिनर एमी के एक्शन पर उठे सवाल

**राजकोट :** आयरलैंड महिला क्रिकेट टीम की बाएं हाथ की ऑफ स्पिनर एमी मैगुइरे पर प्रतिबंध का खतरा मंडरा रहा है। भारत के खिलाफ यहां खेले गए पहले एकदिवसीय महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में एमी के एक्शन पर सवाल उठे थे। एमी ने शुक्रवार को खेले गए पहले मैच में आठ ओवरों में 57 रन देकर तीन विकेट लिए थे हालांकि इसके बाद भी। आयरलैंड यह मैच छह विकेट से हार गया था। मैच अधिकारियों ने आयरलैंड टीम प्रबंधन को जो रिपोर्ट सौंपी है। उसमें एमी के गेंदबाजी एक्शन की वैधता पर संदेह जताय है। एमी ने साल 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करते हुए अभी तक सभी प्रारूपों में 25 विकेट लिए हैं। अब उन्हें अगले 14 दिन के अंदर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से मान्यता प्राप्त किसी भी परीक्षण केंद्र में अपने एक्शन की जांच करवानी होगी। जिसके बाद ही पता चलेगा कि उनका गेंदबाजी एक्शन आईसीसी नियमों के अनुसार है या नहीं। आईसीसी नीयमों के अनुसार जांच के परिणाम आने तक स्पिनर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी जारी रखने की अनुमति मिली रहती है।

### बॉक्सिंग डे टेस्ट के बाद संन्यास लेना चाहते थे रोहित

**मुम्बई :** भारतीय क्रिकेट टी के कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया दौरे में मेलबर्न टेस्ट के बाद संन्यास की घोषणा करने वाले थे पर अचानक ही उन्होंने अपना फैसला बदल दिया। रोहित का प्रदर्शन इस दौरे में अच्छा नहीं रहा था। ऐसे में कोच गौतम गंभीर चाहते थे कि वह संन्यास ले लें पर जब उन्होंने अपना फैसला बदला तो गंभीर नाराज हो गये। माना जा रहा है कि कि रोहित मेलबर्न में खेले गए बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के बाद खेल से संन्यास ले रहे थे पर अपने चाहनेवालों की सलाह से उन्होंने अपना फैसला बदल लिया।

---

बांग्लादेश ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए घोषित की टीम

## नजमुल करेंगे कप्तानी

■ लिटन और शाकिब को नहीं मिली जगह



**एजेंसी**

**ढाका :** बांग्लादेश ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस टीम की कप्तानी नजमुल हुसैन शांतो को मिली है। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास और अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को इस टीम में जगह नहीं मिली है। लिटन को हाल में एकदिवसीय में लगातार खराब प्रदर्शन के बाद टीम से बाहर किया गया है। पिछली 13 पारियों में वह एक भी अर्धशतक नहीं बना पाए हैं और पिछली सात पारियों में छह बार दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये हैं। वहीं शाकिब को अवैध गेंदबाजी एक्शन के कारण टीम से बाहर किया गया है। वह अपने गेंदबाजी एक्शन के दूसरे परीक्षण में भी विफल रहे। ऐसे में वह केवल बल्लेबाज के रूप में खेल सकते थे पर चयन समिति ऐसा खिलाड़ी नहीं चाहती थी। टीम में मुशफिकुर रहीम और ऑलराउंडर महमूदुल्लाह शामिल हैं। वहीं शीर्ष क्रम की बात करें तो तौहीद ह्रदय भी चोट से उबरने के बाद मुस्तफिजुर रहमान के साथ टीम में शामिल किये गये हैं।

---

## उत्तर दिल्ली ने जीता सब-जूनियर श्रेणी का खिताब



**कार्फबॉल चैंपियनशिप**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** नई दिल्ली के राम विहार स्थित भारत नेशनल पब्लिक स्कूल में रविवार को दो दिवसीय कार्फबॉल चैंपियनशिप हुई। कार्फबॉल दिल्ली द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सब-जूनियर श्रेणी में 6 जिले, जूनियर श्रेणी में 7 जिले और सीनियर श्रेणी में 7 जिलों ने भाग लिया। सब-जूनियर श्रेणी का खिताब उत्तरी दिल्ली जिला ने जीता। दूसरे स्थान पर पश्चिम दिल्ली और तीसरे स्थान पर शाहदरा जिला रहा। इसी तरह जूनियर श्रेणी का खिताब शाहदरा जिला ने जीता। दूसरे स्थान पर उत्तर जिला और तीसरे स्थान पर पश्चिम दिल्ली जिला रहा। सीनियर श्रेणी में उत्तर जिला पहले, शाहदरा जिला दूसरे और पूर्वी दिल्ली जिला तीसरे स्थान पर रहा। कार्फबॉल दिल्ली के जनरल सेक्रेटरी रवि राज ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता आगे भी आयोजित करते रहेंगे। हम विश्व स्तर पर इस प्रतियोगिता को और मजबूती से आगे बढ़ाएंगे।

---

## शाकिब गेंदबाजी एक्शन की दूसरी जांच में भी रहे नाकाम

**एजेंसी**



**ढाका :** बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन का करियर खतरे में पड़ता नजर आ रहा है। शाकिब को पिछले दिनों गेंदबाजी एक्शन पर सवाल उठने के बाद निलंबित कर दिया गया था। वहीं अब वह गेंदबाजी एक्शन को लेकर अपने दूसरे परीक्षण में भी असफल रहे हैं। इसके बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा है कि शाकिब का अंतरराष्ट्रीय और घरेलू मैचों में गेंदबाजी को लेकरनिलंबन जारी रहेगा। शाकिब के गेंदबाजी एक्शन की नई जांच पिछले महीने चेन्नई के रामचंद्र खेल विज्ञान केंद्र में की गई थी। बीसीबी ने कहा, ह्यलॉफबॉरो यूनिवर्सिटी की जांच के बाद शाकिब पर लगाया निलंबन अब आगे भी जारी रहेगा। निलंबन की समाप्ति के लिए फिर से उन्हें सफल जांच की आवश्यकता होगी। शाकिब अभी नियमों के अनुसार गेंदबाजी नहीं कर सकते पर वह एक बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं। गौरतलब है कि इंग्लैंड में सितंबर में काउंटी मैच के दौरान शाकिब के गेंदबाजी एक्शन को संदिग्ध पाये पाया गया था। वह लॉफबॉरो यूनिवर्सिटी द्वारा गेंदबाजी एक्शन की जांच में असफल रहे थे।

---

## आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए न्यूजीलैंड टीम का एलान

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** अगले महीने 19 फरवरी से शुरू हो रही आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान हो गया है। न्यूजीलैंड ने रविवार सुबह 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनर टीम की कप्तानी करते नजर आएंगे। कप्तान के रूप में सेंटनर के लिए यह पहला बड़ा आईसीसी टूर्नामेंट होगा। 15 सदस्यीय टीम में विल ओ'रुरके, बेन सियर्स और नाथन स्मिथ की तेज गेंदबाजी तिकड़ी शामिल हैं। तीनों अपना पहला सीनियर आईसीसी टूर्नामेंट खेलेंगे। मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्यूसन तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे। वरिष्ठ खिलाड़ी केन



विलियमसन और टॉम लैथम टीम को अनुभव प्रदान करेंगे। अन्य बल्लेबाजों में विल यंग, डेवोन कॉनवे, मार्क चैपमैन और डेरिल मिशेल टीम में शामिल हैं। कीवी टीम ने एशियाई पिचों को ध्यान में रखते हुए स्पिन खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है। इसमें कप्तान सेंटनर मुख्य स्पिन विकल्प हैं। साथ ही स्पिन ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स और माइकल ब्रेसवेल और रचिन रवींद्र भी मौजूद हैं। न्यूजीलैंड टीम के हेड कोच गैरी स्टीड ने टूर्नामेंट के लिए चुने गए 15 खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आईसीसी टूनार्मेंट हमारे खेल के शिखर का प्रतिनिधित्व करते हैं और उनमें अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जाना बहुत बड़ा सम्मान है।

---

## शमी की वापसी से प्रशंसकों में खुशी की लहर

**अमरोहा :** अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की एक साल बाद भारतीय क्रिकेट टीम में वापसी हुई है। शमी को इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। इससे उनके प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं और उन्होंने मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी जाहिर की है। शमी के पैतृक गांव सहसपुर अलीनगर में लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।
शमी 2023 दिसंबर में हुए एकदिवसीय विश्कप के बाद से ही चोटिल होने के कारण बाहर थे। वहीं लंबे समय बाद अब वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हुए नजर आयेंगे। प्रशंसकों को उम्मीद है कि जिस तरह का प्रदर्शन शमी ने विश्व कप में किया था ।

---

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय बांग्लादेश टीम का एलान

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** अगले महीने 19 फरवरी से शुरू हो रही आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए रविवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान नजमुल हुसैन शांतो को सौंपी गई है। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए घोषित 15 सदस्यीय टीम में प्रमुख अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को शामिल नहीं किया गया है। उनके अलावा खराब फार्म से जूझ रहे लिटन दास को भी स्क्वाड से बाहर कर दिया गया है। वरिष्ठ खिलाड़ियों में विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम और ऑलराउंडर महमूदुल्लाह जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। सात टी20 मैच खेल चुके परवेज हुसैन को अपना वनडे डेब्यू करने का मौका मिला है। तेज रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले नाहिद राणा पर भी विश्वास जताया है। मेंहदी हसन मिराज और रिशाद हुसैन बांग्लादेश के दो प्रमुख स्पिनर होंगे। इनके अलावा तेज गेंदबाजी में मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद भी दल का हिस्सा हैं।




चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बांग्लादेश स्क्वाड : नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), सौम्य सरकार, तंजीद हसन, तौहीद ह्दोय, मुशफिकुर रहीम, महमूदुल्लाह, जाकिर अली, मेंहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, परवेज हुसैन, नसीम अहमद, तंजीम हसन साकिब, नाहिद राणा।
बांग्लादेश के ग्रुप स्टेज के मैच :-
20 फरवरी - बांग्लादेश बनाम भारत, दुबई
24 फरवरी - बांग्लादेश बनाम न्यूजीलैंड, रावलपिंडी ।

---

## ईशान की उपेक्षा से बीसीसीआई पर भड़के उनके प्रशंसक



**एजेंसी**

**मुम्बई :** इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को जगह नहीं मिलने पर उनके प्रशंसकों ने नाराजगी जतायी है। चयनकताओं ने दूसरे विकेटकीपिंग विकल्प के रूप में ध्रुव जुरेल को शामिल किया। जिससे नाराज ईशान के प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर अपनी भड़ास निकाली। प्रशंसकों ने कहा कि शानदार रिकार्ड के बाद भी ईशान की जानबूझकर उपेक्षा हो रही है। बाएं हाथ के बल्लेबाज ईशान ने अंतिम बार भारतीय टीम की ओर से नवंबर 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज खेली थी। इसके बाद से ही वह टीम में जगह नहीं बना पाये हैं। ईशान के नाम 32 टी20 मैच मेचों में 6 अर्धशतकों के साथ ही 796 रन बना चुके हैं। ईशान को इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि उन्होंने साल 2023 में घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए बोर्ड के निदेर्शों का पालन नहीं किया था। उसके बाद ही उन्हें केंद्रीय अनुबंध भी नहीं मिला था और वह टीम में वापसी भी नहीं कर पाये हैं। किशन ने हाल ही में विजय हजारे ट्रॉफी में मणिपुर के खिलाफ 134 शतक लगाया था।

---

## शाहीन को वेस्टइंडीज दौरे के लिए भी टीम में नहीं मिली जगह

**एजेंसी**

**कराची :** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी का करियर खतरे में पड़ता नजर आ रहा है। शाहीन को वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली दो टेस्ट मैच की सीरीज के लिए भी टीम में जगह नहीं मिली है। शाहीन को इस साल की शुरूआत से ही झटके लगे हैं। उन्हें अंतिम 12 टेस्ट मैचों में से आठ मैचों से या तो बाहर कर दिया गया या फिर उन्हें आराम के नाम पर बैठा दिया गया। शहीन ने अभी तक 32 टेस्ट में 116 विकेट लिए हैं। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसकी धरती पर खेले गए दो टेस्ट मैच की सीरीज के लिए भी टीम में जगह नहीं मिली थी। तब चयनकताओं ने कहा है कि शाहीन को अगले माह होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर आराम दिया गया है ताकि वह पूरी तरह [illegible] फिट रहे पर ये दावा गलत निकला। क्रिकेट बोर्ड ने शाहीन को उसी समय बांग्लादेश प्रीमियर लीग में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दे दिया है जिससे पता लता है कि उनको आराम नहीं दिया गया बल्कि हटाया गया था। चयनकताओं ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों के लिए तेज गेंदबाज नसीम शाह, मीर हमजा, मुहम्मद अब्बास और आमिर जमाल को भी टीम में नहीं रखा जबकि वे दक्षिण अफ्रीका में खेली गई सीरीज में शामिल थे। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार शाहीन और नसीम दोनों को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तैयार किया जा रहा है।



---

## ऋषभ नहीं बना पाये टी20 टीम में अपनी जगह

**एजेंसी**



**मुम्बई :** भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) चयन समिति ने इंग्लैंड के खिलाफ जो 15 सदस्यीय टी20 टीम की घोषणा की हैं। उसमें एक बार फिर ऋषभ पंत जगह नहीं बना पाये हैं। युवा ध्रुव जुरेल को जगह मिली है। ऋषभ ने अपना आखिरी टी20 अंतरराष्ट्री मैच पिछले साल श्रीलंका दौरे पर खेला था। वहीं युवा ध्रुव जुरेल को 15 सदस्यीय टीम में बैकअप विकेटकीपर के तौर पर शामिल किया गया है। जुरेल ने जिम्बाब्वे दौरे के दौरान भारत की ओर से 2 टी20 मैच खेले थे.टीम में पहले विकेटकीपर के तौर पर संजू सैमसन की एक बार फिर वापसी हुई है। इसके अलावा वॉशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा और नीतीश कुमार रेड्डी को भी एक बार फिर इसमें जगह मिली है। अब इन तीनों के पास भी बेहतर प्रदर्शन कर अपनी जगह पक्की करने का अवसर है। ये तीनों हाल के ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर भी भारतीय टीम में शामिल थे। वहीं शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, यशस्वी जायसवाल जैसे खिलाड़ियों को आराम मिला है।

---

## वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ में गावस्कर सहित मुम्बई के पूर्व कप्तान सम्मानित

**एजेंसी**

**मुंबई :** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक समारोह में सुनील गावस्कर सहित मुंबई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तानों को सम्मानित किया है। गावस्कर 1974 में वेस्टइंडीज के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में पहला टेस्ट मैच खेलने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी थे। एमसीए की 50वीं वर्षगांठ के अवसर सप्ताह भर कार्यक्रम चलेंगे। समारोह के दौरान गावस्कर ने कहा, इस प्रतिष्ठित स्थल पर वापस आना बहुत अच्छा है, एक ऐसा स्थल जिसने भारतीय क्रिकेट को ऐसे



शानदार पल दिए हैं। आज प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम के 50वें वर्षगांठ समारोह की शुरूआत है और एक सलामी बल्लेबाज के रूप में, मैं इसकी शुरूआत को भूल नहीं कर सकता था। मैं एमसीए को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और मेरे स्कूल के दिनों से मुझे जो अवसर प्रदान किए हैं, उसके लिए अपना गहरा आभार व्यक्त करता हूं। मैं अपनी सफलता का श्रेय एमसीए से प्राप्त समर्थन और प्रोत्साहन को देता हूं। वहीं सम्मान समारोह में एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक के साथ ही एमसीए उपाध्यक्ष संजय नाइक, सचिव अभय हडप, कोषाध्यक्ष अरमान मलिक, संयुक्त सचिव दीपक पाटिल और पूर्व अध्यक्ष विजय पाटिल भी थे। समारोह में संजय मांजरेकर, वसीम जाफर, राजू कुलकर्णी, चंद्रकांत पंडित, लालचंद राजपूत, शोभा पंडित और अरुंधति घोष सहित कई क्रिकेट दिग्गजों ने भाग लिया, जिन्होंने मुंबई क्रिकेट की समृद्ध विरासत में योगदान दिया। सप्ताह भर चलने वाले समारोह दो रोमांचक क्रिकेट मैच आयोजित किए गए, जिसमें मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए), स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ मुंबई (एसजेएएम), महावाणिज्य दूत और आईएएस अधिकारियों की टीमों ने हिस्सा लिया। पहले मैच में, एमसीए ने स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ मुंबई को पांच रनों से हराया, जबकि आईएएस अधिकारियों की टीम ने दूसरे मैच में महावाणिज्य दूत टीम को 20 रनों से हराया। इस अवसर पर, एमसीए के अध्यक्ष इक ने कहा, वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगांठ हमारे लिए एक विशेष अवसर है। आज भव्य समारोह की शुरूआत हुई और इस सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम के पीछे हमारा मुख्य लक्ष्य अगली पीढ़ी को मुंबई के क्रिकेट इतिहास और मुंबई के लिए खेलने वाले पुरुष और महिला खिलाड़ियों के योगदान के बारे में बताना और युवा पीढ़ी को इस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है। 50वीं वर्षगांठ का जश्न पूरे सप्ताह जारी रहेगा। एमसीए 15 जनवरी को एमसीए के क्लबों और मैदानों के ग्राउंड्समैन को सम्मानित करेगा और उनके लिए पॉली उमरीगर स्वास्थ्य शिविर और विशेष लंच का आयोजन करेगा।



सऊदी अरब में डकार रैली में भाग लेते हुए रेसर यजीद अज राजिनी।

## एक झलक

### डी-मार्ट का दिसम्बर तिमाही में मुनाफा बढ़ कर हुआ 723.5 करोड़

**नयी दिल्ली :** खुदरा स्टोर श्रंखला डी-मार्ट को संचालित करने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्केट्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में मुनाफा 4.8 प्रतिशत बढ़कर 723.54 करोड़ रुपये हो गया। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 690.41 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय 17.68 प्रतिशत बढ़कर 15,972.55 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 13,572.47 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि तीसरी तिमाही में मुनाफा मार्जिन 4.5 प्रतिशत रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5.1 प्रतिशत था। कंपनी का कुल खर्च अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही में 18.52 प्रतिशत बढ़कर 15,001.64 करोड़ रुपये रहा। एवेन्यू सुपरमार्ट्स की कुल आमदनी समीक्षाधीन अवधि में 17.57 प्रतिशत बढ़ कर 15,996.69 करोड़ रुपये हो गई।

### ओपीजी मोबिलिटी की 400 करोड़ जुटाने की योजना

**नयी दिल्ली :** देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग के साथ ईवी विनिमार्ता ओपीजी मोबिलिटी ने अपनी वृद्धि योजनाओं को पूरा करने के लिए अगले 18 से 24 माह में 400 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह धन उनके पोर्टफोलियो और नेटवर्क का विस्तार करने के लिए उपयोग किया जायेगा। ओपीजी मोबिलिटी की तरफ से एक बड़ा कदम उठाते हुए अ?धिकारी ने बताया कि कंपनी फेराटो ब्रांड के तहत दो नए इलेक्ट्रिक स्कूटर और एक इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल लॉन्च करने की योजना बना रही है। कंपनी का तिपहिया कारोबार ओटीटीओपीजी ब्रांड के तहत रहेगा। इस साल ओपीजी मोबिलिटी ने इलेक्ट्रिक यात्री खंड में उतरने का निर्णय लिया है और कंपनी देशभर में अपने बिक्री और सेवा नेटवर्क का विस्तार करने की योजना बना रही है। अधिकारी ने बताया कि ये निवेशकों के लिए कोई जोखिम नहीं होगा। पूंजी जुटाने को लेकर अधिकारी ने कहा कि कंपनी 18-24 माह में 400 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रख रही है। निवेशकों को एक मजबूत उत्पाद वितरण और सेवा नेटवर्क देना है। हमारा लक्ष्य निजी इक्विटी प्राप्त करना है, चाहे वह रणनीतिक निवेशक हो या गैर-रणनीतिक निवेशक।

### सेबी डेरिवेटिव खंड में गतिविधि पर रोक नहीं लगायेगा

**मुंबई :** पूंजी बाजार नियामक सेबी के एक पूर्णकालिक सदस्य ने हाल ही में एक बड़ा बयान दिया है, जिसमें उन्होंने खुलासा किया कि सेबी डेरिवेटिव खंड में गतिविधि पर रोक नहीं लगायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि सेबी कोई भी ऐसा कदम नहीं उठायेगा जो डेरिवेटिव बाजार में कारोबार को नियंत्रित करे। उन्होंने बताया कि सेबी कारोबारी सुगमता और बेहतर जोखिम प्रबंधन के लिए कुछ उपायों पर विचार कर रहा है, परन्तु डेरिवेटिव खंड में कोई प्रतिबंध नहीं लगाने का इरादा है। उन्होंने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा नियंत्रित एनआईएसएम के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सेबी दर्शकों के लिए उपयुक्तता और अनुकूलता को ध्यान में रख रही है और नकद बाजार और डेरिवेटिव बाजार के बीच संबंध को मजबूत करने का प्रयास कर रही है।

# 05 कम्पनियों के मार्केट कैप में 1.85 लाख करोड़ की गिरावट

**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में सोमवार से शुक्रवार के कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 5 के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हुई, वहीं 5 के मार्केट कैप में गिरावट आ गई। फायदे में रहने वाली 5 कंपनियों के मार्केट कैप में कुल मिलाकर 1,02,645.48 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। वहीं नुकसान में रहने वाली 5 कंपनियों के मार्केट कैप में कुल मिलाकर 1,85,952.31 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। इसमें सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) सबसे अधिक फायदे में रही। इस सप्ताह के कारोबार में आईटी सेक्टर में आई तेज के कारण एचसीएल टेक्नोलॉजी मार्केट कैप के लिहाज से टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों की



सूची में जगह बनाने में सफल रही, जबकि भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) इस सूची से बाहर हो गई। इस सप्ताह के कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और आईटीसी के मार्केट कैप में गिरावट आ गई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजी और हिन्दुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हुई। टॉप 10 में शामिल कंपनियों के मार्केट कैप की ये स्थिति तब हुई, जब पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान बीएसई का सेंसेक्स 1,844.20 अंक यानी 2.32 प्रतिशत टूट गया। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 573.25 अंक यानी 2.38 प्रतिशत की कमजोरी का शिकार हो गया। सोमवार से शुक्रवार के बीच हुए कारोबार के दौरान एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 70,479.23 करोड़ रुपये घट कर 12,67,440.61 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह आईटीसी का मार्केट कैप 46,481 करोड़ रुपये कम होकर 5,56,583.44 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। इसके अलावा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 44,635.46 करोड़ रुपये घट कर 6,63,233.14 करोड़ रुपये के स्तर पर, रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 12,179.13 करोड़ रुपये घट कर 16,81,194.35 करोड़ रुपये के स्तर पर और आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 11,877.49 करोड़ रुपये कम होकर 8,81,501.01 करोड़ रुपये के स्तर तक गिर गया। दूसरी ओर, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 60,168.79 करोड़ रुपये बढ़ कर 15,43,313.32 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह एचसीएल टेक्नोलॉजी का मार्केट कैप 13,120.58 करोड़ रुपये उछल कर 5,41,539.01 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा इंफोसिस का मार्केट कैप सोमवार से शुक्रवार तक हुए कारोबार के दौरान 11,792.44 करोड़ रुपये बढ़ कर 8,16,626.78 करोड़ रुपये के स्तर पर, भारती एयरटेल का मार्केट कैप 8,999.41 करोड़ रुपये बढ़ कर 9,19,933.99 करोड़ रुपये के स्तर पर और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 8,564.26 करोड़ रुपये उछल कर 5,73,758.44 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

## जनवरी में बिकवाल की भूमिका में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक

**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) जनवरी के महीने में अभी तक लगातार नेट सेलर (शुद्ध बिकवाल) की भूमिका निभा रहे हैं। इस साल 1 जनवरी से लेकर 10 जनवरी के कारोबार में विदेशी निवेशक भारतीय स्टॉक मार्केट से 22,194 करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। इसमें सिर्फ पिछले सप्ताह ही यानी 6 से 10 जनवरी के बीच विदेशी निवेशकों ने 16,854.25 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के प्रोविजनल डेटा के मुताबिक जनवरी के महीने में सिर्फ 2 जनवरी को विदेशी निवेशकों ने बिकवाली की तुलना में लिवाली अधिक की थी। इसके अलावा जनवरी के हर कारोबारी दिन के दौरान विदेशी निवेशकों ने लगातार बिकवाली का ही दबाव बनाया है। जानकारों का मानना है कि तीसरी तिमाही के दौरान कंपनियों के नतीजे में कमजोरी आने की आशंका, डॉलर इंडेक्स की मजबूती, डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद टैरिफ वॉर में तेजी आने का डर और निगेटिव ग्लोबल सेंटीमेंट्स के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक जनवरी में लगातार बिकवाली का दबाव बनाए हुए हैं। इसके पहले अक्टूबर और नवंबर में भी विदेशी निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में रिकॉर्ड तोड़ बिकवाली की थी। हालांकि दिसंबर 2024 के दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली की तुलना में लिवाली अधिक की थी। इसी वजह से दिसंबर 2024 के दौरान विदेशी निवेशक 15,446 करोड़ रुपये के शुद्ध लिवाल (नेट बायर) बने थे।

# स्टॉक में आयी गिरावट, महंगा हो जायेगा गेहूं

**नयी दिल्ली :** भारत में चावल के बढ़ते भंडार ने जनवरी माह में सबसे ऊंचा स्तर छू लिया है जो देश के निर्यात की गति को तेज करने के लिए एक अवसर प्रदान कर सकता है। चावल के सरकारी भंडार में पहुंची मात्रा सरकार के निर्धारित लक्ष्य से अधिक है, लेकिन इस समय गेहूं की कमी के चलते बाजार में चिंता की स्थिति है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के अनुसार चावल के कुल स्टॉक जनवरी तक 60.9 मिलियन टन पहुंच गया है, जबकि निर्धारित लक्ष्य 7.6 मिलियन टन है। इस बढ़ते भंडार के साथ चावल के निर्यात में भी वृद्धि दर्शाई जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि चावल की इतनी बड़ी मात्रा का भंडार एक चुनौती पैदा कर सकता है, जबकि गेहूं की सीमित उपलब्धता बाजार में चिंता फैला रही है। गेहूं के स्टॉक 1 जनवरी



तक 18.4 मिलियन टन था, जो कि सरकार के लक्ष्य से अधिक है, लेकिन पिछले साल की औसत से काफी कम है। सरकार की ओर से मार्च 2025 तक 2.5 मिलियन टन गेहूं की बेचने की योजना बनाई गई है, जो पिछले साल के मुकाबले कम है। इसके चलते बाजार में गेहूं की कमी महसूस हो रही है। काकीनाड़ा के एक चावल निर्यातक ने बताया कि धान की खरीदारी जारी रहने से भंडारण की समस्या और गंभीर हो सकती है और सरकार को इन चुनौतियों का सामना करना होगा। चावल के भंडार और गेहूं की कमी के बीच संतुलन बनाने की चुनौती सामने खड़ी है। इस असंतुलन को देखते हुए सरकार को कठोर कदम उठाने होंगे ताकि गेहूं की पुनः उपलब्धता में सुधार हो सके और बाजार को स्थिरता मिले।

## इस सप्ताह 05 नये आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेंगे

**नयी दिल्ली :** आगामी हफ्ते शेयर बाजार में एक महामेला की तैयारी है, जिसमें अनेक बड़ी कंपनियों के आईपीओ और लिस्टिंग की घोषणा की गई है। 13 से 17 जनवरी के बीच 5 नए आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेंगे, जिनमें मेनबोर्ड और 4 एसएमई आईपीओ शामिल हैं। इसके साथ ही 8 कंपनियों के शेयरों की भी लिस्टिंग होगी। मेनबोर्ड पर आ रहे हैं क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड, स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड और स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड। एकमात्र मेनबोर्ड आईपीओ, लक्ष्मी डेंटल आईपीओ के साथ एसएमई सेगमेंट में भी काबरा ज्वेल्स लिमिटेड का आईपीओ होगा। इनके अलावा रिखव सिक्योरिटीज लिमिटेड और लैंड इमिग्रेशन कंसल्टेंट्स लिमिटेड भी आईपीओ शुरू कर रहे हैं।

# सोने के भाव में तेजी जारी, चांदी की कीमत में बदलाव नहीं

**सर्राफा बाजार**

**नयी दिल्ली :** घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार चौथे दिन तेजी का रुख है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 79,800 रुपये से लेकर 79,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,150 रुपये से लेकर 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिसकी वजह से दिल्ली सरार्फा बाजार में ये चमकीली धातु आज भी 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में



24 कैरेट सोना आज 79,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 79,650 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 79,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 79,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 79,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 73,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 79,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 79,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



ट्यूनिशिया में एक कॉफी प्रदर्शनी में एक वेंडर ग्राहकों के लिए कॉफी तैयार करते हुए। इस प्रदर्शनी को स्प्रिंग ऑफ कॉफी कहा जाता है और ये सभी लोगों के लिए खुली रहती है।

## शेमारू उमंग के शो ने पूरा किया 100 एपिसोड्स



**टीवी** की दुनिया में हर उपलब्धि का जश्न मनाया जाता है ऐसे में शेमारू उमंग पर प्रदर्शित दर्शकों के चहेते शो 'मैं दिल तुम धड़कन' ने अपनी रोचक कहानी से दर्शकों का दिल जीतते हुए अपने कुल 100 एपिसोड पूरे कर लिए हैं। यह सिर्फ एक्टर्स की नहीं, बल्कि पूरे क्रू की मेहनत का परिणाम होता है। इस खास मौके को लेकर सेट पर हर तरफ खुशी का माहौल था। इस दौरान शो के मुख्य कलाकारों ने अपने अनुभव, जुड़ाव और इस माइलस्टोन की अहमियत को लेकर कई भावुक बातें साझा कीं जो यह 100 एपिसोड का खूबसूरत परिणाम है। शो की राधिका मुथुकुमार ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 100 एपिसोड्स तक पहुंचना सपने के सच होने जैसा है। वृंदा की कहानी, जिसने मां के मायने फिर से परिभाषित किए और उसके बेटे कान्हा के साथ उसका अटूट रिश्ता, यादगार पल, चुनौतियां सब कुछ बहुत रोचक रहा। नीलू वघेला ने कहा, मेरे लिए यह सफर विकास और जुड़ाव का रहा है। मां के किरदार को निभाना मेरे लिए एक अनोखा अनुभव रहा है। जोहेब सिद्दीकी ने उत्साहित होकर कहा, 100 एपिसोड्स के लंबे सफर को देखते हुए मैं दिल तुम धड़कन सिर्फ एक शो नहीं, बल्कि मेरा घर बन गया है। मैं दर्शकों का आभारी हूं, जिन्होंने हमें इतना अपनापन दिया।

# शिकॉगो एक्सचेंज में मजबूती से तेल-तिलहन की कीमतें सुधार के साथ बंद

**नयी दिल्ली :** शिकागो एक्सचेंज की मजबूती ने बीते सप्ताह खाद्य तेल-तिलहनों के दामों में सुधार की ओर बढ़ावा किया। इस दौरान मूंगफली तेल को छोड़कर सरसों, सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन, मूंगफली तिलहन और बिनौला तेल के दाम सुधार के साथ बंद हुए। बाजार के जानकार सूत्रों के मुताबिक सरसों की मंडियों में आवक घट रही है जबकि सोयाबीन की मांग निरंतर बढ़ रही है। सरसों का जो स्टॉक है, वह सहकारी संस्थाओं के पास है जो इसकी बिकवाली में संतुलन बनाए रख रहे हैं। सोयाबीन और कच्चे पामतेल (सीपीओ) के दामों में भी सुधार दिखाई दिया। मूंगफली खल के भाव मामूली सुधार के साथ बंद हुए, जबकि मूंगफली तेल के दाम पर निर्यात की कमजोर मांग के कारण कोई विशेष बदलाव नहीं आया। विदेशों में पाम और पामोलीन की कीमतों में गिरावट होने के बावजूद, तेल की कीमतों में सुधार देखने को मिला। कपास की सीड के दामों में भी थोड़ी उलटाव दिखाई दी, जिसे बीते हफ्ते सीसीआई ने बिनौला सीड की बिक्री रोककर दिखाया। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 125 रुपये सुधार के साथ 6,650-6,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव



200 रुपये की बढ़त के साथ 13,800 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 40-40 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,340-2,440 रुपये और 2,340-2,465 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 35-35 रुपये की बढ़त के साथ क्रमशः 4,335-4,385 रुपये और 4,035-4,135 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी प्रकार सोयाबीन दिल्ली एवं सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमशः 650 रुपये, 400 रुपये और 650 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 13,750 रुपये, 13,350 रुपये और 9,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में पिछले सप्ताहांत के मुकाबले सुधार आया। मूंगफली तिलहन का भाव 25 रुपये के मामूली सुधार के साथ 5,825-6,150 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। वहीं मूंगफली तेल गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव क्रमशः 14,000 रुपये और 2,125-2,425 रुपये प्रति टिन पर अपरिवर्तित बंद हुए।

## पेज एक के शेष

**जयंती पर याद किये गये स्वामी विवेकानंद...राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व गृहमंत्री ने किया नमन...**

और उद्देश्य को प्रज्वलित करते रहते हैं। हम एक मजबूत और विकसित भारत के उनके दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'स्वामी विवेकानंद जी ने स्व-संस्कृति के प्रति न सिर्फ देशवासियों को जागरूक किया, बल्कि विश्व को वेदांत और योग दर्शन से प्रभावित भी किया। रामकृष्ण मिशन के माध्यम से उन्होंने 'नर सेवा को ही नारायण सेवा' का पर्याय बनाया। युवाओं में चरित्र निर्माण व आत्म-गौरव के बीज बोकर उन्हें राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करनेवाले स्वामी विवेकानंद जी का जीवन और दर्शन सभी के लिए प्रेरणापुंज है।'

**प्रधानमंत्री ने विकसित भारत युवा नेता संवाद में प्रदर्शनी का किया अवलोकन...**

की गहरी भावना पैदा होगी।

उल्लेखनीय है कि 11 जनवरी से शुरू हो रहे इस संवाद के दौरान युवा नेता प्रतियोगिताओं, गतिविधियों और सांस्कृतिक और विषयगत प्रस्तुतियों में शामिल होंगे। इसमें सलाहकारों और डोमेन विशेषज्ञों के नेतृत्व में विषयों पर विचार-विमर्श भी शामिल होगा। इसमें भारत की कलात्मक विरासत को प्रदर्शित करनेवाले सांस्कृतिक प्रदर्शन भी होंगे, जो इसकी आधुनिक उन्नति का प्रतीक होंगे।

विकसित भारत युवा नेता संवाद में भाग लेने के लिए 3,000 गतिशील और प्रेरित युवाओं का चयन विकसित भारत चैलेंज के माध्यम से किया गया है, जो देशभर से सबसे अधिक उत्साही और गतिशील युवा आवाजों को पहचानने और उन्हें प्रदर्शित करने के लिए एक सावधानीपूर्वक तैयार की गयी, योग्यता-आधारित बहुस्तरीय चयन प्रक्रिया है। इसमें 15 से 29 वर्ष के प्रतिभागियों के तीन चरण शामिल थे। पहला चरण, विकसित भारत क्विज, सभी राज्यों के युवाओं के भाग लेने के लिए 12 भाषाओं में आयोजित किया गया था। इसमें लगभग 30 लाख युवाओं ने भाग लिया। क्विज में भाग लेनेवाले योग्य प्रतिभागी दूसरे चरण में पहुंचे, जहां उन्होंने 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने के लिए दस महत्त्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये, जिसमें 02 लाख से अधिक निबन्ध प्रस्तुत किये गये। तीसरे चरण, राज्य दौर में, प्रत्येक विषय के 25 उम्मीदवार कठोर व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आगे बढ़े। प्रत्येक राज्य ने प्रत्येक ट्रैक से अपने शीर्ष तीन प्रतिभागियों की पहचान की, जिससे दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए गतिशील टीमें बनीं।

राज्य चैंपियनशिप की शीर्ष 500 टीमों का प्रतिनिधित्व करनेवाले 'विकसित भारत' चैलेंज ट्रैक से 1,500 प्रतिभागी ; राज्य स्तरीय युवा महोत्सवों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवाचार पर प्रदर्शनियों के माध्यम से चुने गये पारम्परिक ट्रैक से 1,000 प्रतिभागी तथा विभिन्न क्षेत्रों में अपने अभूतपूर्व योगदान के लिए आमंत्रित 500 पथ प्रदर्शक इस संवाद में भाग लेंगे।

**शरद पवार-उद्धव ठाकरे को जनता ने उनकी जगह दिखा दी : अमित शाह...**

उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में स्थानीय निकाय चुनाव होनेवाले हैं। आपको सावधान रहना चाहिए कि विपक्ष इन चुनावों में एक भी सीट न जीत पाये। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पंचायत से संसद तक भाजपा की जीत के लिए उत्प्रेरक बनने की भी अपील की। हमारी प्यारी बहनों और किसानों को भाजपा का सदस्य बनाइए, साईं बाबा की शिर्डी में संकल्प लीजिए कि भाजपा हर चुनाव जीते, हम इतनी मजबूत भाजपा बनाना चाहते हैं कि भविष्य में कोई हमें धोखा न दे सके।

**छत्तीसगढ़ के बीजापुर में दो महिला सहित पांच नक्सली ढेर...**

विस्तृत जानकारी अभियान पूरा होने के बाद पृथक से जारी की जाएगी।

पुलिस के अनुसार जिले के नेशनल पार्क के जंगल में नक्स्लियों की उपस्थिति की आसूचना पर सुरक्षा बल की टीम नक्सल विरोधी सर्च अभियान में 11 जनवरी को अभियान पर रवाना हुई थी। सर्चिंग अभियान के दौरान नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के जवानों को अपनी ओर बढ़ता देखकर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पांच नक्सलियों को ढेर कर उनके शव बरामद कर लिए गये हैं, शव के साथ ऑटोमेटिक हथियार सहित अन्य हथियार एवं विस्फोटक पदार्थ व नक्सल सामाग्री भी बरामद किए गये हैं। मारे गये नक्सलियों की पहचान की जा रही है। बताया जा रहा है कि नेशनल पार्क एरिया कमेटी के नक्सलियों के साथ रविवार सुबह मुठभेड़ में कई नक्सलियों के मारे जाने की खबर है।

**कटरा से प्रयागराज चलेंगी तीन विशेष ट्रेनें...**

प्रयागराज के लिए रवाना होगी और 26 जनवरी को प्रयागराज से कटरा के लिए वापस आएगी। अगली दो ट्रेनों की समय-सारणी समय पर बता दी जाएगी।

**विवेकानंद के विचार भारत ही नहीं, पूरे विश्व के लिए प्रेरणास्रोत : राज्यपाल...**

राज्यपाल न स्वामी विवेकानंद के उद्धरण 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाये' का उल्लेख करते हुए युवाओं को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और आत्म-निर्धारित बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद महिला सशक्तीकरण के प्रबल पक्षधर थे और उन्होंने समाज के उत्थान में महिलाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित 'आत्मनिर्भर भारत', 'स्टार्टअप इंडिया' और 'स्किल इंडिया' जैसे पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये युवाओं को सशक्त और प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने शिक्षण संस्थानों से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को शिक्षा के माध्यम से प्रसारित करने का आह्वान किया, ताकि युवा समाज के प्रति जिम्मेदार और समर्पित नागरिक बन सकें। राज्यपाल ने समारोह में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया तथा प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और रामकृष्ण मिशन को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं और बधाई दी।

**प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी का एरिया कमांडर समेत दो गिरफ्तार...**

आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस उपाधीक्षक खलारी रांची के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बुढ़मू थाना क्षेत्र के चौनगड़ा खुटेर मैदान का घेराबंदी कर छापामारी की गयी। इस दौरान भागने के क्रम में टीएसपीसी का एरिया कमाण्डर सुनील मुण्डा उर्फ भरत जी को एक देशी पिस्टल, गोली, मोबाइल एवं राउटर के साथ गिरफ्तार किया गया। साथ ही, सुनील मुण्डा उर्फ भरत जी की निशानदेही के आधार पर उक स्थल पर स्थित पेड़ में छिपा कर झोला में रखा हुआ दो देशी पिस्तौल एवं छह जिन्दा गोली बरामद किया गया। सुनील मुण्डा उर्फ भरत जी से पूछताछ करने पर बताया गया कि वह टीएसपीसी का एरिया कमाण्डर है और यह सबजोनल कमाण्डर अरविन्द जी के दस्ता के साथ क्षेत्र में रंगदारी मांगने का कार्य करता है। यह क्षेत्र के जमीन कारोबारी, क्रशर मालिक, ईंट भट्ठे मालिकों और विकास कार्य में लगे ठेकेदारों से रंगदारी के रूप में मोटी रकम मांगता है और नहीं देने पर कार्य स्थल पर जाकर आगजनी, तोड़फोड़, एवं फायरिंग की घटना को अंजाम देता है। वहीं, छानबीन के क्रम में सुनील मुंडा के लिए रेकी करनेवाले रूपेश कुमार को उसके घर न्यू मधुकम सुखदेवनगर से गिरफ्तार किया गया है। बीते वर्ष सुनील मुंडा ने रांची जिला के बुढ़मू थाना, ठाकुरगांव थाना और पिठौरिया थाना सहित रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र में फायरिंग और अगजनी की घटनाओं को अंजाम दिया है। उस पर पूर्व से 10 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। छापेमारी अभियान में पुलिस उपाधीक्षक खलारी रामनारायण चौधरी, पुलिस निरीक्षक सह प्रभारी खलारी थाना विजय सिंह, पुलिस निरीक्षक मांडर अंचल शशिभूषण चौधरी, बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो, मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविंद कुमार, ठाकुरगांव थाना प्रभारी विनीत कुमार सदलबल शामिल थे।

**ट्रम्प के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे विदेश मंत्री...**

आने वाले प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ उस अवसर पर अमेरिका का दौरा करने वाले कुछ अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठकें भी करेंगे।

उल्लेखनीय है कि 78 वर्षीय ट्रम्प दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के तौर पर वे 20 जनवरी को दोपहर 12 बजे (भारतीय समयानुसार रात्रि 10.30) शपथ लेंगे। ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में कई विदेशी मेहमानों के शामिल होने की उम्मीद है।

**अडानी ग्रुप ने 60,000 करोड़ के निवेश का किया एलान...**

में अपने पावर प्लांट्स के विस्तार के लिए 60,000 करोड़ रुपये के नियोजित निवेश का फैसला लिया है। इस विस्तार से छत्तीसगढ़ की कुल बिजली उत्पादन क्षमता में 6,120 मेगावाट की वृद्धि होगी। इसके अतिरिक्त गौतम अडानी ने राज्य में मौजूदा समूह के सीमेंट प्लांट्स के विकास के लिए भी 5,000 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जतायी है।'

सीएमओ ने अपनी पोस्ट में आगे कहा है, 'मुख्यमंत्री साय की सलाह पर गौतम अडानी ने राज्य सरकार को अगले चार वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास और पर्यटन के क्षेत्र में अडानी समूह की ओर से सीएसआर और उससे आगे की पहलों को समर्थन देने के लिए 10,000 करोड़ रुपये देने का आश्वासन दिया है। बैठक के दौरान रक्षा-सम्बन्धी उपकरणों के निर्माण और छत्तीसगढ़ में डेटा सेंटर एवं ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर की स्थापना में सम्भावित सहयोग पर भी चर्चा की गयी।

उम्मीद की जा रही है कि अडानी समूह द्वारा किये जानेवाले इस निवेश से राज्य में रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे और आर्थिक विकास के साथ समग्र विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। यहां बताते चलें कि अडानी समूह की कम्पनी अडानी पावर, देश की सबसे बड़ी निजी थर्मल पावर उत्पादक कम्पनी है। इसकी कुल बिजली उत्पादन क्षमता 15,250 मेगावाट बतायी गयी है। अडानी समूह के थर्मल पावर प्लांट्स छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के साथ ही गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान और झारखंड में भी स्थित हैं। इसके अतिरिक्त अडानी की कम्पनी के पास गुजरात में 40 मेगावाट का सोलर पावर प्रोजेक्ट भी है।'

## एक झलक

### सीरिया में दरगाह पर किये गये हमले को किया नाकाम

**दमिश्क** : सीरिया की खुफिया एजेंसी ने दावा किया है कि उसने इस्लामिक स्टेट (आईएस) के हमले को नाकाम कर दिया है। यह हमला दमिश्क के पास स्थित सैयदा जैनब दरगाह पर होने वाला था, जिसे समय रहते नाकाम कर दिया और हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। यह दरगाह शिया मुसलमानों का पवित्र स्थल है। यह घटना पिछले महीने बशर अल-असद के सत्ता से हटने के बाद आईएस के फिर से सक्रिय होने की आशंका को बढ़ाती है। सीरिया में कट्टर सुन्नी विचारधारा वाले एचटीएस के सत्ता पर काबिज होने के बाद से शियाओं और दूसरे धार्मिक अल्पसंख्यकों का भविष्य पर खतरा मंडराने लगा है। हालांकि एचटीएस ने सबको साथ लेकर चलने की बात कही है। इस गुट का नेता अलकायदा और आईएसएस से जुड़ा रहा अबू मोहम्मद जुलानी है।

### पाक-चीन ने सीपीईसी 2.0 प्रोजेक्ट पर लिया फैसला

**बीजिंग** : पाकिस्तान और चीन ने अपनी साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। बीजिंग में हुई द्विपक्षीय राजनीतिक परामर्श (बीपीसी) की चौथे दौर की बैठक में दोनों देशों ने एक-दूसरे को दोस्त बताते हुए रिश्ते और बेहतर करने पर बल दिया। इस बैठक में अरबों डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के दूसरे चरण को आगे बढ़ाने पर भी सहमति बनी। बैठक में पाकिस्तान की विदेश सचिव आमना बलोच और चीन की उप विदेश मंत्री सुन वेइडोंग शामिल थीं। ये बैठक इसलिए अहम है क्योंकि बीते कुछ समय से चीन अपने नागरिकों की सुरक्षा के मुद्दे पर पाकिस्तान से नाराज चल रहा है।

### टेकऑफ से पहले डेल्टा एयरलाइन के इंजन में खराबी

**वॉशिंगटन** : अमेरिका के अटलांटा एयरपोर्ट पर डेल्टा एयरलाइन का एक प्लेन में टेकऑफ से पहले इंजन में खराबी आ गई, जिसके बाद यात्रियों को इमरजेंसी स्लाइडर के जरिए बाहर निकला गया। इंजन में खराबी की वजह से उड़ान रद्द करनी पड़ी। इस हादसे में चार लोग घायल भी हुए हैं। प्लेन में 200 से भी ज्यादा यात्री सवार थे। हादसे का वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें पैसेंजर्स इन्फ्लेटेबल स्लाइड से बाहर निकलते नजर आ रहे हैं।

# महाराष्ट्र में रामराज्य लाना जनता की अपेक्षा और पार्टी की जिम्मेदारी है : नितिन गडकरी

एजेंसी

**मुंबई** : केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने अहिल्यानगर के शिर्डी में रविवार को कहा कि महाराष्ट्र में रामराज्य और शिवशाही लाना महाराष्ट्र की जनता की अपेक्षा है और इसे पूरा करने की जिम्मेदारी भारतीय जनता पार्टी की है। जनता की इस अपेक्षा को पूरा करने की जिम्मेदारी देवेंद्र फडणवीस सरकार, विधायकों और सांसदों की है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी आज शिर्डी में प्रदेश भाजपा की ओर से आयोजित राज्यव्यापी महाधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में भी समस्याएं हैं, लेकिन हमारे नेतृत्व में उन्हें हल करने की क्षमता और विश्वास है, इसलिए जब तक शिवशाही नहीं आ जाती, हम चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की लगन, नेताओं की योग्यता और पार्टी की 'राष्ट्र सर्वोपरि' की शिक्षा के बल पर महाराष्ट्र समृद्ध और खुशहाल होगा। साथ ही सामाजिक समानता, विकास और समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मोदी जी के नेतृत्व में हम भारत को विश्वगुरु और आत्मनिर्भर भारत बनाने का सपना भी पूरा करना चाहते हैं। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ने की जरूरत है, क्योंकि ये सपने राम राज्य और शिव शाही से जुड़े हैं। यह छत्रपति, सावरकर, शाहू, फुले, अंबेडकर का महाराष्ट्र है। यह संतों की भूमि है। लोग हमसे अपेक्षा रखते हैं कि हम ऐसा महाराष्ट्र बनाएं जो संतों के विचारों और लोक कल्याण से प्रभावित हो। उन्होंने कहा कि आज हम इस जीत से प्राप्त शक्ति से महाराष्ट्र के भविष्य के निर्माण का संकल्प लेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सत्ता हथियाना नहीं, बल्कि समाज को बदलना है। अटल बिहारी वाजपेयी कहते थे कि देश कैसा होना चाहिए, इसकी सोच से ज्यादा महत्वपूर्ण है कि देश का नेतृत्व कैसे होना चाहिए। देश की जनता को खुश करना, देश की सीमाओं को सुरक्षित करना, देश को आतंकवाद और साम्प्रदायिकता से मुक्त करना, सामाजिक समानता और सुरक्षा स्थापित करना तथा इस विजय से प्राप्त सफलता से महाराष्ट्र में एक अच्छी सरकार



स्थापित करना, यह हमारी जिम्मेदारी है। भाजपा की विचारधारा की भावना राष्ट्र की समग्र प्रगति और विकास, गरीबी और बेरोजगारी को खत्म करना, समाज को संतुष्ट करना और एक मजबूत देश का निर्माण करना है। जनता ने हमें ऐसा करने की शक्ति दी है। इस शक्ति के माध्यम से रैयतों के कल्याण और छत्रपति शिवाजी के शासन के आदर्श को ध्यान में रखते हुए परिवर्तन लाना हमारी जिम्मेदारी है। गडकरी ने कहा कि तत्कालीन सरसंघचालक गोलवलकर गुरुजी ने एक ही विचार से जनसंघ को अच्छे कार्य करने वाले स्वयंसेवकों की सूची दी और तब से लेकर आज तक हमारे कार्यकर्ता बिना थके, बिना रुके लक्ष्य की ओर बढ़ते रहे हैं। यह एक कठिन समय था। कार्यकर्ताओं को आपातकाल जैसी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। लोग सोचने लगे थे कि जनसंघ खत्म हो गया है। लेकिन हम उससे उबरे, हम खड़े हुए और बाद में हम भाजपा के रूप में और अधिक मजबूती के साथ खड़े हुए। अटल बिहारी वाजपेयी ने भविष्यवाणी की थी कि सूरज निकलेगा, रोशनी आएगी, कमल खिलेगा और हम तब तक जीवित नहीं रहेंगे जब तक इस देश का भविष्य नहीं बदल जाता। लोगों ने हमें इसे वास्तविकता बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है। हाल ही में महाराष्ट्र में जातिवाद और सांप्रदायिकता के माध्यम से समाज में विभाजन पैदा करने के प्रयास किए गए हैं। गडकरी ने यह भी अपील की कि हमें समाज में अस्पृश्यता और जातिवाद को खत्म करके सामाजिक-आर्थिक समानता स्थापित करने के लक्ष्य से भटकना नहीं चाहिए।

# विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा भारत : धनखड़

- लोगों ने पिछले 10 वर्षों में विकास का स्वाद चखा है
- विकसित राष्ट्र बनाने के लिए युवाओं को लेना होगा संकल्प

एजेंसी

**गुरुग्राम** : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि युवा इच्छा शक्ति के आधार पर सपनों को साकार करने में अवश्य सफल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों ने पिछले 10 वर्षों में विकास का स्वाद चखा है। अब उनकी उन्नति की उम्मीदें और बढ़ गई है। हमारा भारत बदल रहा है। यह इतना बदल चुका है कि हम जैसे लोग कभी कल्पना भी नहीं कर सकते थे।

उपराष्ट्रपति रविवार को गुरुग्राम के साइबर पार्क स्थित प्रबंधन शिक्षण संस्थान मास्टर्स यूनियन के चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने छात्रों का डिग्रियां वितरित की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज भारत दुनिया के लिए एक उदाहरण बन चुका है। पिछले दशक में दुनिया में कोई भी देश इतनी तेजी और स्थिरता से नहीं बढ़ा है, जितना भारत बढ़ा है। अब लोगों की अपेक्षाएं बहुत अधिक हैं। इन अपेक्षाओं को पूरा करना होगा। आपको आउट ऑफ बॉक्स सोचना होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को खुद पर विश्वास करना चाहिए। लोकतंत्र को प्रभावी बनाने में युवाओं की भूमिका और संसद के प्रतिनिधियों और जन प्रतिनिधियों के कर्तव्यों को दोहराते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा कि आप मुझे संविधान सभा की याद दिलाते हैं। जिन्होंने कठिन मुद्दों पर चर्चा की। उपराष्ट्रपति ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि आप शासन के सबसे प्रभावशाली हिस्सेदार हैं। आप विकास के इंजन हैं। अगर भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो चुनौती बहुत बड़ी है। हम पहले ही पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बन चुके हैं, लेकिन आय आठ गुना बढ़ानी होगी। यह एक बड़ी चुनौती है। स्वामी विवेकानंद के शब्दों को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि उठो, जागो और तब तक मेहनत करो, जब तक कि आप मंजिल तक पहुंच नहीं जाते। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को मैनेजमेंट पाठ्यक्रम पूरा करने की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारा देश करीब पांच हजार साल पुरानी सभ्यता की विरासत को साथ लेकर चल रहा है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण प्रदान कर एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। वर्ष 2023-24 में कर्तव्य पथ पर महिला शक्ति का प्रदर्शन किया गया। मास्टर्स यूनियन संस्थान परिसर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व उनकी धर्मपत्नी डा. सुदेश धनखड़ ने एक पेड़ मां के नाम से पौधे भी लगाए। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति के साथ मंच पर हरियाणा प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल, राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल, मास्टर्स यूनियन के संस्थापक प्रथम मित्तल, जिला परिषद की चेयरमैन दीपाली चौधरी, गुरुग्राम के उपायुक्त अजय कुमार, डीसीपी नाजनीन भसीन, एसडीएम रविंद्र कुमार, नायब मौजूद रहे।




मास्टर्स यूनियन प्रबंधन संस्थान के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे उपराष्ट्रपति

## गुरुग्राम को ग्रीन ग्राम भी बनाना है

**उपराष्ट्रपति** ने राज्य के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल और जिला उपायुक्त अजय कुमार से कहा कि गुरुग्राम में सभी मूलभूत नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए गुरुग्राम को ग्रीन ग्राम भी बनाना है। लोगों को बेहतर व्यवस्थाएं देनी हैं। गुरुग्राम प्रशासन से उन्हें काफी उम्मीदें हैं। जितनी भी जनसमस्याएं हैं, उन्हें दूर करने में लोगों को भी प्रशासन का सहयोग करना चाहिए।

# भारतीय रेलवे : टिकट प्रणाली की पारदर्शिता व निष्पक्षता के प्रति प्रतिबद्धता

**नयी दिल्ली** : भारतीय रेलवे ने यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की है कि वास्तविक यात्रियों को टिकट की निष्पक्ष पहुंच प्रदान की जाए। रेलवे प्रणाली की अखंडता की रक्षा के लिए जनता से किसी भी अनियमितता की रिपोर्ट करने का आग्रह किया गया है।

**हालिया सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक निर्णय**

**रेलवे** सुरक्षा बल के महानिदेशक श्री मनोज यादव ने कहा, 'माननीय सुप्रीम कोर्ट का हालिया निर्णय वास्तविक रेलवे यात्रियों के अधिकारों की रक्षा में एक मील का पत्थर है। टिकटिंग प्रणाली के दुरुपयोग को रोकते हुए, यह निर्णय भारतीय रेलवे की टिकटिंग प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है।' माननीय सुप्रीम कोर्ट ने 9 जनवरी 2025 को यह ऐतिहासिक निर्णय सुनाया, जिसमें टिकटिंग प्रणाली के दुरुपयोग को संबोधित किया गया और वास्तविक यात्रियों के लिए रेलवे टिकटों की निष्पक्ष पहुंच सुनिश्चित की गई।

**अनाधिकृत बुकिंग: सामाजिक अपराध:** यह निर्णय रेलवे टिकटों, विशेष रूप से उच्च मांग वाले सेवाओं जैसे तत्काल और आरक्षित आवास, के अनधिकृत बल्क बुकिंग को एक 'सामाजिक अपराध' के रूप में मान्यता देता है। अदालत ने कहा कि अनधिकृत तरीके से टिकटों की खरीद और आपूर्ति, चाहे वह किसी भी माध्यम से हो, एक आपराधिक कृत्य है।

यह निर्णय रेल अधिनियम 1989 की धारा 143 के तहत अनाधिकृत टिकट खरीद और आपूर्ति को दंडनीय अपराध बनाता है।

**रेलवे अधिनियम का विस्तार**

**सुप्रीम** कोर्ट के निर्णय ने रेलवे अधिनियम के दायरे का विस्तार करते हुए यह स्पष्ट किया है कि ऑनलाइन ई-टिकट की खरीद और आपूर्ति भी अब इसमें शामिल है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि उच्च मांग वाले टिकटों की जमाखोरी और उन्हें अधिक दाम पर बेचने वाले अनधिकृत ऑपरेटरों पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी।

**निष्पक्षता और पारदर्शिता को बढ़ावा:** इस निर्णय का प्रभाव व्यापक है। यह टिकट खरीद में अनियमितताओं पर रोक लगाते हुए, सिस्टम में विश्वास बहाल करता है। यह सुनिश्चित करता है कि अधिकृत एजेंट और व्यक्ति स्थापित नियमों के भीतर काम करें। यह निर्णय एक मजबूत संदेश देता है कि टिकटिंग प्रणाली के दुरुपयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**यात्रियों के लिए सुविधा**

**रेलवे** सुरक्षा बल ने जनता से किसी भी अनियमितता की रिपोर्ट करने का आग्रह किया है। इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 139 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इसके अतिरिक्त, अनियमितताओं की रिपोर्ट RailMadad पोर्टल के माध्यम से भी की जा सकती है।

RPF ने यात्रियों को आश्वासन दिया है कि रेलवे प्रणाली की अखंडता बनाए रखने और सभी के लिए निष्पक्ष और कुशल यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए उनकी सतर्कता और प्रतिबद्धता जारी रहेगी। यह निर्णय न केवल टिकटिंग प्रणाली को दुरुपयोग से बचाने में मदद करेगा बल्कि लाखों यात्रियों के लिए एक अधिक न्यायसंगत यात्रा अनुभव को भी बढ़ावा देगा।

## अमित शाह चार दिवसीय दौरे पर आयेंगे गुजरात

**अहमदाबाद** : केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह उत्तरायण पर्व (मकर संक्रांति) के अवसर पर 13 से 16 जनवरी तक गुजरात के दौरे पर रहेंगे। इस 4 दिवसीय दौरे में शाह कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे और कार्यकताओं के साथ उत्तरायण का त्योहार मनाएंगे। पाटीर्से मिली जानकारी के अनुसार अमित शाह 13 जनवरी की शाम अहमदाबाद आएंगे। 14 जनवरी को वे गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत थलतेज, न्यू राणपि और साबरमती में कार्यकताओं व नेताओं के साथ उत्तरायण का पर्व मनाएंगे। इसके बाद घाटलोडिया के नए पुलिस स्टेशन और आवास योजना के मकानों के लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। 15 जनवरी को कलोल, मणसा में सरकारी कार्यक्रम में शाह मौजूद रहेंगे।

## हिमाचल प्रदेश की वादियां फिर बर्फ से लकदक, शीतलहर तेज



एजेंसी

**शिमला** : हिमाचल प्रदेश की वादियां एक बार फिर ताजा बर्फबारी के बाद सफेद चादर में ढंक गई हैं। लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू, चम्बा और शिमला जिला के ऊंचे क्षेत्रों में बीती रात से बर्फबारी हो रही है। वहीं, मैदानी इलाकों में कहीं-कहीं वर्षा और घना कोहरा छाया है। राज्य में बर्फबारी और बारिश के चलते शीतलहर तेज हो गई है। आधा दर्जन शहरों का पारा माइनस में पहुंच गया है। मौसम विभाग ने राज्य में आगामी दिनों में और बर्फबारी और बारिश की संभावना जताई है।

मौसम विभाग के अनुसार गोंदला में छह, कोठी, खदराला, केलंग और शिलारू में पांच-पांच, जोत में चार और कल्पा में एक सेंटीमीटर ताजा बर्फबारी दर्ज की गई है।

# अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'भूत बंगला' में तब्बू की एंट्री

**मुम्बई** : बॉलीवुड फैंस के लिए खुशखबरी है, क्योंकि मशहूर एक्ट्रेस तबू अक्षय कुमार की मच अवेटेड हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' का हिस्सा बन गई हैं। इस बात की घोषणा खुद अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर जयपुर में परेश रावल के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए की है। साथ ही इस खबर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए तब्बू ने हिंट देते हुए कैप्शन में लिखा है, 'हम यहां बंद हैं।' 'भूत बंगला' में हंसी और डर का मजेदार मिक्स देखने को मिलेगा, जैसे अक्षय कुमार ने अपनी पिछली फिल्मों 'भूल भुलैया' और 'लक्ष्मी' में किया था। तबू, जो अपने दमदार एक्टिंग के लिए मशहूर हैं, जैसे 'अंधाधुन' और 'हैदर', उम्मीद है कि वो इस फिल्म में कुछ नया और खास जोड़ेंगी। तब्बू का इस प्रोजेक्ट में आना फिल्म के लिए उम्मीदों को और बढ़ा रहा है। फैंस ये जानने के लिए उत्साहित हैं कि अक्षय कुमार के साथ उनका स्क्रीन पर तालमेल कैसा होगा। इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि 'भूत बंगला' इस साल की बेहतरीन फिल्मों में से एक होने वाली है, जो शानदार परफॉर्मेंस और एक दिलचस्प स्क्रिप्ट का बेहतरीन मेल है। प्रियदर्शन के निर्देशन में बन रही फिल्म भूत बंगला को शोभा कपूर, एकता आर कपूर और अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस 'केप ऑफ गुड फिल्म्स' के बैनर तले प्रोड्यूस किया गया है। फिल्म के को-प्रोड्यूसर्स फारा शेख और वेदांत बाली हैं, और यह बालाजी टेलीफिल्म्स के बैनर तले प्रोड्यूस की गई है। इसकी कहानी आकाश ए कौशिक ने लिखी है, जबकि स्क्रीनप्ले रोहन शंकर, अबिलाश नायर और प्रियदर्शन ने तैयार किया है। फिल्म के डायलॉग्स रोहन शंकर ने लिखे हैं। भूत बंगला 2 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।



